*    ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 अगस्त, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 284

मानहानि केस में राहुल का सुप्रीम कोर्ट में जवाबः कहा- कानूनी प्रकिया का दुरुपयोग हुआ; मुझे अहंकारी कहना सही नहीं



## न्यूज रील्स

### 370 पर सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच में सुनवाई शुरू

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर बुधवार सुबह 10.30 बजे से सुप्रीम कोर्ट में रेगुलर सुनवाई शुरू हो गयी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच जजों की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। इनमें जस्टिस एस के कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं।

### मंत्री जयवीर सिंह की गाड़ी का कटा चालान

लखनऊ। ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की गाड़ी नो पार्किंग जोन से उठा ली। उनकी गाड़ी पर 1100 रुपये का चालान लगाया। मंत्री जयवीर सिंह की गाड़ी विधानसभा मार्ग के नो पार्किंग जोन में खड़ी थी। इस रास्ते पर ट्रैफिक पुलिस की गाड़ियां लगातार चक्कर काटा करती हैं। जैसे ही ट्रैफिक पुलिस को यह गाड़ी नो पार्किंग जोन में दिखी वह इस गाड़ी को उठा ले गये। उस समय गाड़ी का चालक भी नहीं था।

### कूनो में एक और चीते की मौत

श्योपुर। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता धात्री (टिबलिसी) की मौत हो गयी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव ने कहा कि धात्री सुबह मृत पायी गयी। मौत की वजह पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। 26 मार्च से अब तक 9 चीतों की मौत हो चुकी है।

## रक्षा बंधन पर मुस्लिम महिलाओं से मिलेंगे भाजपा के सांसद !

- प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और झारखंड के एनडीए सांसदों के साथ की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एनडीए के सांसदों को रक्षाबंधन के दौरान मुस्लिम महिलाओं से मिलने का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि रक्षाबंधन के दौरान कार्यक्रम आयोजित करें और मुस्लिम महिलाओं तक पहुंच बढ़ायें। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने ये बातें पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और झारखंड के एनडीए सांसदों के साथ हुई बैठक में कहीं। उन्होंने सासंदों को हर तबके के लोगों से जुड़ने का निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर दिन कुछ राज्यों के एनडीए सांसदों के साथ बैठक कर रहे हैं। इसके लिए भाजपा ने सांसदों को 11 क्लस्टर्स में बांटा है और 10 दिन की योजना तैयार की है। मोदी और सांसदों के बीच बैठकों की तैयारी केंद्रीय मंत्री संजीव बालयान, बीएल वर्मा, धर्मेंद्र प्रधान और शांतनु ठाकुर कर रहे हैं। 3 अगस्त को 5वें और 6ठे क्लस्टर की बैठक में बिहार, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख के 63 सांसद शामिल होंगे। वहीं, 8 अगस्त को राजस्थान, महाराष्ट्र और गोवा के 76 सांसदों के साथ बैठक होगी। 9 अगस्त को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, दादर और नगर हवेली, दमन और दीव के 81 सांसदों से बातचीत होगी। इसबीच पूर्वोत्तर क्षेत्र के 31 सांसदों से मुलाकात की तारीख तय की जयेगी।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने बैठक में ट्रिपल तलाक बैन करने के फैसले पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इस फैसले से मुस्लिम महिलाओं को काफी राहत मिली है। इन बातों का जिक्र सांसद करें। मोदी ने कहा कि विपक्ष ने चोला बदला है, चरित्र वही है। चोला बदलने से चरित्र नहीं बदलता है। यूपीए के दामन पर कई दाग हैं इसलिए उसने नाम बदलना पड़ा है। उन्होंने कहा ति एनडीए स्वार्थ के लिए नहीं त्याग के लिए बना है। बिहार में हमारे ज्यादा विधायक थे, फिर भी नीतीश कुमार को सीएम बनाया। पंजाब में अकाली सरकार में हमारे विधायक अधिक थे। हमने वहां डिप्टी सीएम का पद भी नहीं मांगा। उन्होंने कहा कि सांसद सरकार की योजनाओं को जनता तक ले जायें। सरकार ने कौन से काम किये हैं, वह जनता को बतायें। सांसद अपने क्षेत्र में स्थानीय मुद्दों पर बात करें । 2024 के चुनाव भी हमारी सरकार बनेगी।

# 5 दिन की इडी रिमांड पर भेजे गये विष्णु अग्रवाल

## पूछताछ में सामने आयेंगे कई बड़े राज : इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को कारोबारी विष्णु अग्रवाल की पांच दिन की रिमांड मिली है। इस दौरान इडी अधिकारी अग्रवाल से जमीन घोटाले से संबंधित और तथ्य उगलवाने की कोशिश करेंगे। इडी कोर्ट में भी अधिकारियों ने कहा कि कारोबारी से पूछताछ में कई बड़े राज सामने आने की उम्मीद है। इसी आधार पर इडी कोर्ट ने रिमांड की मंजूरी दी।

### इडी ने मांगी थी सात दिनों की रिमांड

गौरतलब है कि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को इडी ने सोमवार रात को गिरफ्तार किया था। उन्हें मंगलवार को इडी कोर्ट में पेश किया गया और रिमांड की मांग की गयी थी। कोर्ट ने अग्रवाल को जेल भेज दिया और बुधवार को रिमांड पर लेने की सुनवाई हुई। इडी के वकील ने कोर्ट से विष्णु अग्रवाल को 7 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत मांगी थी, जिसका विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने विरोध किया। इडी ने दलील दी कि लैंड स्कैम से जिन



लोगों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है, उनमें विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं। इनसे पूछताछ के बाद कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने विष्णु अग्रवाल को 5 दिनों के लिए इडी रिमांड की मंजूरी दे दी।

### अफसर अली पर फैसला है सुरक्षित

चेशायर होम रोड स्थित एक एक-ड़ जमीन और सेना भूमि घोटाले में इडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कई सात लोगों को अब तक गिरफ्तार किया है। ये सभी जेल में बंद हैं। बीते सोमवार को जेल में बंद आरोपी अफसर अली की जमानत पर इडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है।

### प्रेम प्रकाश से जेल में दो दिन होगी पूछताछ



रांची (आजाद सिपाही)। इडी मनी लांड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश से जेल में दो दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में इडी ने आवेदन देकर यह अनुमति मांगी थी। इडी ने कहा था कि खनन घोटाला से जुड़े केस में जेल में बंद अभियुक्त प्रेम प्रकाश से पूछताछ की अनुमति दी जाये। प्रेम प्रकाश से इडी जमीन घोटाला मामले में भी पूछताछ करेगी। यह पूछताछ 3 और 4 अगस्त को रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में होगी। प्रेम प्रकाश यहीं न्यायिक हिरासत में है। उम्मीद की जा रही है कि इस पूछताछ में कई नये खुलासे हो सकते हैं।

## मणिपुर मामले पर राष्ट्रपति से मिले आइएनडीआइए के सदस्य

- हम सिर्फ मणिपुर मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं, जिससे प्रधानमंत्री बच रहेः खड़गे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्षी दलों ने मणिपुर हिंसा पर चर्चा की मांग करते हुए 60 नोटिस दिये, जिन्हें सभापति जगदीप धनखड़ ने अस्वीकार कर दिया। इससे नाराज विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद आइएनडीआइए के सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर का दौरा करें। वहां शांति बहाली के लिए कदम उठायें। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ मणिपुर मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं, जिससे प्रधानमंत्री बच रहे हैं। हमने अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। खड़गे ने कहा कि हमने राष्ट्रपति से अपील की है कि वे अलग-अलग समुदाय से दो मणिपुरी महिलाओं को राज्यसभा के लिए नामांकित करें, ताकि राज्य में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की दिशा में सही कदम उठाया जा सके।

### स्पीकर ने सदन में आने से किया इनकार

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे। वह लोकसभा में विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे से नाराज थे, इसलिए उन्होंने सदन आने से इनकार कर दिया। उनकी जगह आंध्रप्रदेश के राजमपेट से सांसद पीवी मिधुन रेड्डी ने लोकसभा की कार्यवाही संभाली। जानकारी के मुताबिक, ओम बिड़ला तब तक संसद नहीं आयेंगे, जब तक विपक्ष हंगामा करना बंद नहीं करता।

### ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी बरकरार

**नयी दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) काउंसिल की 51वीं बैठक में बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेसिंग और कसीनो पर 28 फीसदी टैक्स लगाने के फैसले को बरकरार रखा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए जीएसटी अधिनियम में इस संसद सत्र में संशोधन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 28 फीसदी लागू होने के 6 महीने बाद इसकी समीक्षा की जायेगी। गौरतलब है कि पिछली बैठक में काउंसिल ने ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेसिंग और कसीनो पर 18 से 28 फीसदी टैक्स लगाने का फैसला किया था। रेयर डिजीज में इस्तेमाल होने वाले फूड फॉर स्पेशल मेडिकल पर्पज पर अब जीएसटी नहीं लगाने का फैसला लिया गया।




# शिक्षा दीप जलाता हजारीबाग का
# संत कोलंबा कॉलेज

**हिन्दी, अर्थशास्त्र, रसायन विज्ञान, राजनीतिक विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय में कॉलेज में स्नातक और परास्नातक दोनों स्तर पर अध्ययन की सुविधा**

छोटानागपुर पठार में 23°25' से 24°48' उत्तरी अक्षांश तथा 84°29' से 88°38' पूर्वी देशांतर के बीच अवस्थित हजारीबाग की सुरम्य वादियों में डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन के कुछ कर्मयोगी पादरियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से ज्ञान और शिक्षा का दीप जलाने के लिए 1895 में संत कोलंबा कॉलेज (1906-07 में डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन कॉलेज का नाम बदल कर संत कोलंबा कॉलेज रखा गया था) की स्थापना की थी। 1899 में इस संस्था को कलकत्ता विश्वविद्यालय से एफए (फर्स्ट आर्ट्स) तक पढ़ाई की मान्यता मिली।संत कोलंबा कॉलेज शैक्षणिक धरोहर के रूप में शामिल होकर झारखंड को गौरवान्वित कर रहा है। तत्कालीन अंग्रेज शिक्षा निदेशक पेडलर ने इस संस्थान को 'दूसरे कॉलेजों की अविलयनशील अपशिष्ट' (The insoluble residue of other colleges) कहा था।इससे संचालक मंडल और शिक्षक हतोत्साहित नहीं हुए। उन्होंने कड़ी मेहनत की तथा पटना कॉलेज और प्रेसिडेंसी कॉलेज जैसे प्रथम श्रेणी के कॉलेज से बेहतर परीक्षा परिणाम दिया। प्रथम परीक्षा में ही यहां के 90 प्रतिशत छात्रों ने एफए उत्तीर्ण की। इस परिणाम ने कॉलेज की ख्याति बढ़ा दी। 1903 में अविभाजित बंगाल के गवर्नर सर ए फ्रेजर यहां आने को प्रेरित हुए और प्रशंसा के बाद 15 हजार रुपये का अनुदान दिया। अगले वर्ष आये भारत के मेट्रोपॉलिटन ने कहा, इस संस्थान के शैक्षणिक स्तर और शिक्षा कुशलता ने उनके मन में श्रेष्ठतम धारणाएं बनायी हैं। परिणाम यह हुआ कि उसी वर्ष यह संस्थान कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रथम श्रेणी के कॉलेज में शुमार हो गया और बीए की पढ़ाई यहां शुरू हो गयी। अगले सत्र में यहां के दर्शनशास्त्र के एक छात्र ने पूरे बंगाल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उसी सत्र में एफए में रसायन विज्ञान का एक छात्र पूरे बंगाल में अव्वल रहा। इस संस्थान को बंगाल का प्रथम आवासीय कॉलेज होने का गौरव प्राप्त है। तत्कालीन शिक्षा निदेशक एचआर जेम्स ने कहा, संत कोलंबा कॉलेज का छात्रावास बेहतर साधनों से सुसज्जित है। बिशप कॉलेज, कलकत्ता को छोड़कर कहीं और इस प्रकार की सुविधा छात्रों को प्राप्त नहीं है। 1910 के बाद कॉलेज नित्य नया कीर्तिमान स्थापित करने लगा। 1910 में अंग्रेजी और अगले वर्ष दर्शनशास्त्र और इतिहास में बीए ऑनर्स की पढ़ाई शुरू हुई। अब इसकी प्रतिष्ठा भारत की सीमा लांघ कर यूरोप पहुंचने लगी। यहां के प्रथम प्राचार्य रेव. जेए मर्रे, रेव एसएल थांपसन, जेएन समद्दार, एससी भट्टाचार्य आदि शिक्षक ब्रिटिश रॉयल अकादमी के फेलो और सदस्य बनाये जाने लगे। दो जनवरी 1912 को ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम ने कॉलेज को स्वहस्ताक्षरित शुभकामना संदेश भेजा और उनके अनुरोध पर छात्रावास के एक भाग को किंग एंपरर ब्लॉक नाम मिला। उसी वर्ष फरवरी में सर विलियम ड्यूक ने बिशप ह्वीटले हॉल का उद्घाटन किया, जो अब भी संस्थान की नाक बना हुआ है। वर्ष 1912 में बंगाल से अलग कर बिहार और उड़ीसा प्रांत के गठन के बाद कलकत्ता से अलग नये विश्वविद्यालय की मांग की जाने लगी। 1914 में पटना यूनिवर्सिटी कमेटी का गठन किया गया और सच्चिदानंद सिन्हा, डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं अली इमाम के साथ कॉलेज के दो प्राचार्यों, रेव एसएल सिंपसन और रेव एचजीएस कैनेडी को इसमें रखा गया। 1917 में पटना विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद संत कोलंबा कॉलेज कलकत्ता विवि की शालीन और गौरवशाली परंपरा से हटकर पटना विवि का मेरुदंड बन गया। इस क्रम में बिहार-उड़ीसा के गवर्नर चार्ल्स एस वेली ने छात्रावास के किंग्स ब्लॉक का उद्घाटन किया और विज्ञान प्रयोगशालाओं के लिए 50 हजार रुपये के अनुदान की घोषणा की। सरकार की अप्रसन्नता और मना करने के बाद भी संत कोलंबा कॉलेज के शिक्षकों और पदाधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को 1925 में आमंत्रित किया। ह्वीटले हॉल गांधीजी ने ऐतिहासिक भाषण दिया। अपने संबोधन में गांधीजी ने जिस नैतिकता, शुचिता, पूर्ण गणतांत्रिक स्वतंत्रता, निरपेक्षता, पूर्वाग्रह मुक्ति और बौद्धिक परंपरा की बात कही थी, वह लंबी अवधि के उपरांत भी कॉलेज के वातावरण की आत्मा बनी हुई है। भूमंडलीकरण के इस दौर में शिक्षा का जहां बाजारीकरण हो रहा है, शैक्षणिक एवं मानवीय मूल्य गौण होते जा रहे हैं, वहीं यह संस्थान अपनी संज्ञा के अनुरूप समाज को ईमानदारी, निष्ठा, परोपकार और सेवापरायण पाठ पढ़ा रहा है। इस संस्थान का आदर्श वाक्य ही है, 'DOMINE QUIS HABITABIT', अर्थात प्रभु तुम्हारे इस मंदिर में कौन बसेगा। संत कोलंबा कॉलेज की स्थापना जब हुई थी, तब पटना और कटक के बीच उच्च शिक्षा का यही एक मात्रसंस्थान था । पद्मा राजा से तीन सौ रुपये का अनुदान लेकर मिशनरियों ने सेवा भावना से इस संस्थान को स्थापित किया था, किंतु प्रोत्साहन की बजाय उन्हें सरकार से स्नातक स्तर तक द्वितीय श्रेणी के कॉलेज की संबद्धता मिली। तब से शिक्षा की प्रगति पथ पर अनवरत चलते हुए इस संस्थान ने पहले हजारीबाग को अंतरराष्ट्रीय फलक प्रदान किया और आज देश के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में इसकी गिनती होती है। वर्ष 1930 में एएफ मार्खम प्राचार्य बने। वह 1955 तक इस पद को सुशोभित करते रहे। इसके बाद वह रांची विश्वविद्यालय के उप कुलपति और फिर कुलपति बने। 1952 में बिहार विश्वविद्यालय के गठन के बाद संत कोलंबा कॉलेज इसका अंग बन गया। 1959 में कॉलेज के हीरक जयंती पर महान विद्वान डॉ संपूणार्नंद और डॉ जाकिर हुसैन ने कहा कि शिक्षक-छात्र का आपसी सामंजस्य और व्यवहार ने ही विपरीत परिस्थितियों में कॉलेज को सिरमौर बनाया। 1962 में रांची विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद यह संस्थान इसके अंतर्गत आ गया। एक अप्रैल 1964 को यह इस विवि की एक अंगीभूत इकाई बन गया। उसी वर्ष यह अकादमिक रूप से अपने जन्मदाता डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन के संरक्षण से अलग होकर रांची विवि के संरक्षण-संचालन में आ गया।

नये दौर में रेव डॉ एके धान, रेव डॉ एससी बनवार, रेव जेएस शॉ, रेव डॉ अजराया हंस जैसे प्राचार्यों ने कॉलेज को नयी ऊंचाई देने के लिए अथक श्रम किया। डॉ बनवार का कार्यकाल अनुशासन का स्वर्णिम समय था, जिससे प्रभावित होकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 1975 में कॉलेज को बिहार के सर्वश्रेष्ठ पांच कालेजों में शुमार किया। 1992 में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद यह संस्थान इसकी अंगीभूत इकाई बन गया। इसके बाद विमल रेमेन कॉलेज के प्राचार्य बने और अभी प्रभारी प्राचार्य के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इनके नेतृत्व में कॉलेज अध्ययन-अध्यापन और कला-सांस्कृतिक गतिविधियों में कीर्तिमान बनाने की दिशा में अग्रसर है।



**डॉ. विमल रेमेन**
**प्राचार्य**






### सजीवता प्रदान करती संस्थाएं

**संत कोलंबा कॉलेज की गौरवशाली परंपरा की वाहक उसकी समितियां और संस्थाएं भी रही हैं। 1948 में यहां 44 कैडेट्स और एक प्रशिक्षित प्लाटून ऑफिसर से एनसीसी की शुरुआत हुई। एनसीसी राष्ट्र सेवा, चरित्र निर्माण, एकता और भ्रातृत्व भाव पैदा कर उत्तरोतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। यहां के सैकड़ों जवान सेना में नौकरी कर रहे हैं। जवान सौरभ बारला देश की अप्रतिम सेवा करते हुए शहीद हुए। सैकड़ों कैडेट्स गणतंत्र दिवस परेड और थल सेना कैंप में शामिल होकर कॉलेज का नाम रोशन कर चुके हैं और कर रहे हैं। 1971 से यहां राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत हुई। एनएसएस ने देश और समाज की सेवा में मील का पत्थर स्थापित किया है। इसके अलावा विभिन्न विषयों की अपनी परिषदें हैं, जो अध्ययन और शोध को बढ़ावा देती रहती हैं। इनमें इतिहास (1961), दर्शनशास्त्र, अर्थशास्त्र (1945), जीव विज्ञान (1953), अंग्रेजी साहित्य (1940) हिंदी साहित्य (1951) बंगला साहित्य (1940), बज्म-ए-अदब (1941), गणित (1958) आदि की परिषदें हैं। इनके अलावा संयुक्त राष्ट्र छात्र संगठन, एथलेटिक क्लब, समाज सेवा संघ, संगीत-नाट्य परिषद्, केंद्रीय पर्यटन समिति आदि भी कार्यरत हैं।**

### एन.सी.सी. यूनिट की गौरवशाली परंपरा

**संत कोलंबा कॉलेज की गौरवशाली परंपरा का वाहक कॉलेज की एनसीसी यूनिट 2/22 कंपनी रही है। देश की आजादी के अगले वर्ष, यानी 1948 में यहां 44 कैडेट्स और एक प्रशिक्षित प्लाटून ऑफिसर से एनसीसी की शुरुआत हुई थी। तब से एनसीसी राष्ट्र सेवा, चरित्र निर्माण, एकता और भ्रातृत्व भाव पैदा कर उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। यहां के सैकड़ों जवान सेना में नौकरी कर रहे हैं। जवान सौरभ बारला देश की अप्रतिम सेवा करते हुए शहीद हुए। सैकड़ों कैडेट्स गणतंत्र दिवस पैरेड और थल सेना कैंप में शामिल होकर कॉलेज का नाम रोशन कर चुके हैं और कर रहे हैं। इस समय कॉलेज के एनसीसी ऑफिसर ले (डॉ) एसके पांडेय हैं।**

### कॉलेज में संचालित वोकेशनल कोर्सेस

बीसीए → बीएड → बायोटेक

### भविष्य का वोकेशनल कोर्सेस

- इनटीग्रेटेड बीएड
- इनटीग्रेटेड एमसीए
- डिजास्टर मैनेजमेंट
- फूड प्रोसेसिंग
- डीपीएड
- बीबीए

### अलग झारखंड का प्रणेता

**अलग झारखंड राज्य की पहली मांग 1910 में संत कोलंबा कॉलेज के छात्रों ने बर्थोलोमन के नेतृत्व में की। बर्थोलोमन इस कॉलेज के कला संकाय के प्रथम वर्ष का छात्र था। चाइबासा के इस अनाथ युवक ने यहां के छात्रों को संगठित कर उन्हें ढाका स्टूडेंट्स यूनियन से जोड़ा। उसने छात्रों के समक्ष बंगाल से स्वतंत्र आदिवासी अबुआ राज्य की संकल्पना प्रस्तुत की और इसके लिए संघर्ष की बात कही। उसने गरीब छात्रों की मदद के लिए चंदा भी एकत्र किया। बाद में बर्थोलोमन चाइबासा चला गया और शिक्षक की नौकरी करने लगा। वहां भी उसने आदिवासियों में स्वतंत्र राज्य की चेतना का संचार किया।**

**डॉ. मिथिलेश कुमार**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# ऐसे तो असमय ही काल के गाल में समा जायेगा आइएनडीआइए

## ■ मोदी-पवार मुलाकात के बाद विपक्षी किले की मजबूती पर उठ रहे सवाल

## ■ हर बात पर भाजपा और मोदी विरोध का कुछ ऐसा ही हो सकता है परिणाम

## ■ दिल्ली अध्यादेश का विरोध करते समय यह भी सोचा जाना चाहिए कि यह देश की राजधानी है और यहां सब कुछ राज्य सरकार के हवाले नहीं किया जा सकता है

**2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के मकसद से विपक्षी दलों ने आइएनडीआइए तो बनाया है, लेकिन इसमें दरारें अभी से ही सामने आने लगी हैं। विपक्षी गठबंधन को लेकर भाजपा हमलावर भी है। इस तल्खी के बीच विपक्षी गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं में से एक शरद पवार ने एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा किया। विपक्ष की ओर से कार्यक्रम में नहीं जाने की अपील को ठुकराते हुए शरद पवार ने यह कदम उठाया। विपक्षी गठबंधन की पार्टियों, खासकर कांग्रेस के नेताओं में इस बात को लेकर बेचैनी है कि मुंबई में होनेवाली विपक्ष की आगामी बैठक से पहले शरद पवार का मोदी के साथ उन्मुक्त भाव से मिलना और पीठ पर हाथ रखना गलत संदेश दे गया। विपक्ष को यह भी अंदेशा है कि भाजपा जानबूझ कर ऐसा कर रही है, ताकि विपक्ष बंटा हुआ दिखे। दूसरी तरफ सियासी हलकों में भी मोदी-पवार का इस तरह मंच साझा करने को बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। दरअसल, पवार का यह कदम विपक्षी गठबंधन में दरार का सूचक है। कहा जा रहा है कि विपक्ष के गठबंधन का यदि केवल विरोध के लिए भाजपा या मोदी का विरोध करने का रवैया बरकरार रहा, तो उसके कई अन्य घटक दल उससे अलग छिटक जायेंगे। दिल्ली अध्यादेश और मणिपुर के मुद्दे पर भी गठबंधन के रवैये से साफ जाहिर होता है कि उसके सभी घटक सहमत नहीं हैं। खुद कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने यह कह कर विपक्ष की बेचैनी बढ़ा दी है कि दिल्ली अध्यादेश का विरोध करने से पहले यह सोचना चाहिए कि दिल्ली देश की राजधानी भी है। यहा सब कुछ राज्य सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि यदि विपक्षी गठबंधन अपने रवैये में बदलाव नहीं करता है, तो वह पूरी तरह बनने से पहले ही बिखर जायेगा। पवार-मोदी मुलाकात की पृष्ठभूमि में विपक्षी गठबंधन के भविष्य का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 1 अगस्त को महाराष्ट्र के पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।?कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरद पवार थे, जिन्होंने पीएम मोदी को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पवार ने मोदी की पीठ थपथपायी और दोनों नेता ठहाके लगाते नजर आये। इस कार्यक्रम और पूरे घटनाक्रम ने विपक्षी गठबंधन के खेमे में हलचल पैदा कर दी है। इसके साथ ही सियासी हलकों में पवार और मोदी के बीच की इस नयी 'ट्यूनिंग' ने कई चर्चाओं और संभावनाओं को जन्म दिया है। विपक्षी गठबंधन में इस घटनाक्रम को लेकर चिंता पैदा होना स्वाभाविक है, क्योंकि गठबंधन की तीसरी बैठक भी महाराष्ट्र में होनेवाली है। ऐसे में इस मुलाकात से तमाम कयास लगाये जा रहे हैं।

### क्या है लोकमान्य तिलक पुरस्कार

प्रधानमंत्री को जिस लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, उसकी शुरुआत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की विरासत का सम्मान करने के लिए 1983 में तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गयी थी। यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए काम किया है और जिनके योगदान को केवल उल्लेखनीय और असाधारण के रूप में देखा जा सकता है। यह पुरस्कार हर साल 1 अगस्त को लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि पर दिया जाता है।

पिछली बार पीएम मोदी और शरद पवार कब मिले थे

पिछली बार दोनों नेता अप्रैल 2022 में मिले थे। तब शरद पवार ने संसद स्थित पीएम कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 20 मिनट तक मुलाकात की थी। यह मुलाकात इडी द्वारा मनी लांड्रिंग जांच में शिवसेना (उद्धव) नेता संजय राउत की पत्नी और उनके एक सहयोगी की संपत्ति जब्त करने के बाद हुई थी। बैठक के बाद शरद पवार ने मीडिया से कहा था कि उन्होंने राज्यसभा सदस्य संजय राउत से जुड़े मामले पर प्रधानमंत्री से बात की। उनसे कहा कि जिस तरह से राउत की संपत्ति कुर्क की गयी है, वह अन्याय है। उन्होंने पीएम को बताया कि संजय राउत सिर्फ राज्यसभा सदस्य नहीं हैं, बल्कि एक पत्रकार भी हैं।

### सियासी चर्चाओं ने पकड़ा जोर

शरद पवार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में एक साथ रहे, तो सियासत में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गयीं। कुछ नेताओं ने दोनों नेताओं के एक साथ आने पर सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जतायी है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं का मानना है कि शरद पवार को पीएम मोदी के साथ मंच साझा नहीं करना चाहिए था। इस घटनाक्रम ने कांग्रेस पार्टी के भीतर भी चिंताएं बढ़ा दी हैं। पार्टी शरद पवार के बारे में पूरी तरह से चिंतित है। वह समझ नहीं पा रही है कि उसके मन में क्या चल रहा है। अचानक उन्होंने लड़ना बंद कर दिया है या उन पर कोई दबाव है, इस बारे में किसी को नहीं पता है। हालांकि कांग्रेस की ओर से कहा जा रहा है कि इससे विपक्षी एकता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। गठबंधन की तीसरी बैठक की मेजबानी शिवसेना (उद्धव गुट) कर रही है। वह महाराष्ट्र के एमवीए की घटक है, जिसमें शरद पवार के नेतृत्ववाली एनसीपी और कांग्रेस भी शामिल है।



### क्यों है विपक्षी गठबंधन में दरार का संकेत

पवार-मोदी की नयी 'ट्यूनिंग' एक तरह से विपक्षी गठबंधन में दरार का संकेत भी दे रही है। बेंगलुरु बैठक के बाद एकजुट नजर आ रहे विपक्षी गठबंधन में हाल के दिनों में दो मुद्दों, मणिपुर और दिल्ली अध्यादेश को लेकर बेचैनी दिख रही है। गठबंधन के कुछ घटक दलों का मानना है कि केवल विरोध के लिए ही हर मुद्दे का विरोध उचित नहीं है। मणिपुर हिंसा मामले में जो विरोध हो रहा है, वह होना भी चाहिए, क्योंकि वहां इंसानियत का खून हुआ है। मानवता शर्मशार हुई है। लेकिन मणिपुर के मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन ने जिस तरह का एकतरफा रुख संसद के भीतर और बाहर अपनाया हुआ है, उससे उसके बहुत से घटक दल असहज महसूस कर रहे हैं। खासकर ममता बनर्जी की टीएमसी, माकपा और नीतीश कुमार का जदयू को लगता है कि मणिपुर के बहाने उनके राज्य की स्थिति पर भाजपा उन्हें घेरने से पीछे नहीं हटेगी। इसलिए मोदी के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर भी सभी दलों का रुख एक जैसा नहीं है। गठबंधन में शामिल कुछ दल कह रहे हैं कि यह हड़बड़ी में लिया गया फैसला है और विपक्ष का उद्देश्य तो संसद की कार्यवाही को रोक कर ही पूरा हो जा रहा था। फिर अविश्वास प्रस्ताव जैसे ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है। इन दलों का मानना है कि मणिपुर पर महज पीएम मोदी के बयान के लिए अविश्वास प्रस्ताव जैसा बड़ा कदम नहीं उठाया जाना चाहिए था। इन घटक दलों का मानना है कि मणिपुर के बारे में यदि कुकियों के बारे में बात हो रही है, तो मैतेई के बारे में भी बात की जानी चाहिए, यानी हिंसा के मुद्दे को समग्र तौर पर उठाया जाना चाहिए, न कि सेलेक्टिव होकर। इससे जनता में गलत संदेश तो जायेगा ही, साथ ही भाजपा के जवाबी हमलों में बंगाल, बिहार और केरल की स्थिति भी देश के सामने आ जायेगी।

### केंद्र सरकार का अध्यादेश क्या कहता है?

सरल शब्दों में कहें तो इस अध्यादेश के तहत अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़ा आखिरी फैसला लेने का हक उपराज्यपाल को वापस दे दिया गया है। सरकार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) अध्यादेश, 2023 लेकर आयी है। इसके तहत दिल्ली में सेवा दे रहे दानिक्स कैडर के ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित किया जायेगा। दानिक्स यानी दिल्ली, अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दमन एंड दीव, दादरा एंड नागर हवेली सिविल सर्विसेस।

प्राधिकरण में तीन सदस्य होंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री, दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली के गृह प्रधान सचिव। मुख्यमंत्री को इस प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया है। प्राधिकरण को सभी ग्रुप ए और दानिक्स के अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति से जुड़े फैसले लेने का हक तो होगा लेकिन आखिरी मुहर उपराज्यपाल की होगी। यानी अगर उपराज्यपाल को प्राधिकरण का लिया फैसला ठीक नहीं लगा तो वो उसे बदलाव के लिए वापस लौटा सकते हैं। फिर भी अगर मतभेद जारी रहता है तो अंतिम फैसला उपराज्यपाल का ही होगा। केंद्र सरकार ने कहा है कि दिल्ली देश की राजधानी है। पूरे देश का इस पर हक है और पिछले कुछ समय से अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की प्रशासनिक गरिमा को नुकसान पहुंचाया है। कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थान और अथॉरिटी जैसे राष्ट्रपति भवन, संसद, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में हैं। कई संवैधानिक पदाधिकारी जैसे-सभी देशों के राजनयिक दिल्ली में रहते हैं और अगर कोई भी प्रशासनिक भूल होती है तो इससे पूरी दुनिया में देश की छवि धूमिल होगी। केंद्र सरकार का कहना है कि राजधानी में लिया गया कोई भी फैसला या आयोजन न केवल यहां के स्थानीय लोगों, बल्कि देश के बाकी नागरिकों को भी प्रभावित करता है।

मोदी-पवार के बीच के घटनाक्रम के बाद एक और मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन की एकता बिखरती हुई नजर आ रही है, वह है दिल्ली अध्यादेश। संसद में यह अध्यादेश पेश हो गया है और अब इसके पास होने के रास्ते में कोई रुकावट नहीं है। विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के साथ संदीप दीक्षित जैसे दिग्गज कांग्रेसियों और कपिल सिब्बल जैसे संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि अध्यादेश का विरोध कर विपक्षी दल अपना ही नुकसान कर रहे हैं। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है और यहां के लिए अलग व्यवस्था लाजिमी है। दिल्ली में सब कुछ राज्य सरकार के हवाले नहीं किया जा सकता, अन्यथा संविधान का संघीय ढांचा कमजोर हो जायेगा। सियासी नजरिये से भी देखा जाये, तो विपक्षी गठबंधन का यह रवैया अपरिपक्व ही लगता है और यदि यह जारी रहा, तो फिर इस गठबंधन का असमय बिखरना अवश्यंभावी है। मोदी-पवार घटनाक्रम का कुल लब्बो-लुआब यही हो सकता है।

---


## भाजपा शासित राज्यों में आदिवासियों पर बढ़ा अत्याचार, विरोध में धरना देंगे : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान बंधु ने केंद्र पर निशाना साधा। कहा कि देश में भाजपा के शासनकाल में आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा है। विगत 70-80 दिनों से मणिपुर की घटना ने पूरे देश के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है और ऐसी ही घटना देश के अन्य प्रदेशों में भी हो रही है। मध्यप्रदेश में एक आदिवासी युवक के सिर पर पेशाब कर दिया गया।

भाजपा शासित राज्यों में इस तरह की घटनाएं बढ़ी हैं। मणिपुर में हजारों लोगों को उजाड़ा गया है। घर जलाए गए और निर्मम हत्या की गई।

**दिल्ली के जंतर-मंतर पर गुरुवार को महाधरना**



मणिपुर की घटना को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर में एक दिवसीय महाधरना का आयोजन किया गया है, जिसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस आदिवासी इकाई के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी दिल्ली कूच करेंगे। मुख्य मांगें हैं कि मणिपुर में सरकार को बर्खास्त करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाया जाये। वहीं जिस भी प्रदेश में आदिवासी समाज के लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है, उसको केंद्र सरकार रोके।

---

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच की आंच अब झारखंड तक

# बाबूलाल बोले, झारखंड में भी हुआ अरबों का खेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले की जांच की आंच अब झारखंड में भी पहुंच रही है। छत्तीसगढ़ में नकली प्रिज्म होलोग्राम को लेकर नोएडा के कासना थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई। एफआइआर में झारखंड का नाम थाने में दर्ज प्राथमिकी में झारखंड में भी उसी कंपनी द्वारा होलोग्राम छापे जाने की आशंका जतायी गयी है। उत्तरप्रदेश द्वारा यह एफआइआर छत्तीसगढ़ के इडी द्वारा दिये गये पीएमएलए कोर्ट के आदेश के बाद किया गया है। एफआइआर में दर्ज झारखंड के जिक्र के बाद अब इस मामले की जांच की आंच झारखंड तक पहुंची है और इससे राज्य के उत्पाद विभाग के अफसरों की परेशानी बढ़ सकती है।

### क्या झारखंड में भी हुआ करोड़ों का खेल



छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में कई अधिकारी रडार पर हैं। छत्तीसगढ़ के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी, उत्पाद आयुक्त निरंजन दास, आइएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, प्रिज्म होलोग्राम के विधु गुप्ता और अनवर ढेबर को अभियुक्त बनाया गया है। प्राथमिकी में कहा गया कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में प्रिज्म होलोग्राम की अहम भूमिका थी। अब यही सिरा झारखंड में भी मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में नकली होलोग्राम छाप कर शराब का समानांतर व्यापार चलाने से राज्य सरकार को 1200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### बाबूलाल ने साधा सरकार पर निशाना

झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पहले भी ट्वीट कर निशाना साधा और संभावना जतायी कि झारखंड में भी शराब घोटाला हुआ है। इसकी जांच की जानी चाहिए। अपने ताजा ट्वीट में बाबूलाल ने लिखा, छत्तीसगढ़ के तीन अफसरों और रायपुर मेयर के भाई के विरुद्ध ग्रेटर नोएडा में मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि यहीं से फर्जी होलोग्राम बना कर छत्तीसगढ़ और झारखंड में अवैध शराब का कारोबार चल रहा था। इस एफआइआर के मुताबिक झारखंड में भी फर्जी होलोग्राम से शराब घोटाला हुआ है। इसका मुख्य साजिशकर्ता भी झारखंड शराब नीति का सलाहकार रहा है ( जिसका नाम छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चार्जशीट में है)। यानी एक बात तो साफ हो गयी है कि फर्जी होलोग्राम बना कर हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था का सत्यानाश किया गया। छत्तीसगढ़ मॉडल अपना कर झारखंड में भी राजस्व का अरबों रुपया कुछ अधिकारियों-सत्ताधारियों, दलालों - बिचौलियों की जेब में गया। उम्मीद है कि इडी जल्द ही झारखंड शराब घोटाले के गुनाहगारों को भी गिरफ्तार करेगी।

---

## रिटायर्ड फौजी के बेटे ने लाइसेंसी राइफल से खुद को मारी गोली, मौत

आजााद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज स्थित नगर थाना क्षेत्र के गुल्लीभट्ठा भगवान मास्टर गली निवासी कृष्णा ओझा के बेटे नीतीश ओझा उर्फ ओमजी ओझा (18) ने मंगलवार देर रात लाइसेंसी राइफल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। कृष्णा ओझा सेना से रिटायर हुए थे। फिलहाल, साहिबगंज मंडल कारा में नौकरी करते हैं। उनके पास लाइसेंसी राइफल भी है। पत्नी, छोटा बेटा और अन्य रिश्तेदारों के साथ राजगीर मलमास मेला घूमने के लिए गये हुए हैं। घर में नीतीश के बुजुर्ग नाना थे। वह घर के बरामदे में लेटे हुए थे। इस दौरान नीतीश ने कमरा बंद कर स्वयं को गोली मार ली। इसकी भनक भी किसी को नहीं मिली। नाना ने कई बार आवाज दी, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। उन्होंने अपने कुछ रिश्तेदारों को मामले की जानकारी दी। वे लोग जब घर आये और कमरे में किसी तरह झांका तो नीतीश को खून से लथपथ गिरा देखा। इसके बाद नगर थाने में जाकर सूचना दी।

## सीआइडी का क्रिप्टोकरेंसी पर प्रशिक्षण पांच को

**रांची।** सीआइडी क्रिप्टोकरेंसी पर 5 अगस्त को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन करेगा। यह प्रशिक्षण झारखंड पुलिस के सभी रैंकों के पुलिसकर्मियों के लिए होगा। हालांकि लाइव सत्र में भाग लेने के लिए पुलिसकर्मियों के पास अपना निजी लैपटॉप होना चाहिए। सीआइडी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आइटी और कंप्यूटर का ज्ञान और साइबर अपराध जांच का कुछ अनुभव रखने वाले युवा अधिकारियों (एएसपी, डीएसपी, एसआइ और कांस्टेबल) को बहुत फायदा होगा।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 °c | 23.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.31 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.20 बजे |






## सदन के बाहर विधायक किशुन दास ने दिया धरना




रांची। झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन भी सदन की कार्यवाही हंगामे के साथ हुई। चतरा जिले के सिमरिया से बीजेपी विधायक किशुन दास इटखोरी प्रखंड के सीओ राम विनय शर्मा को बर्खास्त करने की मांग को लेकर विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे। उनका कहना था कि राम विनय शर्मा ने सैकड़ों एकड़ जमीन की अवैध तरीके से जमाबंदी की है। पिछले बजट सत्र में इन्होंने इस मामले को उठाया था, इस पर चतरा उपायुक्त द्वारा जांच भी हुई और रिपोर्ट भी सौंपी गयी, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किशुन दास ने सरकार से इस पर अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है।

### मानसून सत्र : सदन में स्थानीय नीति और नियोजन नीति की मांग को लेकर भाजपा विधायकों का हंगामा

# आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय सहित चार विधेयक पास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भोजन अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद कई विधेयक सदन में पेश किये गये। इसके बाद सभी बिल को सदन ने पास कर दिया। इसमें आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक, सीवी रमन ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक, झारखंड कारखाना संशोधन विधेयक और झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक शामिल हैं। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही गुरुवार की सुबह 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले भोजन अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इसके बाद प्रभारी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 को सदन में रखा, जिसे सदन से पास कर दिया गया। इससे पहले आजसू विधायक लंबोदर महतो ने इस विधेयक को यूजीसी गाइडलाइन के खिलाफ बताया और इसे प्रवर समिति में भेजने की मांग की। प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सारी प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद इस विधेयक को लाया गया है। इधर सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बीजेपी विधायक वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे। बीजेपी विधायक सदन से वाकआउट कर गये

### सीवी रमन ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 सदन से पास

प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सीवी रमन ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 सदन में पेश किया। आजसू विधायक लंबोदर महतो ने इसे प्रवर समिति में भेजने की मांग की। उन्होंने कहा किपूरे देश में यह एक ऐसा राज्य है, जहां 1 अरब से अधिक लागत से बनी परिसंपत्ति को निजी संस्थानों के हाथों में सौंपा जा रहा है। विरोध के बाद सदन से सीवी रमन ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 पास हो गया।



सदन की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन। फोटो : प्रदीप ठाकुर

### झारखंड कारखाना संशोधन विधेयक 2023 सदन में रखा गया

कारखाना झारखंड संशोधन विधेयक 2023 को प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सदन में रखा। लंबोदर महतो ने इस बिल को महिला की सुरक्षा के विरोध में बताया और इसे प्रवर समिति को भेजने की मांग की। कहा कि यह विधेयक फैक्ट्री एक्ट 1948 का उल्लंघन करता है। यह विधेयक विभिन्न कारखाना में महिलाओं को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक काम करने की अनुमति देता है। इसलिए यह अधिनियम महिला विरोधी है।

### झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक भी पास

प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम ने झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2023 सदन में रखा। लंबोदर महतो ने इस बिल को प्रवर समिति में भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को अब स्टांप के लिए 15 रुपये के बदले 30 रुपये देना होगा। लेकिन गरीब जनता पर इसका बोझ डालना गलत है। सरकार चाहे तो वकीलों को अनुदान के तौर पर इसे दे सकती है। इसके बाद इस बिल को सदन से पास कर दिया गया।

### विधानसभा में अंबा प्रसाद ने उठाया अडाणी गोंदलपुरा खनन का मामला, पूछा-

## आमसभा के बगैर कैसे शुरू हुआ जमीन अधिग्रहण



रांची (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिले में अडाणी इंटरप्राइजेज लि. को गोंदलपुरा कोयला खान आवंटन के मुद्दे पर विधानसभा में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने विस्थापन का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि जब वहां ग्रामसभा हुई ही नहीं तो भू अर्जन की कार्रवाई कैसे शुरू हो गयी।

**सरकार का जवाबः ग्रामसभा के बाद भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू हुई**

विधायक अंबा प्रसाद ने अडाणी गोंदलपुरा खनन मामले में पूछे गये सवाल के जवाब का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे जवाब दिया गया है गोंदलपुरा में आम सभा के बाद भू अर्जन की कार्रवाई प्रारंभ की गयी है। वहां कोई आमसभा हुई ही नहीं है। ऐसे में कैसे भू अर्जन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी। जवाब में यह भी कहा गया है कि भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार, सुधार तथा पुनर्वास अधिनियम, 2013 का पालन किया जा रहा है। क्या सच में इसका पालन किया जा रहा है। मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता कि पालन किया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय मैं लाखों लोगों की तरफ से बोल रही है। यह सिर्फ मेरे विधानसभा क्षेत्र का मामला नहीं है। अधिकृत मंत्री ने विधानसभा में बताया कि गोंदलपुरा में विरोध हो रहा है, इसलिए नहीं शुरू हुआ है कोई काम।

## छात्रों को जेल भेजने के लिए लाया गया है झारखंड प्रतियोगी परीक्षा कानूनः बाबूलाल

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा विधानसभा के मॉनसून सत्र में लाये गये झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) विधेयक 2023 को राज्य के लिए काला कानून बताया। उन्होंने कहा कि चोरी पकड़े जाने पर चोर ही शोर मचाने लगता है और शरीफ आदमी को ही पकड़वा देता है। ठीक यही हालत हेमंत सरकार की है। राज्य की जनता मजदूर, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, युवा, महिला सभी आज सड़क पर उतर कर मुख्यमंत्री से सवाल पूछ रहे। इनके वादों, लंबी चौड़ी घोषणाओं को याद करा रहे। नियोजन नीति, स्थानीय नीति पर जनता सवाल पूछ रही। खान, खनिज की लूट और आकंठ भ्रष्टाचार पर कटघरे में खड़ा कर रही। ऐसे में ये सरकार तिलमिलाई हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीयत साफ नहीं है। इसलिए यह सरकार लगातार प्रतियोगिता परीक्षाओं में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड सिविल सेवा की परीक्षा में एक ही परीक्षा केंद्र से लगातार रोल नंबर का उत्तीर्ण होने का मामला उजागर हो चुका है। इसी तरह जूनियर इंजीनियर की बहाली में पेपर आउट करने का आरोप संस्था पर लगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के प्रावधान देश द्रोह, पोक्सो, एसटी, एससी अत्याचार निवारण जैसे कानून से भी ज्यादा ताकतवर हैं। जिसमें सवाल खड़ा करने वाले अभ्यर्थियों पर 10 साल का प्रतिबंध, बिना प्रारंभिक जांच के एफआइआर दर्ज करने, बिना जांच गिरफ्तार करने, किसी भवन में घुसकर तलाशी लेने का सख्त प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह छात्रों को जेल भेजने के लिए लाया गया काला कानून है। जो जनता की आवाज को दबाने के लिए और भ्रष्ट अधिकारियों के द्वारा नौकरियों को बेचने के लिए लाया गया है। ताकि कोई विरोध नहीं करे। उन्होंने कहा कि भाजपा इस विधेयक का सड़क से सदन तक पुरजोर विरोध करेगी।



### भाजपा विधायकों ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन




रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को भी भाजपा विधायकों ने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने राज्य में आदिवासियों की हत्या और बलात्कार के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस्तीफा देने की मांग की। थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियों को झारखंड के मूल निवासियों के लिए आरक्षित करने की मांग की। सुभाष मुंडा हत्याकांड की जांच, नियोजन नीति को स्पष्ट करने, झारखंड को सुखाड़ और अकाल क्षेत्र घोषित करने समेत कई मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर विधायकों ने प्रदर्शन किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 03 अगस्त 2023
www.azadsipahi.in



# 100 से अधिक आर्म्स एक्ट के आरोपियों के ठिकानों पर पुलिस ने की छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला में 100 से अधिक आर्म्स एक्ट के आरोपियों के ठिकाने पर पुलिस ने छापेमारी की है। एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर राजधानी रांची के सभी थाना क्षेत्रों में मंगलवार की देर रात छापेमारी अभियान चलाया गया। आर्म्स एक्ट मामले के वैसे आरोपी जो वर्तमान में जेल से बाहर हैं या फिर जेल में हैं, उनके ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की। अलग-अलग थाना क्षेत्र में कई आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को पकड़कर पुलिस थाना लेकर आई है। पुलिस द्वारा यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आर्म्स एक्ट के आरोपी की वर्तमान में क्या गतिविधियां हैं, क्या जमानत पर है या फरारी में है। इसके अलावा उसका किस आपराधिक गिरोह से संबंध है, इन सभी मामलों का सत्यापन कराया जा रहा है।

## भू-माफियाओं को भी लाया गया था थाना

इससे पहले रांची जिला के 17 थाना क्षेत्र के 50 भू-माफियाओं से पूछताछ की गई थी। रांची जोनल आईजी पंकज कंबोज के निर्देश पर अभियान शुरू हुआ था। इस अभियान के दौरान 50 भू-माफियाओं को उठाकर थाने लाया गया। रांची के 17 थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई इस कार्रवाई से जमीन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। थाना लाए गए सभी भू-माफियाओं पर उनके थाना क्षेत्रों में तीन से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना लाए गए अधिकांश जमीन माफिया जमानत पर बाहर हैं। छापेमारी में कुछ वारंटी जमीन माफिया भी पकड़े गए थे, जिन्हें पुलिस ने जेल भेज दिया था।

# शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

रांची। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने भारी मात्रा में रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ शंकर गुप्ता को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब में रॉयल स्टैग कंपनी 750 एमएल की 10 बोतल और मैक डबल्स 180 एमएल की 22 बोतल बरामद की गई है। शंकर गुप्ता दिल्ली के लाजपत नगर थाना निवासी है। वह ट्रेन संख्या 18624 के एस छह बोगी में सवार था। एसआइ अश्विनी कुमार ने बुधवार को बताया कि उत्पाद विभाग रांची को जब्त शराब और गिरफ्तार आरोपित को सौंप दिया गया।

# राशि बढ़ाने का लालच देकर आनलाइन 1.33 करोड़ की ठगी

## रकम आतंकी समूह हिजबुल्लाह के खाते में पहुंचायी

धुर्वा थाना क्षेत्र के रहनेवाले नवीन कुमार वर्मा से की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में धुर्वा थाना क्षेत्र के रहनेवाले नवीन कुमार वर्मा से 1.33 करोड़ की ठगी का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में नवीन ने सीआइडी के साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि नवीन कुमार वर्मा से क्रिप्टो करेंसी बाजार में राशि बढ़ाने के नाम पर 1.33 करोड़ की ठगी कर ली गयी है। साइबर अपराधियों के द्वारा ठगी किये गये रुपये को लेबनान स्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के संचालित खाते में भेजी गयी है। पुलिस ने इस मामले की जांच सीआइडी की साइबर सेल को सौंप दी है। इसकी पुष्टि साइबर थाना डीएसपी नेहा बाला ने बुधवार की है।

पुलिस में दी गयी शिकायत के मुताबिक ट्रेडिंग के दौरान नवीन कुमार वर्मा का फंड एक लाख 47 हजार 68 (यूएस डॉलर) था। उस समय कंपनी के चीफ एनालिस्ट मिस्टर मार्क की ओर से उन्हें यह प्रस्ताव दिया गया कि वह पांच प्रतिशत कमीशन पर तीन दिन का कॉन्ट्रेक्ट उनके साथ करते हैं, तो वह उनकी जमा राशि को काफी अधिक बढ़ा देंगे। इसके बाद नवीन ने मार्क के साथ तीन दिन का कॉन्ट्रेक्ट किया। साथ ही जमा राशि बढ़ कर एक लाख 95 हजार 28 यूएस डॉलर हो गयी।

नवीन ने मार्क को उसका कमीशन भी दिया, लेकिन जब वह 52 हजार यूएस डॉलर की निकासी करने गये, तब इस राशि की निकासी नहीं हो पायी। तब उन्हें समझ में आ गया कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। इसके बाद वह सीधे साइबर थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज करायी। मामला सामने आने के बाद साइबर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। नवीन ने ट्रेड पीसीपी क्वाइन नाम की बेवसाइट के जरिए ट्रेडिंग शुरू की थी। इसमें पहले उन्होंने यूपीआइ के जरिए खाते में पैसे ट्रांसफर किये।

इसके बाद यूएसडीटी (क्रिप्टो करेंसी) खरीदी। इस तरह उन्होंने 1.33 करोड़ रुपये के 1.42391 लाख क्रिप्टो करेंसी की खरीदारी की। इसके बाद उन्हें ए-16-जेड कंपनी के एनालिस्ट ने व्हाट्सएप ग्रुप पर बिटकॉइन के भाव घटाने या बढ़ाने को लेकर ऑफर दिया। उसने बताया कि कंपनी व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए निवेशकों को राशि बढ़ाने के माध्यम से सुझाव देती थी। साथ ही कंपनी निवेशकों को वित्तीय हानि पर 50 प्रतिशत नुकसान की भरपाई करने का आश्वासन भी देती थी।

# सीएम से मिला झारखंड तैलिक साहू सभा का प्रतिनिधिमंडल

अंबा प्रसाद ने जातीय जनगणना कराने और 27% ओबीसी आरक्षण लागू कराने की मांग दोहरायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री कक्ष में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान ज्ञापन सौंपते हुए विधायक अंबा प्रसाद और तैलिक साहू सभा के सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और अन्य राज्य की तर्ज पर झारखंड में भी तेलघानी विकास बोर्ड का गठन करने का अनुरोध किया। विधायक ने जाति आधारित जनगणना करा कर जनसंख्या के आधार पर ओबीसी को आरक्षण देने, वर्तमान के 27 % ओबीसी आरक्षण विधेयक एवं मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू करने की मांग भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की।

विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य के 7 जिलों में ओबीसी आरक्षण 0% कर दिये जाने के आलोक में जिला रोस्टर में संशोधन करने की मांग की इस संबंध में विधायक ने कहा कि मामले पर सकारात्मक वार्ता मुख्यमंत्री से हुई है। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रदेश महासचिव मदन कुमार, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मदन प्रसाद, दिलीप साहू प्रदेश युवा अध्यक्ष, राज किशोर साहू, प्रदेश युवा महासचिव कुमार रोशन आदि उपस्थित थे।

# विष्णु अग्रवाल गलत तरीके से खरीदी गयी जमीन पर पांच सितारा होटल बनाने वाले थे

एक बड़े होटल समूह की फ्रेंचाइजी लेकर होटल खोलने वाले थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय के गिरफ्त में आये न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल रांची में एक बड़े होटल समूह की फ्रेंचाइजी लेकर पांच सितारा होटल खोलने वाले थे। इसी होटल के लिए उन्होंने नामकुम के पुगडू में 9.30 एकड़ खासमहल जमीन की फर्जी तरीके कागज बनाकर और अफसरों को मोटी रकम देकर रजिस्ट्री करायी थी। इडी ने जमीन की रजिस्ट्री में गड़बड़ी व मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य पाने के बाद इसकी जब्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इडी इस जमीन को अब अटैच करेगी। इस संबंध में एजेंसी ने एडुकेटिंग ऑथोरिटी से पत्राचार किया है। इडी सूत्रों के मुताबिक, पुगडू जमीन की डील में गड़बड़ी व सरकारी पदाधिकारियों की भूमिका को लेकर भी एक रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जायेगी। वहीं नामकुम की पूर्व सीओ शुभ्रा रानी का बयान इडी ने दर्ज किया है। इडी को दिये बयान में शुभ्रा रानी ने स्वीकार किया है कि पुगडू मौजा की 9.30 एकड़ जमीन खास महल की थी, लेकिन इस जमीन की गलत तरीके से रजिस्ट्री करायी गयी थी। इस मामले में तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार की भूमिका संदेहास्पद है। जमीन की रजिस्ट्री के बाद इस मामले की जांच के लिए एसआइटी गठित की गयी थी।

## होटल का निर्माण संभव नहीं

विष्णु अग्रवाल की गिरफ्तारी व पुगडू जमीन के जब्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद होटल के संभावित प्रोजेक्ट के अधर में लटकने की सूचना है। इडी अधिकारियों की जांच में भी यह बात सामने आयी है कि होटल के प्रोजेक्ट के लिए ही जमीन ली गयी थी। जमीन के मालिक आशीष कुमार गांगूली ने साल 2013 में खास महल जमीन की लीज का आवेदन दिया था।

# नेता प्रतिपक्ष को लेकर भाजपा के भीतर तरह-तरह की चर्चाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नेता प्रतिपक्ष को लेकर भाजपा के अंदर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इस मुद्दे को लेकर पसोपेश में है। बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद चर्चा थी कि मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को विधायक दल और प्रतिपक्ष का नेता बनाया जा सकता है। इस बाबत विधायकों की राय जानने के लिए पिछले दिनों अश्विनी चौबे यहां आये थे।

## क्या कहा विधायकों ने

झारखंड के भाजपा विधायकों से अश्विनी चौबे ने ऐसे तीन नाम बताने को कहा था, जिन्हें नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सके। इन तीन नामों में विधायक को अपना नाम नहीं बताना था। विधायकों ने चौबे से अलग-अलग मुलाकात कर जो तीन नाम बताये, उसकी सूची लेकर वह दिल्ली लौट गये। अब बताया जा रहा है कि किसी भी विधायक ने जेपी पटेल का नाम नहीं बताया था। इसके बावजूद चौबे के लौटने के फौरन बाद चर्चा

किसी भी विधायक ने जेपी पटेल का नाम नहीं लिया!

होने लगी कि पटेल को नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है।

## क्यों सामने आया जेपी पटेल का नाम

जानकारी के अनुसार नेता प्रतिपक्ष के रूप में पटेल का नाम सामने आने की खास वजह यह रही कि भाजपा के पास उनके अलावा कोई कुरमी चेहरा नहीं था, जिसे इस पद पर बिठाया जा सके। बाबूलाल मरांडी विधायक दल के नेता हैं, लेकिन उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाने के बाद जातीय समीकरण के तहत किसी कुरमी को नेता प्रतिपक्ष का पद दिया जाना था। इसलिए जेपी पटेल का नाम तेजी से आगे बढ़ा था। किसी भी विधायक की सूची में जेपी पटेल का नहीं है, ऐसा दावा भाजपा के कुछ विधायक ही कर रहे हैं। वह यह भी कह रहे हैं कि जेपी पटेल का कुर्मी मतदाता पर विशेष प्रभाव भी नहीं है। ऐसे में जेपी पटेल को नेता प्रतिपक्ष बनाने से भाजपा को कोई लाभ मिलनेवाला नहीं है।

# शिक्षा सेवा के कई अधिकारियों का तबादला, कई को अतिरिक्त प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड शिक्षा सेवा के अफसरों की पोस्टिंग कर दी है। कई को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इसका आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने मंगलवार रात जारी कर दिया।

जारी अधिसूचना के अनुसार पदस्थापन की प्रतीक्षा में रही नीरजा कुजूर को उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के पद पर अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में पदस्थापित किया गया है। अलका जायसवाल, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अपने कार्यों के अतिरिक्त उप निदेशक, प्राथमिक शिक्षा के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी। सच्चिदानंद द्विवेंदु तिग्गा, उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) को स्थानांतरित करते हुए झारखंड अधिविद्य परिषद् के सचिव के पद पर अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में पदस्थापित किया गया है।

दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर (क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, बेड़ों, रांची) अतिरिक्त प्रभार- लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी 1 अगस्त, 2023 से 30 सितंबर, 2024 तक असाधारण अवकाश में चली गयी हैं। इसके फलस्वरूप उक्त अवधि में अपरूपा पॉल चौधरी (जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा) अपने कार्यों के अतिरिक्त लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी।

## बारिश में भी सड़कों पर उतरे भाजपा कार्यकर्ता

# हेमंत सरकार के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड की हेमंत सरकार की वादाखिलाफी और युवाओं के साथ धोखाधड़ी, नियोजन नीति नहीं बनाने के खिलाफ बुधवार को बारिश के बावजूद भारतीय जनता पार्टी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस में पानी में भीगते हुए बड़ी संख्या में आक्रोशित युवा शामिल हुए। जिसमें सिर्फ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता नहीं, बल्कि वह सभी युवा शामिल थे, जो अपने आप को हेमंत सोरेन सरकार से ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

मशाल जुलूस में शामिल युवा झारखंड को ठगने वाली हेमंत सरकार हाय-हाय; युवाओं के साथ धोखा। अब नहीं मिलेगा मौका, युवाओं से धोखाधड़ी नहीं चलेगी। नियोजन नीति लागू करो, झूठे आश्वासन बंद करो जैसे नारे लगा रहे थे। भाजपा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि जब से यह सरकार आयी है, राज्य का हर वर्ग खुद को छला हुआ महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री बनने से पहले गठबंधन ने कहा था कि हर साल 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे परंतु यह सरकार 5 हजार को भी नौकरी नहीं दे पायी है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि यह सरकार राज्य के हर मुद्दे पर फेल साबित हो रही है। युवा, महिला, बुजुर्ग, ग्रामीण, शहरी क्षेत्र के लोग खुद को ठगा हुआ सा महसूस कर रहे हैं। जिन आश्वासनों पर यह सरकार झारखंड में आयी, उसे उलट इस सरकार ने हर काम किया। राज्य में माफिया गिरी और लूट को बढ़ावा मिला है। सरकार को यह समझ लेना चाहिए कि वादाखिलाफी बहुत दिनों तक नहीं चलेगी। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजयुमो रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा कि भारी बारिश के बावजूद इस मशाल जुलूस में शामिल हुए युवाओं के प्रति सभी नेताओं को आभार है इस भ्रष्ट, वादाखिलाफी करने वाली हेमंत सोरेन सरकार के हटने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर महामंत्री वरूण साहू, जितेंद्र सिंह पटेल, मुकेश सिंह, संजय यादव, भूपेंद्र सिंह, प्रियंक भगत, रंजीत शाहदेव, सचिन साहू सहित अन्य युवा शामिल हुए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिना नक्शा पास कराये भवन निर्माण कराने पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण क्षेत्रों में बिना नक्शा पास कराये भवन निर्माण करने पर कार्रवाई की जायेगी। बुधवार को विकास भवन में रांची डीडीसी दिनेश यादव ने इसे लेकर जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्रों 5000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल का घर बनाने पर उन्हें हर हाल में नक्शा जिला परिषद से पास कराना होगा। जो नक्शा नहीं पास करायेंगे, उनके भवन को अवैध मानते हुए डीडीसी और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

रांची डीडीसी दिनेश यादव ने कहा कि झारखंड पंचायत भूमि विकास (नक्शा एवं भवन निर्माण) 2017 के अधिनियम के तहत ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। जो भी 5000 स्क्वायर फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल पर भवन का निर्माण किये हैं, उन्हें नक्शा पास कराना जरूरी होगा। बता दें कि इससे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण कराने के लिए नक्शा पास करवाने जैसा नियम नहीं था।

जिला परिषद रांची के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में भवन निर्माण के संबंध में सरकार के निर्देश हैं।

# बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन से हो रही बारिश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। बुधवार सुबह से ही राजधानी रांची सहित अन्य जगहों पर बारिश हो रही है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन और लोकल सिस्टम मजबूत होने के कारण अगले एक सप्ताह तक रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में लगातार बारिश की संभावना है। कई जगहों पर भारी बारिश की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 से 24 डिग्री के बीच रहने की संभावना जतायी गयी है।

इसका असर पर यह होगा कि अभी बारिश के बाद बन रही उमस की स्थिति खत्म होगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आयेगी, जिससे दिन के साथ-साथ रात में ठंड महसूस होने के आसार हैं। पूर्वानुमान बता रहे हैं कि अगस्त माह में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहेगा।

झारखंड के कई हिस्सों में हो रही बारिश

मानसून की सुस्त चाल ने झारखंड को अब तक निराश किया है। देर से मानूसन का आना लेकिन उम्मीद के अनुसार बारिश नहीं हुई। 205 मिमी बारिश होनी थी, लेकिन 104 मिमी ही हुई। यही हाल जुलाई में भी रहा। सामान्य बारिश का आंकड़ा 324 मिमी से रांची दूर रही। 31 जुलाई तक 207.7 मिमी बारिश हुई। यह औसत बारिश से 36 फीसदी कम है। अब अगस्त महीने को लेकर मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि राज्य और रांची में बारिश की कमी काफी हद तक पूरी होगी। हालांकि कोटा पूरा हो जायेगा, इसकी संभावना कम दिख रही है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन और लो प्रेशर का जो असर झारखंड पर दिखना चाहिए था, वो नहीं दिखा है। इससे मानसून भी लेट से आया और बारिश भी अच्छी नहीं हुई।

## सीसीएल मुख्यालय में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक

# खान सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : सीएमडी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में माइंस सेफ्टी (खान सुरक्षा) से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा करने और उसके निवारण के लिए सीसीएल प्रबंधन, डीजीएमएस, रांची-कोडरमा क्षेत्र और साउथ इस्टन जोन के अधिकारियों के बीच द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक दो अगस्त को सीसीएल के सीएमडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक (तकनिकी/संचा) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र, निदेशक (तकनिकी/यो एवं परि) बी साईराम, डीएमएस, रांची क्षेत्र आफताब अहमद, डीएमएस (मेकेनिकल) एस रत्नाकर, डीएमएस, कोडरमा क्षेत्र एनपी देवरी, विकास मेसराम, बी महेश्वरा रेड्डी, सीसीएल के महाप्रबंधक (सेफ्टी) एसके सिंह, सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न अधिकारीगण, आइएसओ के अधिकारीगण एवं अन्य उपस्थित थे। बैठक में खदान की सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी डॉ रेड्डी ने सभी को आश्वस्त किया कि कंपनी द्वारा बैठक में लिये गये निर्णयों पर अमल किया जायेगा और कमियों निराकरण तयबद्ध तरीके से किया जायेगा। श्री रेड्डी ने आगे कहा कि खान सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्य स्थल को दुर्घटना रहित बनाने के लिए कंपनी द्वारा नयी-नयी तकनीकों को अपनाया जा रहा है, ताकि 'शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। सुरक्षा के प्रति एक बेहतर वातावरण का निर्माण किया जायेगा। सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान का अच्छी तरह से पालन करने पर उन्होंने जोर दिया।

# हेलमेट पहनें, सुरक्षित रहें : पिंटू दुबे

## मीडिया बंधुओं के बीच हेलमेट वितरण किया गया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सड़क सुरक्षा का अर्थ यातायात दुर्घटनाओं को रोकन के लिए किये जाने वाले उपायों से हैं। सड़क सुरक्षा (यातायात सुरक्षा) के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए रणनीती बनाई जाती है, जिसके लिए वाहनों की गति तथा क्षमता नियंत्रण जैसे उपायों को अपनाया जाता है। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अन्य कई महत्वपूर्ण नियमों का निर्माण किया गया है जैसे कि ट्रैफिक सिग्नल, दुपहिया वाहनों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता आदि। समाजसेवी डॉ अनिल कुमार द्वारा लगातार लोगों में एक जागरूकता अभियान के साथ-साथ हेलमेट वितरण किया जाता रहा है। डॉ अनिल कुमार द्वारा पूर्व में भी अल्बर्ट एक्का चौक के बीच लोगों को जागरूक करने के साथ आम लोगों के बीच में हेलमेट वितरण कर हेलमेट के महत्व को समझाया था। लगातार जन सेवा में रहने वाले समाजसेवी डॉ अनिल के नियंत्रण प्रयास से कई लोगों इस अभियान में बढ़-चढ़कर आगे आ रहे हैं। ट्रैफिक नियमों के साथ हेलमेट जैसे उपकरण हमारे जीवन में एक अहम रोल अदा करते हैं, इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए आज समाजसेवी डॉ अनिल ने मीडिया बंधुओं के साथ-साथ आम जनता के बीच एक बार फिर हेलमेट वितरण का कार्यक्रम रखा।

प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष पिंटू दुबे के सौजन्य से हेलमेट का आम नागरिकों और पत्रकारों के बीच मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी डॉक्टर अनिल कुमार उपस्थित हुए।


## सांसद संजय सेठ ने रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा

# चुटिया फ्लाईओवर बनाने की मांग की

**खलारी-मैक्लुस्कीगंज और सिल्ली से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने बुधवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चुटिया फ्लाईओवर, खलारी-मैक्लुस्कीगंज और सिल्ली से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। इसी क्रम में सांसद ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें हटिया और पिस्का स्टेशन



के पुनर्विकास के प्रति आभार भी जताया। समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि रांची रेलवे स्टेशन के नजदीक चुटिया का बड़ा हिस्सा निवास करता है। इसके साथ ही मैक्लुस्कीगंज और खलारी में रेल सुविधाओं के विस्तार का भी आग्रह केंद्रीय मंत्री से किया। बताया कि मैक्लुस्कीगंज देश का एकमात्र एंग्लो इंडियन गांव हैं, जहां रेल सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता है। सिल्ली प्रखंड के बांसारुली के समीप रेलवे ट्रैक के बगल में सब-वे निर्माण का आग्रह रेल मंत्री से सांसद ने किया। कहा कि यह क्षेत्र की बहुत बड़ी जरूरत है, जिससे आम जनता प्रतिदिन प्रभावित हो रही है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक पहल करने की बात कही। इसके अलावा सांसद ने केंद्रीय मंत्री को आधार सेवा के क्षेत्रीय कार्यालय से भी अवगत कराया। बताया कि झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल की 26 करोड़ की आबादी को अपनी सेवा प्रदान करता है। यह कार्यालय का एक अस्थाई भवन में है, जहां प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों का आवागमन आधार से जुड़े कार्यों के लिए होता है। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से रांची में स्थायी आधार कार्यालय बनाने की भी बात कही।

# प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉक्टर अशोक मुंडा ने ज्वाइन किया क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रख्यात न्यूरोसर्जन और गोल्डमेडलिस्ट डॉक्टर अशोक मुंडा अब क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के साथ जुड़ चुके हैं। डॉक्टर अशोक मुंडा इससे पहले सात साल तक रांची इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में न्यूरोसर्जन के तौर पर मरीजों की सेवा कर चुके हैं। इन्हे मस्तिष्क की सर्जरी मे महारत हासिल है और इन्होंने अभी तक लगभग 5000 से भी जादा मरीजों का सफल ऑपरेशन किया है, जिसमे कई जटिल सर्जरी शामिल है। डॉ अशोक मुंडा 1 अगस्त से दी क्यूरेस्टा हॉस्पिटल दीपाटोली और क्यूरेस्टा ग्लोबल ए सी एम एस इरबा में मरीजों की सेवा के लिए उपस्थिति रहेंगे। डॉ मुंडा के



क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ज्वाइन करने पर ग्रुप के चेयरमैन अविनाश कुमार ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि उन्हें खुशी है कि प्रदेश के सबसे बेहतरीन डॉक्टर्स इस ग्रुप के साथ जुड़ कर मरीजों की सेवा कर रहे हैं। इससे पहले भी प्रख्यात गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ अनिकेत कुमार अग्रवाल भी क्युरेस्टा हॉस्पिटल से जुड़ कर मरीजों की सेवा कर रहे हैं।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने एनीमिया सह सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने मंगलवार को दृष्टिबाधित विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए आयोजन किया है। इस अवसर ,पर डॉ सुकुमार रेड्डी ने बच्चों में एनीमिया-हीमोग्लोबिन परीक्षण और सामान्य बीमारियों यानी सामान्य सर्दी, बुखार, खांसी और कमजोरी का निदान किया। उन्होंने बीमारियों के बारे में चिकित्सीय सलाह दी और दवाएं लिखीं। सीएसआर पहल के तहत मल्टी विटामिन, आयरन सिरप, दर्द निवारक और एंटी-फंगल जैसी दवाएं मुफ्त वितरित की



गयी। श्रीमती पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने बच्चों को अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, बच्चों को विशेष रूप से मानसून के दौरान मौसमी बदलावों को देखते हुए अपना अच्छा ख्याल रखना चाहिए, जो स्कूल में नियमित पढ़ाई के लिए आवश्यक है। स्वयंसिद्धा लेडीज क्यूब के सदस्यों ने स्कूल के दृष्टिबाधित बच्चों के साथ बातचीत की और कुछ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया, कार्यक्रम का समापन सीएसआर पहल के तहत खाद्य पदार्थों के वितरण के साथ किया गया। लेडीज क्लब की इस पहल की विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता तलाल और विद्यालय के लाभार्थी ने सराहना की। इस अवसर पर लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष लक्ष्मी मूर्ति, महासचिव, एम एस राम्या, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा माझी, श्रीमती मनसा वर्मा, संयुक्त महासचिव, दीपा और सांस्कृतिक सचिव, श्रीमती परमेश्वरी भी उपस्थित थे।

# भव्य तरीके से होगी गणेश पूजा: नंद किशोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि गणेश पूजा को लेकर रांची महानगर अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष सहित पूरी कमेटी का 3 सितंबर को गठन होगा। तमाम गणेश पूजा समितियों की एक राय पर हो रहा है गठन। सभी को एकत्रित कर महानगर और जिला कमेटी का निर्धारण होगा चुनाव के माध्यम से, पूजा अच्छे तरीके से और सभी के सहयोग से आयोजित हो साथ ही प्रशासन और राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर पूजा को और



भी भव्य किया जायेगा। अभी तक रांची महानगर, नगड़ी, ओरमांझी, खलारी,रातू, से गणेश पूजा समितियां इस गठन प्रक्रिया में जुड़ चुकी है। नोट-जो भी गणेश पूजा समिति रांची महानगर और जिला कमेटी से जुड़ना चाहती है वह संपर्क कर सकते हैं।

# रांची नगर निगम और पैट्सी ने मिलकर पौधरोपण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम ने बुधवार को स्मार्ट सिटी में वृक्षारोपण किया। आरएमसी द्वारा (पैट्सी) एनजीओ के साथ वृक्षारोपण का कार्य किया गया। जिसमें आरएमसी के सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह ने वृक्षारोपण की शुरूआत की। ज्योति कुमार ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य पूरी रांची को हरा भरा करना है। रांची में काफी संख्या में विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाये जा रहे हैं। नगर आयुक्त शशिरंजन के दिशा निर्देश में इस काम को किया जा रहा है।इस अवसर पर पैट्सी (एनजीओ)जो कार्यान्वयन एजेंसी है इसके सचिव अर्चित आनंद ने भी वृक्षारोपण किया साथ ही उन्होंने कहा कि विकास की दौड़ में प्रकृति की रक्षा हमारा कर्तव्य है। बताया कि वृक्षों को लगाने के साथ हमारी संस्था आगामी तीन वर्षों तक इसकी देखभाल भी करेगी। श्री अर्चित ने



कहा कि रांची नगर निगम के तत्वावधान में संस्था जितने भी पौधे लगाएगी उन सभी के रखरखाव या पौधों से संबंधित कोई भी शिकायत/सुझाव के लिए एक नंबर जारी कर रही है- 0651-2443387, इस नंबर पर आप पौधा संख्या और वार्ड नंबर बताकर पौधे से जुड़ी समस्या नोट करा सकते हैं। हमारी टीम उसपर त्वरित कारवाई करेगी। स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदकुलियार भी उपस्थित थे। पैट्सी के निदेशक पारिजात परिमल ने सबका आभार व्यक्त किया इस अवसर पर रविशंकर पांडेय, कवलजीत कुमार, प्रभाष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


# वाराणसी के राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ का भवन और परिसर को वापस पाने की लड़ाई जारी रहेगी : चंदन पाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गांधी-जेपी की विरासत के नाम से मशहूर वाराणसी के राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ का भवन व परिसर को 22 जुलाई खाली करा लिया गया। इसके खिलाफ देशभर के सभी प्रांतों में सर्व सेवा संघ के द्वारा संवाददाता सम्मेलन कर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड की राजधानी रांची में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन पाल ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। चंदन पाल ने कहा कि गांधी विचार के राष्ट्रीय संगठन सर्व सेवा संघ की स्थापना मार्च 1948 में भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई थी। विनोबा भावे के मार्गदर्शन में करीब 63 साल पहले सर्व सेवा संघ भवन की नींव रखी गयी।

इसका मकसद महात्मा गांधी के विचारों का प्रचार-प्रसार करना था। वर्ष 1960 में इस जमीन पर गांधी विद्या संस्थान की स्थापना के प्रयास शुरू हुए। भवन का पहला हिस्सा 1961 में बना था। 1962 में जय प्रकाश नारायण खुद यहां रहे थे। इस विरासत को खत्म करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि लगभग 13 एकड़ की जमीन को रेलवे हड़पना चाहती है। रेलवे का कहना है कि जमीन पर अवैध कब्जा है, जबकि यह जमीन खरीदी गयी है। इसके खिलाफ हमलोग लगातार आंदोलन चलायेंगे और आम लोगों तक अपनी बात पहुंचायेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिये राष्ट्रपति प्रधानमंत्री सहित सभी सांसदों को पत्र भी लिखे है। ताकि इस धरोहर को बचाया जा सके। 15 अगस्त को उपवास किया जायेगा। गांधी के विचारों को मिटाने की साजिश को नाकाम किया जायेगा। बता दें कि सर्व सेवा संघ और उत्तर रेलवे के बीच जमीन के मालिकाना हक का विवाद चल रहा था। मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट गया। हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की कोर्ट को जल्द फैसले लेने का आदेश दिया। जिलाधिकारी कोर्ट ने मामले की सुनवाई की और उत्तर रेलवे के हक में फैसला दिया। संघ ने जिलाधिकारी के आदेश को पहले हाईकोर्ट, फिर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन निराशा हाथ लगी। राहत की याचिकाएं खारिज हो गयी। इस मौके पर गिरजा सतीश और शंकर राणा प्रदेश अध्यक्ष मौजूद थे।

# बीआरसी के नाइट गार्ड का बेटा स्कूल से लापता



**रांची।** बीआरसी के नाइट गार्ड शिवजी का 12 वर्षीय पुत्र हरि चरण महतो बुधवार को स्कूल गया था। वाह देर रात तक घर घर वापस नहीं लौटा है। रांची बीआरसी की बीईईओ अरविंदा कुमारी ने बताया कि हरिचरण राजकीय मध्य विद्यालय चडरी में आठवीं का छात्र है। 2 अगस्त की सुबह वह अपने घर से स्कूल को गया था। लेकिन देर रात तक घर नहीं वापस लौटा है । अगर किसी को भी इस बच्चे की सूचना मिले तो कचहरी स्थित बीआरसी कार्यालय या 620 21 35402 पर सूचित कर सकते हैं।

# खेल एक कला है और यह कला सभी को सीखनी चाहिए :आजम

रांची (आजाद सिपाही)। कुर्बान उस्ताद फाउंडेशन के अध्यक्ष आजम अहमद के नेतृत्व में नुमाइशी प्रोग्राम का आयोजन एक अगस्त की रात मरहूम कुर्बान उस्ताद की याद में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आए हुए मेहमान ए खुशीशी डोरंडा काली पूजा, महावीर मंडल डोरंडा, सेंट्रल मोहर्रम कमेटी डोरंडा, दुर्गा पूजा समिति, श्रृंगार समिति डोरंडा, डोरंडा के बुजुर्ग, समाजसेवियों और तमाम अखाड़ा के खलीफा को पगड़ी, तलवार और मेडल देकर सम्मानित किया गया। नुमाइशी प्रोग्राम में 24 अखाड़ा के माहिर खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष आजम अहमद ने बताया कि नुमाइश में तीन राउंड में खेल हुआ जिसमें पहला राउंड में तलवार बाजी दूसरा राउंड में बन्ना और तीसरा राउंड छूट लाठी का प्रदर्शन हुआ हर राउंड के खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। आजम अहमद ने कहा कि नुमाइश कराने का उनका मकसद लोगों के बीच जागरूकता लाना है। खेल एक कला है और यह कला सभी को सीखना चाहिए। कार्यक्रम का निर्णायक जज हाजी इस्लाम साहब, संचालन फरहाद शमशी साहब और रेफ्री हाजी जमील अख्तर साहब ने किया। नुमाइशी कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुर्बान उस्ताद के सभी पुत्र मो अलाउद्दीन, सरफराज अहमद, हाजी इस्लाम, हाजी मो रोशन, मो रिजवान, हाथीखाना मोमिन पंचायत के सदर शमीम अख्तर, हाथीखाना मोहर्रम कमिटी खलीफा मो शहनवाज(रिंकू भाई) सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सदर अशरफ अंसारी, समाजसेवी मो इमरान रजा, महावीर मंडल के अनिल प्रधान, काली पूजा के जयघोष, दुर्गा पूजा के शंभू गुप्ता सहित कई अन्य शामिल थे।

# 48 घंटे बाद भी लापता बैंक कर्मी संतोष कुमार का नहीं चल पाया कोई पता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 48 घंटे बाद भी लापता हुए बैंक कर्मी का कोई पता नहीं चल पाया है। इस मामले को लेकर बैंक कर्मी संतोष कुमार की पत्नी मनीषा भारद्वाज ने लालपुर थाना में शिकायत दर्ज करायी है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि इनके पति बीते 31 जुलाई को लालपुर स्थित अपने ऑफिस से दिन के करीब 3:00 बजे निकले थे। कहा कि ऑफिस के काम से ओरमांझी जा रहे हैं। उसके बाद से मेरे पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

# झारखंड: 12 इंस्पेक्टर का तबादला, अधिसूचना जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 12 इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार को डीआईजी कार्मिक के द्वारा जारी कर दी गयी है।

## जानें कौन कहां गये

नागेश्वर रजक- जेपीए हजारीबाग, सत्येंद्र नारायण सिंह- बोकारो जिलाबल, सत्येंद्र ओझा- सीआईडी रांची, संतोष कुमार- जेएपीटीसी पदमा, नवीन प्रसाद- बोकारो जिला बल, नंदकिशोर राम- जेएपीटीसी पदमा, प्रेम रंजन उरांव- एसीबी रांची, आनंद किशोर प्रसाद- रांची जिला बल, संजय कुमार वर्मन- रांची जिला बल, राजेंद्र कुमार दास- स्पेशल ब्रांच रांची, बनारसी प्रसाद- धनबाद जिलाबल, मनोज कुमार गुप्ता- स्पेशल ब्रांच रांची।

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी

**रांची।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार से परिवर्तित मार्ग से चलेगी। ट्रेन संख्या 22349/22350 पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ बुधवार से अगले आदेश तक अपने निर्धारित मार्ग टाटीसिलवे-सांकी- बरकाकाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग टाटीसिलवे-मूरी-बरकाकाना होकर चलेगी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, राँची के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., ई-एनआईटी सं. और कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **(1) एसटी-आरएनसी-टी04-ब्रिज-55-ओआरजीए, दिनांक 01.08.2023,** हटिया-ओरगा शाखा में ब्रिजों के बैरल लंबाई के विस्तार कार्य के सिलसिले में एस एंड टी कार्य का निष्पादन और सहायक कार्य (55 अदद)। **विज्ञापित लागत:** रु.1,34,61,002.81, **बयाना राशि:** रु. 2,17,300/-, **(2) एसटी-आरएनसी-टी05-ब्रिजेस-50-आरएनसी, दिनांक 01.08.2023,** लोहरदगा-टोरी में माइनर ब्रिज नं. 173, 177 और 187 तथा मुरी-राँची शाखा में फ्लैट टॉप माइनर ब्रिज (47 अदद) के बैरल लंबाई के विस्तार के सिलसिले में एस एंड टी कार्य का निष्पादन और अन्य सहायक कार्य। **विज्ञापित लागत:** रु.1,58,60,378.46, **बयाना राशि:** रु. 2,29,300/-, **निविदा कागजात की लागत:** रु.0 प्रत्येक हेतु। **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 30.08.2023, 11.00 बजे प्रत्येक हेतु। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 16.08.2023 प्रत्येक हेतु। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)।

(PR-466)


# शिव ही रुद्रदेव और शिव ही श्रृष्टि के पालक: परिपूर्णानंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मंडल के तत्वाधान में आयोजित श्री शिव महापुराण व्याख्यान के दूसरे दिन चिन्मय मिशन के स्वामी परिपूर्णानंद जी के व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात पारंपरिक पूजन के बाद स्वामी जी ने आज महाशिवपुराण व्याख्यान को आगे बढ़ाते हुए बताया की महर्षि वेदव्यास जी द्वारा कुल 18 पुराणों की रचना की गयी जिनमें महाशिवपुराण वेद व्यास जी की अलौकिक एवम अनूठी रचना है। इसमें कुल 24 हजार श्लोक एवम 7 संहिता है। श्रावण मास में महाशिवपुराण का वाचन और श्रवण दोनों ही अति उत्तम फल दाई है। शिव सदा स्वम मंगल हैं - शिव ही सत्य है। शिव ही सुन्दर




है, इसलिए कहा गया है सत्यम शिवम सुंदरम। आगे अपने व्याख्यान में कहा की महा सदाशिव गुरु का स्थान भी रखते हैं - गुरु में सभी तत्व विराजमान रहते हैं जिनको पाने से अंधकार दूर हो कर प्रकाश फैलाता है। ईश निन्दा से मनुष्य पाप का भागी होता है। शिव ही रुद्रदेव हैं और शिव ही श्रृष्टि के पालक और पापों के संघहार करता भी हैं। चातुर्मास में भगवान विष्णु के शेषशैया पर निंद्रा में रहने के दौरान शिव ही सम्पूर्ण श्रृष्टि के सभी भार संभालते हैं। शिव पूजन, शिव वंदन एवम शिव महिमा का श्रवण कलयुग में भव पार करने का अत्यंत सरल और सुगम मार्ग है। शिव महापुराण के प्रायोजन विषय पर व्याख्यान को आगे बढ़ाते हुए स्वामी जी ने कहा की वेदान्त तथा आत्मज्ञान का वर्णन पुराण में है - इसके अधिकारी ही भगवान से प्रेम करते हैं - भक्ति ही भगवान एवम जीवों से प्रेम का मार्ग दिकलाता है - शैव का तिलक पुराण हैं - यह शिव की प्राप्ति करा कर परम गति प्रदान करता है - यह मननीय, चिन्तन करने योग्य, वर्णन करने योग्य, एवम शिवत्व की प्राप्ति के लिए है। महाशिव पुराण की पूरी कथा श्री श्याम मण्डल, रांची के यू ट्यूब पर प्रकाशन किया जा रहा था। बीच बीच में स्वामी जी ने मधुर वाणी से सुन्दर श्रोत पाठ एवम शिव के भजनों से पूरे मंदिर परिसर की शिवमय बना दिया। आज भगवान शिव की महिमा एवम उनका गुणगान सुनने के लिए भक्तों की अपार भीड़ थी। अंत में परिवार सहित श्री श्याम अग्रवाल ने महा शिवपुराण की समापन आरती की तथ पश्चात सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण कर आज के कार्यक्रम का समापन किया गया।

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका, सुदर्शन चितलांगिया, मनोज सिंघानिया, अरुण धनुका, सुनील मोदी, नितेश लाखोटिया, राजेश सारस्वत, लल्लू सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, ओम जोशी का सहयोग रहा।

# वैदिक इतिहास के उत्कृष्ट पाठ्यक्रम दुर्गा सप्तशती और गीता : पं रामदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वैदिक इतिहास के पाठ्यक्रम में दुर्गा सप्तशती और गीता को नवीन शिक्षा नीति में शामिल करना चाहिए , क्योंकि इसमें आशीर्वाद की दुर्मति, देवताओं का संत्रास, राक्षसों का विस्तारवाद, स्त्री विमर्श के साथ दुर्गा के युद्ध कला कौशल,दानव का पाश्विक प्रेम प्रणय और देवी का क्षमा भी है , कैसे भयभीत देव समाज अबला युवती को अतिबला बनाकर योद्धा का सृजन करती है, यही अबला सबला बनकर राक्षसों से जीतकर देव और मानव को सुख शांति देती है ,यह कथा बेटियों के लिए प्रेरणादाई होगा, तीन सृष्टि तक महिषासुर देवी से हार गया पहली सृष्टि मे उग्रचण्डा, दुसरी में



भद्रकाली और तीसरी मे दुर्गा का युद्ध महिषासुर से हुआ था ,तीनों हार के बाद महिषासुर ने दुर्गा के चरण में जगह मांग कर शरणागत रहने का वरदान प्राप्त कर लिया, गीता में जीवन दर्शन है , भक्ति, कर्म, ब्रह्मांड विज्ञान और जीवनशैली है , हताश निराश अर्जुन को विजेता बनाने की कला है?, सतातन संघ हर गांव में दो घंटे का परिचर्चा रखें, सप्तशती और गीता को अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम में सरकार शामिल करें, आज विदेश के पच्चीस विश्वविद्यालय मे वैदिक शिक्षण , वेद पुराण की पढ़ाई हो रही है , उन पाठ्यक्रम को भारतीय विश्वविद्यालय में चलाना चाहिए, सनातनी हर रविवार गीता और दुर्गा सप्तशती को अपने बच्चों को जरूर पढाऐं, श्रीमद्देवीभागवत कथा के आठवें दिन पं रामदेव पाण्डेय ने कही, यह कथा आगामी बारह अगस्त तक चलेगी, हर साल की भांति सताइस अगस्त को भण्डारा होगा।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 04 दिनांक 17.04.2023 के अनुसार मैं, स्वाती भदानी पति राहुल भदानी, उम्र लगभग 33 वर्ष, पेशा गृहिणी, धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय, साकिन ग्राम- विश्राम बाग रोड, वार्ड नं.-07, पोस्ट- झुमरी तिलैया, थाना- तिलैया, जिला-कोडरमा (झारखंड) का हल्फन ब्यान करती हूं जो निम्नलिखित है:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 4279 1971 0219 में मेरा नाम स्वाती भदानी पति राहुल भदानी अंकित है।
3. यह कि मेरा नाम विवाह के पहले स्वाती प्रसाद था जो राहुल भदानी के विवाह के उपरान्त स्वाती भदानी हो गया है।
4. यह कि मैं विवाह उपरांत स्वाती भदानी के नाम से जानी व पहचानी जाउंगी। जो सभी जगह मान्य होगा।

# शांति बहाल हो

दिल्ली-एनसीआर से सटे हरियाणा का नूंह इलाका सोमवार को अचानक जिस तरह से हिंसा, तोड़फोड़ और आगजनी की चपेट में आ गया, वह कई लिहाज से चौंकाने वाला है। हिंसा का अचानक फूट पड़ना ही नहीं, उसकी व्यापकता भी चिंताजनक थी। नूंह-मेवात से शुरू हुई हिंसा, अराजकता और तनाव की लहर गुड़गांव, फरीदाबाद और पलवल तक फैल गई। सरकार का कहना है कि इन घटनाओं के पीछे वे लोग हैं, जो पहले से ही राज्य में अशांति फैलाना चाहते थे। लेकिन ऐसे तत्व हर राज्य में होते हैं। सवाल यह है कि वे सब अशांति फैलाने की साजिश कर रहे थे, उसे अंजाम देने की तैयारियां कर रहे थे और पुलिस-प्रशासन को उसकी भनक तक नहीं लगी, ऐसा क्यों? इसके साथ ऐसी खबरें भी आई हैं कि कुछ जगहों पर हिंसा की घटनाएं पुलिस की मौजूदगी में हुईं। पुलिस ने भी माना है कि उपद्रवी बड़ी संख्या में थे, इसलिए वह उन्हें रोकने में नाकाम रही। मगर यह मामला अचानक पैदा हुए कानून-व्यवस्था के एक तात्कालिक संकट तक सीमित नहीं है। निश्चित रूप से, फिलहाल सरकार और पुलिस का पहला काम हालात को काबू करना और इस पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना ही होना चाहिए। उसके बाद इस हिंसा में शामिल और इसके लिए उकसाने या मदद मुहैया कराने वाले सभी तत्वों की पहचान कर उन्हें कानून सम्मत सजा दिलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। लेकिन इन सबके साथ ही राज्य सरकार को अपनी कुछ नीतियों पर भी पुनर्विचार करने की जरूरत है। नूंह-मेवात के इस पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति कोई सोमवार को ही पैदा नहीं हुई थी। यहां लंबे समय से तनाव बना हुआ था, जिसे सरकारी तंत्र ने नजरअंदाज कर रखा था। जिस तरह से गोरक्षकों के एक पूरे गैर सरकारी तंत्र को यहां फलने-फूलने दिया गया और उसे सरकारी संरक्षण मुहैया कराया गया, उस पर लंबे समय से सवाल उठ रहे थे। ऐसी शिकायतें आती थीं कि कथित गोरक्षकों की टोली कई बार कानून को हाथ में ले लेती है। यहां तक कि इस इलाके से सटे राजस्थान के भरतपुर इलाके के नासिर और जुनैद हत्याकांड से जुड़े लोगों की भी इस मामले में भूमिका बताई जा रही है। खबर है कि इस हत्याकांड के एक आरोपी मोनू मानेसर ने एक दिन पहले सोशल मीडिया पर विडियो जारी कर यात्रा में शामिल होने की बात कही थी और लोगों से भी बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की थी, जिससे तनाव बढ़ा। यह आरोपी पुलिस रेकॉर्ड में लंबे समय से फरार बताया जा रहा है। जाहिर है, सही या गलत, लेकिन एक धारणा यह भी बनी है कि पुलिस मोनू मानेसर जैसे आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सख्ती नहीं बरत रही। हालांकि सोमवार को भड़की हिंसा में इनमें से किन फैक्टर्स की कितनी भूमिका रही, इस बारे में अंतिम निष्कर्ष विश्वसनीय और प्रामाणिक जांच से ही निकाला जा सकता है।

**हरियाणा के नूंह-मेवात में अभी तक हिंसा की आग शांत नहीं हुई है। पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। अब तनाव की लहर गुड़गांव, फरीदाबाद और पलवल तक फैल गई। इस हिंसा से हरियाणा सरकार पर कई सवालिया निशान खड़े होते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मेवात के कण-कण में प्रभु श्रीकृष्ण के अहसास को महसूस किया जा सकता है और इसी भाव को ध्यान में रखते हुए पिछले तीन वर्षों से इस ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा का प्रयोजन किया जाता है। जिसमें यहां के व हरियाणा के अन्य स्थानों से आए हुए शिवभक्त बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं, इस यात्रा में राष्ट्रत्व का भाव रखने वाले मेव समाज के बंधु भी भागीदार होते हैं। पांडवकालीन स्थान होने के कारण श्रावण मास में यह यात्रा अनेकों वर्षों से होती आ रही है।**

# हरियाणा के मेवात में शिवभक्तों पर किया गया हमला संयोग है या प्रयोग ?



डॉ. पवन सिंह मलिक



हरियाणा में जो कुछ हुआ वह तो सबके सामने है लेकिन जहां यह सब हुआ वहां का इतिहास जानना बेहद जरूरी है। देखा जाये तो मेवात की धरती भगवान श्रीकृष्ण की भूमि है। यह उनकी क्रीडा स्थली रही है। यह यात्रा नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर श्रृंगार मंदिर पुन्हाना में संपन्न होती है। इन दोनों स्थानों का महत्व श्रीकृष्ण के नाम के साथ जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि यहीं श्रीकृष्ण विराजमान हुए थे और उन्होंने पवित्र शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी स्थान पर उन्होंने कौरवों-पांडवों के मध्य संधि करवाने का प्रयास किया था। श्रृंगार मंदिर वह स्थान है जहां पर वहां के लोगों ने श्रीकृष्ण के बाल्यकाल में उनका श्रृंगार किया था। इसलिए इसका नाम श्रृंगार मंदिर पड़ा। पुन्हाना का नाम भी 'भगवान पुनः आना' के आधार पर रखा गया है। यहां फिरोजपुर झिरका में स्थित झीर महादेव मंदिर भी वही स्थान है जहां पांडवों ने अज्ञातवास का समय बिताया था। इसलिए मेवात के कण-कण में प्रभु श्रीकृष्ण के अहसास को महसूस किया जा सकता है और इसी भाव को ध्यान में रखते हुए पिछले तीन वर्षों से इस ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा का प्रयोजन किया जाता है। जिसमें यहां के व हरियाणा के अन्य स्थानों से आए हुए शिवभक्त बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं, इस यात्रा में राष्ट्रत्व का भाव रखने वाले मेव समाज के बंधु भी भागीदार होते हैं। पांडवकालीन स्थान होने के कारण श्रावण मास में यह यात्रा अनेकों वर्षों से होती आ रही है।

**जिस तरीके से तीर्थयात्रियों पर हमला हुआ है, उसमें महीनों की तैयारी का अंदेशा होता है।**

**मेवात की पहचान क्या हो :** आज मेवात की पहचान हिंदू विरोधी गतिविधियों के लिए होने लगी है। पिछले कुछ वर्षों में यहां से बहुत अधिक संख्या में हिन्दुओं का पलायन हुआ है। जहां हिन्दू हैं भी तो उनका प्रतिशत बहुत कम है। आये दिन हिंदू विरोधी घटनाएं होती रहती हैं। तो क्या मेवात की पहचान हिंदू विरोधी बननी चाहिए या फिर भगवान श्रीकृष्ण? प्रश्न सीधा है पर उत्तर कठिन। मेवात का सौहार्द बना रहे, यहां सभी मिलजुल कर रहें, 'हरियाणा एक- हरियाणवी एक' का भाव चरितार्थ हो। यहां का हिंदू समाज अपने आप को अकेला व असहाय न समझे। हरियाणा का सारा समाज मेवात के साथ खड़ा है, इस बात को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष इस यात्रा का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में हरियाणा भर से लोग हिस्सा लेते हैं। इस बार श्रृंगार की कलश यात्रा में एक हजार महिलाओं ने भाग लिया, इस उत्साह व उमंग से भी इस यात्रा के प्रतिवर्ष बढ़ते महत्व को देखा जा सकता है।

**सुरक्षा में चूक, जिम्मेदारी किसकी :** 31 जुलाई दिन सोमवार को सुबह 11 बजे शिव मंदिर से जलाभिषेक यात्रा का आयोजन किया गया। उसके बाद यात्रा ने श्रृंगार मंदिर के लिए प्रस्थान किया तो दोपहर 1 बजे के करीब खेड़ला चौक के पास उग्र भीड़ ने यात्रा पर हमला कर दिया। तीन बजे तक उग्र भीड़ द्वारा नूंह व आसपास के इलाकों में आगजनी तथा तोड़फोड़ होने लगी। इसके बाद प्रशासन व कुछ सामाजिक संगठनों के आह्वान पर दुकानें बंद करवा दी गयीं। शाम चार बजे तक इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया। उसके पश्चात पास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल आना शुरू हुआ। छह बजे के पास मंदिर परिसर में आश्रय लिए शिवभक्तों को पुलिस ने निकालना प्रारंभ किया। इस सारे घटनाक्रम में प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियां संदेह के घेरे में आती है या यूं कहें कि प्रशासन ने इस यात्रा को लेकर जिस गंभीरता के साथ तैयारी करनी चाहिए थी, वह नहीं की। वरना क्या कारण है कि पांच हजार लोगों की सुरक्षा में केवल सौ पुलिस कर्मी ही लगाए गए। यात्रा की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों की संख्या हमलावर तत्त्वों को देखते हुए कम सिद्ध हुई। हमले के वीडियो देखने पर ध्यान आता है कि हमले की तैयारियां बहुत दिनों से हो रही थीं, फिर क्यों नहीं खुफिया विभाग को इसकी कानों कान खबर हुई। जिस प्रकार से उग्र भीड़ की तैयारी व मनसूबे थे उसके कारण हालात और अधिक खराब हो सकते थे। जिस तरीके से तीर्थयात्रियों पर हमला हुआ है, उसमें महीनों की तैयारी का अंदेशा होता है। यह पूरी घटना पूर्व-नियोजित थी। अभी तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार 70 से अधिक निजी कारों व बसों को तोड़ा/ जलाया गया है। दो होमगार्ड जवान और एक पानीपत के हिन्दू कार्यकर्ता के दुखद बलिदान सहित अनेकों घायल हैं। बड़ी संख्या में पत्थरों का एकत्र होना, अलग अलग पॉइंट पर हमला करना, यह बिना पूर्व योजना के संभव नहीं है। सीआईडी के पास पूर्व में कुछ ऐसी सोशल मीडिया पोस्ट पहुंची थीं, जिसमें इस प्रकार की कोई घटना हो सकती है इसका अंदेशा था। जबकि इस ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की सूचना बहुत समय पहले से प्रशासन व स्थानीय पुलिस के पास थी, उसके बावजूद भी इस प्रकार की घटना से सुरक्षा में चूक हुई है, इस बात को किसी भी कारण से नकारा नहीं जा सकता।

**प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि 'देश के संविधान से ऊपर कोई नहीं। उन्होंने कहा है कि संवाद के जरिए सभी विषयों का हल निकाला जा सकता है। प्रदेश के सभी नागरिक हरियाणा एक हरियाणवी एक के सिद्धांत पर चलते हुए समाज और प्रदेश के हित में सहयोग दें।**

**मेवात के लिए एकजुट होने का समय :** मेवात को उसकी पहचान भगवान श्रीकृष्ण की धरती के रूप में मिल सके। यहां पर भी शांति व अपनापन का भाव बने। यहां पर रहने वाले लोगों के मनों में डर नहीं भरोसे का विश्वास पनपे। इसके लिए आज पूरे समाज को एक साथ खड़ा होना होगा और यह किसी एक समाज का दायित्व नहीं। सबकी साझी भूमिका है। विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार के शब्दों में 'हम केवल सरकार का आश्रय नहीं लेंगे। आत्मरक्षा का अधिकार है और इसलिए हिन्दू अपनी आत्मरक्षा के अधिकार का भरपूर प्रयोग करके इस प्रकार के हमलों का सामना करेगा। इसके परिणाम जो होंगे उसकी जिम्मेदारी हम पर नहीं होगी। हम सामना भी करेंगे, भयभीत भी नहीं होंगे और मेवात को हिंदुओं के लिए एक सुरक्षित क्षेत्र बनाना सुनिश्चित करेंगे।'

प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि 'देश के संविधान से ऊपर कोई नहीं। उन्होंने कहा है कि संवाद के जरिए सभी विषयों का हल निकाला जा सकता है। प्रदेश के सभी नागरिक हरियाणा एक हरियाणवी एक के सिद्धांत पर चलते हुए समाज और प्रदेश के हित में सहयोग दें। नूंह में जिस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हुई है, उस स्थिति में हर आम नागरिक की जिम्मेदारी समाज और प्रदेश के प्रति और बढ़ जाती है। ऐसे में हमें कोई भी सन्देश प्रचारित करते हुए और भी अधिक संवेदनशील होना चाहिए।' अब आवश्यकता है कि मेवात की इस घटना से सबक लेते हुए हर जिले में इस प्रकार के संवेदनशील स्थानों को चिह्नित करके वहां अपेक्षाकृत अधिक पुलिस गश्त / निगरानी आदि रखना सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। नूंह जिले की संवेदनशीलता को देखते हुए यहां पर स्थायी रूप से सैनिक/ अर्धसैनिक बल का कोई केंद्र/ बेस कैंप स्थापित किया जाए। यह मांग पहले भी कई बार रखी जा चुकी है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि प्रशासन द्वारा इसमें शामिल सभी उपद्रवियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

**(लेखक शिक्षाविद् एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# आरइओ के लिपिक को 1.40 लाख रुपये घूस लेते एसीबी ने दबोचा, मचा हड़कंप

आजाद सिही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** एसीबी की टीम ने आरईओ विकास विभाग चक्रधरपुर कार्यालय में लेखा लिपिक कलर्क को 1 लाख 40 हजार रुपए लेते रंगे हाथों दबोचा है। बताया जा रहा कि पूर्व में मनोहरपुर में डुबली पंचायत के गांव गोपटोला में देवेंद्र मांझी चौक से मदन गोप के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का कार्य का कार्य करना था।

सड़क निर्माण का कार्य का टेंडर हुआ था, लेकिन किसी कारण बस उनका एग्रीमेंट नहीं हुआ था। जिस कारण से सड़क निर्माण के लिए एग्रीमेंट होने के एवज में ठेकेदार मंझारी के अविनाश कुमार सिरका से 1 लाख 40 हजार रुपए घुस मांगा गया था। लेकिन उन्होंने देने में असमर्थ जाहिर किया तो विभाग के लोगों ने उन पर दबाव बनाया और कहा कि जब तक पैसा नहीं देंगे तब तक एग्रीमेंट नहीं होगा। जिस कारण से ठेकेदार असमर्थ होकर इसकी शिकायत निगरानी विभाग जमशेदपुर में इसकी शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद बुधवार को निगरानी विभाग ने एक टीम का गठन किया और ठेकेदार द्वारा उन्हें चक्रधरपुर आरईओ के लेखा लिपिक कर्लर सरोज कुमार को 1 लाख 40 हजार रुपया घूस देते हुए निगरानी विभाग की टीम ने रंगे हाथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग द्वारा गिरफ्तार करने के बाद जमशेदपुर उन्हें ले गया। जहां पूछताछ की जा रही है।

इस घटना के बाद से पूरा जिला में हड़कंप मच गया। बता दें कि वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद पूरे झारखंड में आरईओ विभाग में कोई भी नया एग्रीमेंट नहीं हो रहा था। झारखंड सरकार द्वारा पिछले दिनों एक बैठक किया था जिसके बाद से आरईओ विभाग में पिछले कई दिनों से बंद पड़े कामों का तेजी लाने का आदेश दिया गया था।

# बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को बमामाईंस पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा कर दिया। पुलिस के गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर चोरी की 14 बाइक बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में गोलमुरी निवासी सूरज सिंह उर्फ केडी, बिरसा नगर निवासी आयुष नाग व सुंदरनगर के श्रीनाथ रजक शामिल है। मौके पर ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया 29 जुलाई को बमामाईंस निवासी मनीष कुमार पाल की एक बाइक चोरी होने की शिकायत मिली थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस अनुसंधान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की बाइक गोलमुरी के रहने वाले सूरज सिंह उर्फ केडी के पास होने की कजानकारी मिली। पूछताछ में सूरज सिंह ने सहयोगी आयुष नाग व श्रीनाथ रजक का नाम बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया बरामद बाइकों में से छह बाइक का सत्यापन हो गया। जबकि अन्य की जांच चल रही है। उन्होंने बताया गिरफ्तार सूरज सिंह उर्फ केडी व आयुष नाग नशे के लिए बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते थे। चोरी के बाद बाइक को श्रीनाथ रजक को मात्र ढाई हजार रुपए में बेच देते थे। रजक ग्रामीण क्षेत्रों में कम दाम में बेच देता था।

# विधायक ने कपाली टीओपी को थाना और कांदरबेड़ा, मिलन चौक और गौरांगकोचा में नया टीओपी बनाने का किया आग्रह



**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के इचागढ़ विधायक सविता महतो ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कपाली को थाना बनाने की मांग उठाई। मौके पर विधायक श्रीमती महतो ने कहा कपाली टीओपी का कार्यक्षेत्र बहुत बड़ा है। कपाली टीओपी को थाना बनाने व ईचागढ़ प्रखंड के मिलन चौक, गौरांगकोचा व कान्दरबेड़ा में नये टीओपी बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कुकड़ू प्रखंड कार्यालय के सामने नए थाना भवन बनकर तैयार है। भवन का शुभारंभ करना सुरक्षा के दृष्टिकोण से उचित होगा। विधायक सविता महतो ने विधान सभा में राज्य सरकार से वर्णित नए थाना व टीओपी निर्माण कर लिए आग्रह किया।

# भूमिज भाषा को आचार्य नियुक्ति परीक्षा में शामिल करने की मांग

## विधायक संजीव सरदार, सविता महतो, समीर कुमार महंती, मंगल कालिंदी के नेतृत्व में भूमिज समाज ने की सीएम से भेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में झारखंड प्राथमिक सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली-2023 मे भूमिज भाषा को पुनःशामिल करने की मांग को लेकर भूमिज समाज व शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल पोटका विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। बुधवार को मुलाकात के दौरान विधायक संजीव सरदार के साथ विधायक सविता महतो, विधायक समीर कुमार महंती, विधायक मंगल कालिंदी सहित भूमिक समाज के प्रतिनिधि मंडल शामिल रहे। कम पर समाज के लोगो ने कहा भूमिज झारखंड की प्रमुख जनजातिय भाषा है। झारखंड सरकार के द्वारा 2018 मे द्वितीय राजभाषा का दरजा दिया गया है। भूमिज भाषा के अबतक शिक्षक नियुक्ति, जेटेट-2012,2013, 2016 तथा आंकलन परीक्षा, पंचायत सचिव बहाली परीक्षा मे शामिल किया गया था। जेटेट परीक्षा 2016 मे भाषावार सर्वाधिक अभ्यर्थी भूमिज जनजातिय भाषा से उतीर्ण हुये थे। लेकिन झारखंड सरकार के द्वारा वर्तमान मे निकाली गयी झारखंड प्राथमिक सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली-2023 मे भूमिज जनजातिय भाषा को सूचि से विलोपित कर दिया गया। इससे भूमिज भाषा अभ्यर्थियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। भूमिज समाज की मांग है झारखंड प्राथमिक सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली-2023 मे भूमिज जनजातिय भाषा को शामिल किये जाये। राज्य एवं जिला स्तर के सभी परीक्षा मे भूमिज भाषा को शामिल करे व प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर के शिक्षा मे भूमिज भाषा को शामिल किया जाए। मौके पर भूमिज शिक्षक संघ के खोगेन सरदार, दशरथ सरदार, हिकिम सरदार, कमल लोचन सरदार, नीलमोहन सरदार, लखींद्र सरदार, ईश्वर चंद्र सरदार, अनील सरदार, अहिर चंद्र सरदार, नृपेन सरदार, रविंद्र सरदार, पिंकी सरदार,सविता भूमिज,दिनेश सरदार, युधीष्ठीर सरदार, मिलू सरदार, निरंजन सरदार शामिल रहे।

# दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद शहर पहुंचे रघुवर का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में नवगठित राष्ट्रीय पदाधिकारी की टीम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व सीएम रघुवर दास जमशेदपुर पहुंचे। बुधवार को पूर्व सीएम का शहर आगमन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर उनका जोरदार स्वागत किया। उधर सुबह से हो रहे मूसलाधार बारिश के बीच कार्यकर्ता काफी उत्साहित रहे। वही कार्यकर्ता अपने नेता के स्वागत में डटे रहे। शहर पहुंचते ही पूर्व सीएम ने शहीद खुदीराम बोस व लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। वही रामलीला मैदान में बजरंग बली की पूजा अर्चना कर शहर व झारखंडवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की।मौके पर विभिन्न मंडलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़े व आतिशबाजी के साथ मानगो शहीद खुदीराम बोस चौक, मानगो बस स्टैंड गोलचक्कर, साकची शीतला माता मंदिर चौक, रामलीला मैदान चौक व एग्रिको स्थित आवास तक पूर्व सीएम का अभूतपूर्व स्वागत किया। मौके पर फूल-माला, अंगवस्त्र भेंटकर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। उत्साहित कार्यकताओं ने उनके समर्थन में जमकर नारेबाजी की। एग्रिको स्थित आवास में बधाई देने बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता व समर्थकों का तांता लगा रहा। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सीएम रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं के सम्मान व शुभकामनाओं के प्रति आभार जताया।

उन्होंने कहा भारी बारिश के बीच कार्यकर्ताओं के उत्साह व अनमोल प्यार से अभिभूत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार जताया।

कहा जो दायित्व मिला है, वे उसपर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। पार्टी की विचारधारा के अनुरूप जनसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य करते रहेंगे।

## इनकी रही मौजूदगी

पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू तिवारी चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## उपायुक्त ने मोबाइल साइंस एग्जीबिशन वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** विज्ञान के प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य बुधवार को समाहरणालय गढ़वा परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा मोबाइल साइंस एग्जिबिशन (भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी) वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वाहन का संचालन श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र, भारत सरकार की एक गैर सरकारी संस्था एवं झारखंड सरकार के तत्वावधान में किया जा रहा है। मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वाहन गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों में स्थित उच्च विद्यालयों में जाकर विज्ञान के बारे में बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारी देकर उनमें ज्ञान वर्धन करने का कार्य करेगा। उक्त मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वाहन में चरखी प्रणाली, झुका हुआ तल, कृषि का सशक्तिकरण, सीमेंट मिक्सर, एक्स्क्वेटर, लीवर, पहिया और धुरा, स्क्रू जैक, पहिए को गति देना, डंपर ट्रक, स्मार्टफोन, सोलर सेल समेत अन्य विषय पर महत्वपूर्ण एक्सिबिशन लगा है। उपायुक्त द्वारा मौके पर फीता काटकर मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वाहन का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने पूरे वाहन में प्रस्तुत एक्सिबिशन का जायजा एवं विभिन्न विषयों पर जानकारी भी ली। इस दौरान मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी अकाश कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत, एडीएफ राम कुमार सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी का मेगा कैंडिडेट मूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय परिसर के प्रांगण में 'झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी' के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत मेगा कैंडिडेट मूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़वा जिला से विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु कुल 65 कैंडिडेट को उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। उपायुक्त ने सभी कैंडिडेट को प्रशिक्षण हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप प्रशिक्षण लेकर अच्छे से नौकरी करें और अपने मां-पिता के साथ-साथ अपने गांव समाज का भी नाम रोशन करें। कुल 65 कैंडिडेट को मेगा कैंडिडेट मूवमेंट कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील कुमार दास, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार, शेखर सत्यकेतु, जिला कोऑर्डिनेटर संयोग संगम, प्रमोद पांडे सहित सभी ढक्ञ के मोबिलाइजर एवं विभिन्न प्रखंड के जेआरपी भी उपस्थित रहे।

## श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के अनुयायियों ने श्री बड़मा जी का 130वां शुभ जन्म दिन मनाया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा के प्रांगण में श्री श्री बड़मा जी का 130वां शुभ जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर सत्संगियों द्वारा विशेष सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। सत्संग में इष्टचर्चा करते हुये अनिता मां ने श्री श्री बड़मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि वे पतिव्रता व सभी जीवों पर स्नेह करनेवाली मां थीं। वे हमेशा श्री श्री ठाकुर जी के बताये दिशा निर्देश का पालन करती थीं। श्री श्री ठाकुर जी द्वारा बताये गये नारी के आठ वैशिष्टयों का पालन करती थीं। आठ विशिष्टियों में निष्ठा, धर्म, सुश्रुषा, सेवा, सहायता, संरक्षण, प्रेरणा और सुप्रजनन है। कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि, बन्देपुरुषोतम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ व नारी नीति पाठ किया गया। सत्संग के बाद आयोजित भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। सत्संग में गोविंद दा, राजकुमार, अजय कुमार, संजय कुमार, शक्तिदास सिन्हा, भोला प्रसाद, राहुल दा, धृतदीप्त, छोटू वर्मा, प्रभा देवी, प्रमिला देवी, सतवंती देवी, निर्मला जायसवाल, काजल देवी, मंजुला सिन्हा, वृन्दा देवी, प्रीति सिन्हा, सुप्रिया कुमारी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी वृन्द उपस्थित थे।

### प्रदर्शन : भाजयुमो ने अधिकार मार्च मशाल जुलूस निकाला, महाधरना आज

# झामुमो सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है : ओम प्रकाश केशरी

**युवाओं को धोखा देने वाली झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवाओं ने कमर कस लिया है : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में नियोजन नीति, स्थानीय नीति और सीटेट उत्तीर्ण झारखंड के मेधावी आदिवासी मूलवासी बेरोजगारों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर देने, बिजली व्यवस्था में सुधार, आयुष्मान भारत योजना शुरू करने को लेकर स्थानीय चिनियां मोड़ से मझिआंव मोड़ तक अधिकार मार्च मशाल जुलूस निकाला गया। 3 अगस्त को जिला मुख्यालय पर महाधरना का आयोजन किया गया है। महाधरना आयोजन की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस का आयोजन किया गया।

मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है। हेमंत सरकार जनविरोधी नीतियों में पूरी तरह से लिप्त है।

उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में लगी हुई है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता मौन नहीं बैठेंगे। अब जनता के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए भाजपा कार्यकर्ता कमर कस चुके हैं।

पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि झामुमो सरकार विकास विरोधी सरकार है। हेमंत सरकार में गरीब जनता त्राहि त्राहि कर रही है। वर्तमान सरकार में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। गढ़वा सहित पूरे झारखंड की जनता झामुमो को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हो चुकी है।

भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकना होगा, तभी राज्य सुरक्षित होगा। युवा महिला किसान मजदूर सबलोग परेशान हैं लेकिन जनता अब मौन नहीं बैठेगी।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि युवाओं को धोखा देने वाली झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवाओं ने कमर कस लिया है। वर्तमान सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार, लूट और हत्या खुलेआम चल रहा है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। अबकी बार 2024 में झामुमो की विदाई तय है।

मौके पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, बृजेन्द्र पाठक, बिनय चंद्रवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, ओमप्रकाश पासवान, प्रिंस तिवारी, निखिल उपाध्याय, विकास तिवारी, राजकुमार, टिंकु गुप्ता, अनवर साह, शिवनारायण चंद्रा, उदय कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, शुभम गुप्ता, राजकुमार गुप्ता सहित अन्य कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

## रंका अनुमंडल राउवि के मैदान में सार्वजनिक झंडोत्तोलन का निर्णय



**अनुमंडल पदाधिकारी ने की स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर अनुमंडल कार्यालय के सभाकक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी रामनारायण सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर रंका अनुमंडल का सार्वजनिक झंडोत्तोलन राजकीयकृत उच्च विद्यालय के मैदान में करने का निर्णय लिया गया। इसके सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में बीडीओ देवानंद राम, सीओ शंभू राम, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष दुबे, अनुमंडल खेल समिति के सचिव रविंद्र सिंह, संत जोसेफ उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक देवेंद्र नाथ चौबे, राज माता गुजेश्वरी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य भरत लाल चौधरी, रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, संकुल साधन सेवी संजय प्रसाद, आरके प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य शाहनवाज अख्तर को सभी कार्यक्रमों का समन्वय बनाकर इन पदाधिकारियों के सहयोग में 15 अगस्त के दिन सार्वजनिक झंडोत्तोलन कार्यक्रम कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया है। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद, डॉ गोरख नाथ पांडेय, पुलिस निरीक्षक रामजी महतो, सब इंस्पेक्टर श्रवण कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रेवती रमन सिंह, राज माता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय के प्राचार्य भरत लाल चौधरी, एसके इंटरनेशनल विद्यालय के निदेशक अजय कुमार सिंह, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन एनिमा बेक, राजकीयकृत उच्च विद्यालय के प्राचार्य शाहनवाज अख्तर, परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर रजक, आदर्श बाल विकास विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार प्रजापति सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं प्रतिष्ठानों के प्रभारी उपस्थित थे।

## दो पंचायत के पीडीएस लाभुकों ने प्रखंड परिसर में दिया धरना

**एक मामले में मिला आश्वासन, वहीं दूसरे मामले को लेकर चार सदस्यीय जांच टीम गठित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** प्रखंड परिसर में दो अलग-अलग पंचायत के लाभुकों ने राशन नहीं मिलने की शिकायत को लेकर प्रखंड परिसर में धरना दिया। जिसमें गम्हरीया गांव के डीलर सविता देवी द्वारा जून व जुलाई माह का राशन नहीं दिए जाने को लेकर चना, गर्दा, केरव मनोहर, बारपानी के लाभुकों ने धरना दिया। लाभुकों ने कहा कि नजदीकी डीलर के बर्खास्त हो जाने के बाद गम्हरिया गांव के डीलर सविता देवी के पास से राशन मिलने लगा। लेकिन डीलर सविता देवी के द्वारा अंगूठा लगवाकर कच्चा पर्ची देते हुए कहा गया कि नेटवके इशु की वजह से सभी का अंगूठा लगवा लिया जा रहा है। राशन आने के बाद पर्ची के आधार पर राशन दिया जाएगा। किंतु जून और जुलाई माह का राशन नहीं दिया गया। जिसको लेकर बीते 19 जुलाई को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सह एमओ ललित कुमार सिंह को आवेदन दिया था। जिसके बाद राशन वितरण कराने को लेकर आश्वासन दिया गया था। किंतु काफी दिन बीत जाने के बाद भी राशन वितरण नहीं हो सका। इस संबंध में बीडीओ ललित प्रसाद सिंह ने कहा कि लाभुकों की शिकायत पर चार सदस्यीय टीम गठित कर जांच करायी जा रही है। जल्द ही लाभुकों को राशन उपलब्ध कराया जाएगा।

वहीं दूसरे मामले में जोगिराल कला के लाभुकों ने नजदीकी डीलर से ही राशन उठाने को लेकर धरना दिया। लाभुकों ने बताया कि पूर्व में गांव के ही डीलर कलावती देवी के पास से राशन मिलता था। लेकिन कुछ माह से टंडवा गांव के डीलर भुनेश्वर मेहता के पास राशन मिल रहा है। जिससे आने जाने में बहुत परेशानी हो रही है। बीडीओ सह एमओ ललित कुमार सिंह ने आश्वासन देते हुए लाभुकों से कहा कि अगले माह से नजदीकी डीलर के पास राशन सुनिश्चित कराया जाएगा।

मौके पर गम्हरिया मुखिया पानपति देवी, बीडीसी कौशल्या देवी, मीरा देवी, पुनीता देवी, सीता देवी, देवंती देवी, संतोष पाल, परवेज अंसारी, गंगा राम, कुलदीप बैठा, सुरेश बैठा, मनोहर राम, विश्वनाथ बैठा, केदारनाथ यादव, बसंत साव, सुदामा साव, रामकिशुन यादव, मंजू देवी, चंदा देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)।** कांडी थाना क्षेत्र के खुटहेरिया गांव निवासी बिगन राम की पत्नी शारदा देवी 55 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस मामले को लेकर कांडी थाना में महिला के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की तहरीर दी गई है। यह घटना मंगलवार रात की है। इस घटना की प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर मृतका के पति बिगन राम ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार मृतका के पुत्र शंकर राम ने पीछे से घर में घुस कर देखा तो उसकी मां फंदे से लटक रही थी। हालांकि शारदा देवी की मौत के विषय में ग्रामीणों के द्वारा तरह-तरह की चर्चा की जा रही है, जो जांच का विषय है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।**
**शुद्धि पत्र**

पत्रांक – 621/गढ़वा, दिनांक – 27.07.2023

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R.No- 302930 Ad Received on 21.07.2023 ((WRD/MIDV/GARHWA/06-F2/2023-24) मानपुर मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 303832 Minor Irrigation(23-24)D


## कार्यपालक पदाधिकारी से मिल कर जलापूर्ति करने का किया अनुरोध



गढ़वा (आजाद सिपाही)। **नगर परिषद के वार्ड–**5 के अति पिछड़ा आदिवासी वार्ड के लोग शहरी जलापूर्ति के लाभ से वंचित हैं। इस कारण लोगों में काफी आक्रोश है। सोनपुरवा टांडी पर अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग की काफी जनसंख्या है जो दैनिक मजदूरी, ठेला रिक्शा चलाकर जीविकोपार्जन करते हैं। जिनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। उन्हें हर रोज पानी की समस्या के कारण दर दर भटकना पड़ता है। शहरी जलापूर्ति योजना द्वारा शहर के अन्य वार्डो में पानी की आपूर्ति हो रही है, परन्तु आदिवासी बहुल्य टांडी मुहल्ले में अभी तक पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। क्षेत्र के लोगों ने बुधवार को नगर परिषद गढ़वा कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर इस गंभीर समस्या का स्थाई समाधान करने का अनुरोध किया। साथ में संजय सिंह अग्रहरी, राजू गोंड, राजन गोंड, विकास गोंड, सन्नी चन्द्रवंशी, अंकित गोंड, अनिल गोंड, कौशल गोंड, अरुण पटवा, राजन गोंड, विकास गोंड, सुभाष गोंड, विनोद शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा उपस्थित थे।


**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**
**(अभियंत्रण शाखा)**
**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 19/2023-24 PR No- 303346(District) 2023-24(D) द्वारा प्रकाशित निविदा में महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

| क्र. | | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 28.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे | 03.08.2023 अपराह्न 5:00 बजे |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि | 05.08.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 10.08.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि | 07.08.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक | 11.08.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 08.08.2023 अपराह्ण 04:00 बजे | 12.08.2023 अपराह्ण 04:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 303880 District (23-24)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI**

**Very Short e-Quotation No. 03/2023-24 (3rd Call)**
**P.R. No. 300921 & 302592 (Drinking Water & Sanitation) 23-24 (D)**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/ Jyoti/ WPIL/ Mather & Platt make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of HSC centrifugal HT pump set with all its components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 10.08.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 11.08.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

**Executive Engineer,**
**D.W& S. Mechanical Urban Division,**
**Ranchi**

PR 303831 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)


### बैठक : प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में की गयी योजनाओं की समीक्षा

# अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने का लिया गया निर्णय

**बीस सूत्री अध्यक्ष नगर पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े सभी स्ट्रीट लाइट को जल्द ठीक कराने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी-कर्मचारी के साथ उनके विभागों द्वारा संचालित योजना के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में नगर पंचायत के नगर प्रबंधक द्वारा बताया गया कि दुकानों के संचालन हेतु फूड लाइसेंस सीएस के कार्यालय से निर्गत होता है। नगर पंचायत कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। उन्होंने कहा कि सब्जी बाजार में प्रतिदिन सफाई होती है। सफाई हेतु तीन ट्रैक्टर उपलब्ध हैं। अध्यक्ष श्री चौबे ने निर्देश देते हुये कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े सभी स्ट्रीट लाइट को जल्द ठीक करा कर चालू कराया जाये। नगर प्रबंधक ने कहा कि मॉडलर शौचालय है जो कि पानी के अभाव में बंद है। अध्यक्ष ने बरसात के मौसम को देखते हुए फॉगिंग मशीन से स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में मच्छरों को भगाने हेतु फागिंग कराने का निर्देश दिया। सांसद प्रतिनिधि ने सभी केसीसी ऋण धारकों को शत प्रतिशत डेबिट कार्ड देना सुनिश्चित करने, सभी बैंक को उनके द्वारा संचालित सीएसपी की सूची विवरण सहित शनिवार तक कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि आवास के लाभुकों की राशि केसीसी लोन में नहीं काटेंगे। बीइओ को अपना कार्यालय प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा की समीक्षा करते हुए कुछ पंचायतों में योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने की शिकायत की गई, जिसकी जांच हेतु एक जांच दल का गठन करने का निर्णय लिया गया। जांच दल में बीडीओ, सांसद प्रतिनिधि, 20 सूत्री सदस्य इकबाल खान, कनिय अभियंता तथा सहायक अभियंता रहेंगे। जिनके द्वारा ग्राम पंचायत बिलासपुर तथा चितविश्राम की जांच की जायेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रम विभाग को पत्र लिखकर मजदूरी भुगतान में अनियमितता की शिकायत की जांच कराई जायेगी। पंचायत सचिव के पदस्थापन हेतु जिला पंचायती राज पदाधिकारी गढ़वा को पत्राचार किया जायेगा। बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्णय लिया गया। बैठक में बीस सूत्री उपाध्यक्ष ईश्वरी चौधरी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण कुमार मुंडा, बीइओ विजय पांडेय, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, 20 सूत्री सदस्य दिनेश राम, अशफाक अंसारी, इकबाल खान, मधु मिंज, शांति देवी, शिव कुमार यादव सहित सभी विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI**

**Very Short e-Quotation No. 04/2023-24(2nd Call)**
**PR. No. 300927 Drinking Water and Sanitation (23-24)D**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer/departmental registered contractor having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of panel set 11 KV, 800A, 25kA/3sec, indoor type VCB panel board (Make- ABB(System House)/ Schneider (System House)/ CGL (System House)/ Jyoti/ Alstom) with cables and other accessories under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 10.08.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 11.08.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia, Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

**Executive Engineer,**
**D.W& S. Mechanical Urban Division,**
**Ranchi**

PR 303825 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## निर्देश : खूंटी में तीन चरणों में चलेगा मिशन इंद्रधनुष 5.0, पहला चरण सात अगस्त से

# एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहे: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में मिशन इंद्रधनुष 5.0 का पहला चरण सात से शुरू हो रहा, जो 12 अगस्त तक चलेगा। जबकि दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर और तीसरा चरण नौ से 14 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान को लेकर डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक की गयी। जिसमें मिशन इंधनुष 5.0 के तहत नियमित टीकाकरण को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया भी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि मिशन इंद्रधनुष एक बूस्टर टीकाकरण कार्यक्रम है, जो टीकाकरण का कवरेज अधिक करने के लिए चलाया जाता है। जिले में सघन मिशन इंद्रधनुष (एमआई) 5.0 कार्यक्रम के तहत नियमित टीकाकरण अभियान की शुरूआत की जानी है। इसे गति देने के उद्देश्य से संचालित इस अभियान की सफलता को लेकर विभागीय स्तर से जरूरी तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में डीसी ने मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम की सफलता के लिए कई निर्देश दिये। कहा कि इस विशेष अभियान से बच्चों में होनेवाली बीमारियों के वायरस से लड़ने की क्षमता बढ़ेगी। अभियान में एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं हो, इसका ध्यान रखा जा रहा। सुदूर ग्रामीण इलाकों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मिशन इंद्रधनुष विशेष लक्ष्य पर काम करता है। यह ऐसे क्षेत्रों में कारगर होगा, जहां नियमित टीकाकरण नहीं होते है। इसमें उन गांव और टोलों को प्राथमिकता दी जा रही, जहां नियमित टीकाकरण नहीं हुए है। बताया कि यह टीकाकरण शून्य से दो वर्ष तक के बच्चों को और पांच वर्ष तक छूटे हुए बच्चों को देना है। दूसरी ओर, डब्ल्यूएचओ के चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करने के साथ ही कर्मचरियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस मौके पर डेड काउंट सर्वे, माइक्रोप्लान तैयार करना और जन जागरूकता को लेकर डीसी लोकेश मिश्रा ने आवश्यक निर्देश दिए।



पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश देते डीसी लोकेश मिश्र।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा को किया जायेगा सुदृढ़ : लोकेश मिश्रा

खूंटी (आजाद सिपाही)। डीसी लोकेश मिश्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा व सेवाओं को सुदृढ़ और बेहतर बनाया जाएगा, ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। वे बुधवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य और चिकित्सका सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता में है। उन्होंने सभी सीएचओ के कार्यों, ओपीडी, टेलीमेडिसिन, कम्यूनिटी बेस्ड असेसमेंट में किए गए कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने निर्देशित किया कि सभी एमओआइसी और बीडीओ अपने संबंधित क्षेत्र के प्रमुख, उपप्रमुख, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी, सहियाओं के साथ बैठक कर स्वास्थ्य कार्यों की चर्चा करें और चिकित्सा सुविधा कों बेहतर अनाने का प्रयास करें। उन्होंने जिले के हर स्वास्थ्य उपकेंद्र में एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि सदर अस्पताल के साथ-साथ सभी पीएचसी और सीएचसी में भी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उचित स्वास्थ्य सुविधा के साथ ही अस्पताल प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी योग्य लाभुक का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय, ताकि हर जरुरतमंद व्यक्ति को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सके। सभी अधिकारी समन्वय बनाकर काम करें।

## मध्य प्रदेश के अपर सचिव लक्ष्मण राज ने जाना भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों का हाल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मध्यप्रदेश सरकार में अपर सचिव लक्ष्मण राज सिंह मरकाम बुधवार को खूंटी पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा के पड़पोते सुखराम मुंडा से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद वे पद्मभूषण कड़िया मुडा से अनिगड़ा स्थित आवास जाकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके पूर्व खूंटी पहुंचने पर एसजीवीएस अस्पताल के निदेशक डॉ निर्मल सिंह ने उनका स्वागत किया। मौके पर अपर सचिव ने कड़िया मुंडा से जनजाति समाज के विकास को लेकर चर्चा की। अपने दौरे के क्रम में मरकाम कुंजला स्थित विद्यालय और अनिगड़ा स्थित एसजीवीएस अस्पताल मे जाकर कार्यों के बारे में जानकारी ली। कुंजला में बच्चों को संबोधित करते हुए अपर सचिव ने कहा कि अंतरमन को सहजता से अपने आत्मविश्वास को ग्रहण करें। जटिल विचारों को सुलभ बनाया जा सकता है, शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के लिए कड़ी मेहनत और लगन जरूरी है। मरकाम ने कहा कि शिक्षा को स्वरोजगारोंमुखी बनाने से ही विकास होगा। उन्होंने कहा कि संकल्प लें, तो सफलता दूर नहीं है। शिक्षा की यात्रा जो प्रारंभिक और मैट्रिक तक व्यक्तिगत विकास के लिए उत्प्रेरक और उनके रास्ते में आने वाले हर अवसर का लाभ उठाने की पहली सीढ़ी है। गायत्री पेस्टलोजी की शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और अगली पीढ़ी को प्रेरित करने की तारीफ की और हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं, महात्मा नारयण दास ग्रोवर हाई स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा मरकाम के शब्द हमारे लिए प्रेरणा हैं। कड़िया मुंडा ने मरकाम के जनजाति समुदाय के विकास में उनके योगदान के लिए सराहना की।

## ईचागढ़ की विधायक ने की मिलन चौक व गौरांगकोचा में नया टीओपी बनाने की मांग



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ की विधायक सबिता महतो ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को शून्य काल में ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक, गौरांगकोचा व चांडील के कांदरबेड़ा में नया टीओपी बनाने की मांग की है। वंही विधायक ने कपाली स्थित टीओपी को थाना का दर्जा देने एवं कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड परिसर में तैयार थाना भवन में थाना का संचालन करने की मांग की है। इसकी जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलू महतो ने दी।

## देश के अलग-अलग जगहों पर आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के प्रतिवाद में फूंका केंद्र का पुतला



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना आदिवासी समाज सहित विभिन्न संगठन के तत्वाधान में समान नागरिक संहिता, यूसीसी, सुभाष मुंडा हत्याकांड, मणिपुर कांड, मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक पर पेशाब किए जाने के विरोध में केंद्र सरकार और मणिपुर के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। साथ ही तमाड़ के रायडीह मोड़ पर प्रदर्शन भी किया गया। अपने संबोधन में व्जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि जिस प्रकार आदिवासियों पर चौतरफा हमला हो रहा है। समान नागरिक संहिता के नाम पर आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार विशेष अधिकार छीना जा रहा है। देश में एकमुश्त अधिकार समाप्त करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। उसका आदिवासी समाज विरोध करता है। एक तरफ सुभाष मुंडा का हत्या कर फरार अपराधी अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं। इससे पता चलता है कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था कायम कर पाने में विफल रही है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि अविलंब सुभाष मुंडा के अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो जन आंदोलन तेज किया जायेगा। इस अवसर पर दुर्गावती औरैया मुंसी मुंडा, पूरन सिंह मुंडा, सहदेव मुंडा, सिदाम सिंह, सावना मुंडा मुंडा हिरा मुंडा, तुलसी मुंडा, बुधन लाल सिंह मुंडा, अनिल मुंडा, रामा कांत मुंडा सुसीला देवी, जुगना मुंडा, देवांआनंद मुंडा, लखविंदर सिंह मुंडा, शिशुपाल मुंडा, सवर्ण मुंडा, मंगल मुंडा, कर्म सिंह मुंडा, सीता देवी, हीरा मुंडा, हरि मुंडा, उदार कात मुंडा, महेश मुंडा, दीनबंधु मुंडा, देव कुमार उरांव, मदन माझी, सुनील मदनलाल सिंह मुंडा, मुखिया हरि सिंह मुंडा और ब्रह्मानंद सिंह मुंडा आदि शामिल थे।

## पिपरवार कोयलांचल में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

# सड़कों पर जल जमाव से लोगों की बढ़ी परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार की आधी रात से हो रही मूसलाधार बारिश से मौसम काफी सुहाना हो गया है।बारिश के कारण क्षेत्र के सभी सड़कों में जल जमाव देखा जा रहा है,जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की आधी रात से कोयलांचल क्षेत्र के इलाके में मूसलाधार बारिश हो रही है। बुधवार को दिनभर कोयलांचल क्षेत्र का पूरा इलाका बारिश की चपेट में रहा। जिसके कारण क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं बाजारों की रौनक फीकी रही।स्कूल आने जाने वाले बच्चे बारिश में भीगते नजर आए।बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है,जिससे मौसम काफी खुशनुमा हो गया है। इधर बारिश के कारण आवासीय कॉलोनी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली भी जारी रही। वहीं बारिश के कारण क्षेत्र के सभी नदी,तालाब,कुआं में पानी की धार बहने लगी है। ग्रामीण इलाकों की सड़कें और ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ो का अंबार देखा जा रहा है। क्षेत्र के कल्याणपुर से बहेरा तक अर्ध निर्मित सड़क पर जल जमाव होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई घरों और दुकानों में भी बारिश का पानी घुस रहा है।

इधर बारिश की मार कोयला खदानों पर भी देखा जा रहा है। खदान का हॉल रोड गीला होने के कारण भारी मशीनों का परिचालन नहीं हो पा रहा है।

क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश से लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत मिली है।

## बचरा में हुई गणेश पूजा समिति की बैठक, धूमधाम से पूजा करने का निर्णय

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित हनुमान मंदिर में गणेश पूजा के आयोजन को लेकर श्री सार्वजनिक गणेश पुजा समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वप्रथम पिछले साल हुई पुजा में हुए आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष गणेश पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसकी तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया और सभी को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में प्रवीण सिंह, सुमन सोनी,बीटू गुप्ता, सोनू शर्मा,राजा सिंह, बल्ली सिंह,पप्पू सोनी,सोनू गुप्ता सहित काफी संख्या में पूजा समिति के लोग मौजूद थे।

## 24 लाख ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराया जा रहा नल से स्वच्छ पेयजल

**विधायक कोचे मुंडा के सवाल पर राज्य के पेयजल एवं स्चच्छता विभाग के मंत्री ने सदन को दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 24 लाख ग्रामीणों को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। तय समय सीमा के अंदर राज्य के 29 हजार 595 गांवों के 61 लाख 20 हजार ग्रामीण परिवारों को नल से शद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना है। यह जानकारी पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बुधवार को तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा द्वारा विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में दिया। विधायक कोचे मुंडा ने सदन के माध्यम से पूछा था कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित नल जल योजना का कार्य कई जगहों पर शुरू नहीं किया गया है। इस कारण लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। विधायक ने कहा कि जिन योजनाओं का कार्य शुरू हुआ है, उनके निर्माण की गति काफी धीमी है। इस पर विभाग के मंत्री ने बताया कि सिर्फ गोड्डा जिले के महागामा बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं खूंटी जिले में सिंदरी पूरनानगर बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना का वर्क आर्डर देना बाकी है, जो प्रक्रियाधीन है। सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य के सभी गांवों में जल गुणवत्ता के परीक्षण के लिए स्थानीय जलसहियाओं को फील्ड टेस्टिंग किट प्रदान किया गया है, जिससे जल की गुणवत्ता की निरंतर जांच की जाती है। विधायक के प्रश्न पर मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी 24 जिलों में नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज से मान्यता प्राप्त जांच प्रयोगशाला भी है। नल जल योजना को समय पर पूरा करने के लिए क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं के अुश्रवण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।





## रांची डीडीसी ने विकास योजनाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# प्रखंड स्तर पर बड़ी योजनाओं का चयन करें: डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** प्रखंड में डीएमएफटी फंड से ली जाने वाली विकास योजनाओं को लेकर प्रखंड सभागार में बुधवार को रांची के डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें खलारी बीडीओ लेखराज नाग, सीओ एसपी आर्य, जिप सदस्य शाल्या परवीन, सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह व खलारी प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा आदि उपस्थित थे।

डीडीसी ने खलारी प्रखण्ड में विशेष रूप से पेयजल समस्या के मुद्दे को लेकर योजनाओं के संबंध में चर्चा की और जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगा गया कि और क्या योजनायें उनके पंचायत में हो सकती है। इस पर जनप्रतिनिधियों ने बताया कि प्रखंड के बुकबुका पंचायत स्थित बहुजलापूर्ति योजना के तहत बनाये गये फिल्टर प्लांट में पानी की कमी के कारण गर्मी के मौसम में तीन से चार माह पानी की आपूर्ति बंद रहती है। सपही नदी में बनाये गये इंटकवेल के समीप नदी पर बड़ा चेक डैम बना दिये जाने से सालो भर पांच पंचायत के लोगों को पेयजलापूर्ति हो सकेगी।

वहीं कई जनप्रतिनिधियों ने जगह-जगह डीप बोरिंग कर घर-घर पेयजलापूर्ति करने की बात कही। जनप्रतिनिधियों कहा कि कोयला खदानों को देखते हुए जहां बहुउद्देशीय योजना का लाभ नहीं पहुंच सकता है वहां 700 से 1000 फीट गहरी डीप बोरिंग की जरूरत है। हुटाप पंचायत में भी चेक डैम के निर्माण के लिए बात रखी गई। इस पर डीडीसी ने कहा कि भारत सरकार का सार्वजनिक जल जीवन मिशन चल रहा है। इसके तहत हर घर तक जल पहुंचना है। वहीं, जनप्रतिनिधियों ने खलारी के विकास को लेकर कई बातों को रखा। खलारी को स्वच्छ-सुंदर बनाने, पार्क व पुस्तकालय का निर्माण कराने इंडोर व आउटडोर स्टेडियम बनाने, पंचायतों में बच्चों के खेलने के लिये खेल मैदान सहित अन्य मांग की गयी। इस पर डीडीसी ने कहा कि खलारी प्रखण्ड में डीएमएफटी के माध्यम से जितनी भी योजनायें ली गई है वो उपयोगिता विहिन है। डीएमएफटी में बहुत पैसा है। खलारी के पैसा का खलारी में सदुपयोग हो इसके लिये आप लोग प्रखण्ड स्तर के बड़ी योजनाओं का चयन कर उसे ग्राम सभा में प्रस्तावित कर पारित करवायें, ताकि खलारी प्रखंड में विकास कार्य दिख सके। कहा कि 15 अगस्त के बाद बैठक कर सभी पहलुओं पर समीक्षाएं करेंगे। वहीं बीडीओ लेखराज नाग ने बताया की स्मोक टावर को खदान से निकलने वाले धुआं को फिल्टर करने के लगाया जाएगा।

उधर, बैठक के बाद डीडीसी ने सपही नदी जाकर चेकडैम बनाने वाले स्थल का निरीक्षण भी किया।

बैठक में डीएमएफटी टीम लीड अभिषेक आनंद, प्रोजेक्ट अधिकारी अनिल सिंह, निति आयोग की प्रिया श्रुति, जेई अमित कुमार, जनप्रतिनिधियों में पारसनाथ उरांव, संतोष कुमार महली, मलका मुण्डा, शिवरत मुण्डा, पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, शिवनाथ मुण्डा, सुनिता देवी, ललिता देवी, कुजिंता देवी, धीरज बहादुर, किरण तिकी आदि थे।





जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीडीसी दिनेश कुमार यादव।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पुरानीराय में जलमीनार का शिलान्यास 4000 परिवारों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत के पुरनी राय स्थित झारखंडी शिव मंदिर के पास जलमीनार बनाने का कार्य शुरू हो गया। केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत झारखंड के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्माण कराए जा रहे जलमीनार का शिलान्यास सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, राय पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव एवं खलारी प्रखंड की उप प्रमुख सुमन देवी ने संयुक्त रूप से किया। राय पंचायत में शुद्ध पेयजल की कमी को देखते हुए पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव द्वारा इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था। जिस कारण पंचायत में स्थित सभी घरों को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव ने बताया कि इस जलमीनार से पुरनीराय, ठरहा, राय, स्टेशन रोड, धवईयाटांड़, खरनवाटाड़, आरसीएम साइडिंग, दरहाटांड़, राय बाजार, राय बस्ती, चुना भट्ठा, मुंबई होटल, बरवाटांड़ और गुणागड़ा सहित पंचायत के सभी टोलों में स्थित घरों तक पाईप लाईन के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाएगी। शिलान्यास के मौके पर उप प्रमुख सुमन देवी, राय पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो, धर्मनाथ महतो, दीपक महतो, मुकेश महतो, शाहदेव महतो, लखन लाल महतो, देवसागर महतो, नरेश महतो, अरविंद कुमार, दिलीप महतो, मिसरी महतो, राजेश महतो, सोहर महतो, दिनेश महतो आदि थे।

### रेल पटरी से अज्ञात युवक का शव बरामद

खूंटी (आजाद सिपाही)। जरियागढ़ थाना के नगड़ा गांव के पास रांची-राउरकेला रेल लाइन से पुलिस ने बुधवार को अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। संभावना व्यक्त की जा रही हैं कि ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई होगी। पुलिस ने सदर अस्पताल में पोस्टामार्टम करा लिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

### सोनाहातू में मनी नीलकांत महतो की पुण्यतिथि



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोनाहातू गांव में बुधवार को समाजसेवी, फुटबॉलर, हेल्थवर्कर नीलकांत महतो का 19 वां पुण्यतिथि मनाया गया। गांव में स्थित उनकी प्रतिमा पर परिवार के लोगों के साथ ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर उनकी बेटी रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य चितरपुर गोपाल चौधरी, सोनाहातू मुखिया विकास सिंह मुण्डा, पंचायत समिति सदस्य सुधीर सिंह मुंडा, संतोष महतो, हर्ष चौधरी, समाजसेवी प्रकाश कुमार महतो,विकास महतो, आकाश महतो,, प्रियंका मेहता, गीता देवी, श्रद्धा महतो, रेखा देवी, आशा देवी थे।

### ट्रेन में छुटे मोबाइल को टीटीइ ने यात्री को लौटाया



सिल्ली (आजाद सिपाही)। ट्रेन में छूटे यात्री के मोबाइल को टीटीइ ने सही सलामत लौटा दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात रांची से गोड्डा एक्सप्रेस ट्रेन में अमरेश कुमार झा नामक यात्री सवाल हुआ था, जिसका मोबाइल फोन ट्रेन में ही छूट गया था। यह मोबाइल टीटीइ वीरेंद्र पासवान को मिला। जिसे मुरी जीआरपी को पासवान ने सौंप दिया। इसके बाद मुरी जीआरपी की ओर से उक्त यात्री से संपर्क कर मोबाइल फोन को वापस लौटा दिया गया। उक्त कार्य के लिए टीटीइ का सराहनीय योगदान रहा।

### रघुवर दास से मिलकर विनय महतो ने दी बधाई



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने पार्टी में दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए रघुवर दास से मिलकर बधाई दी। रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ प्रदान किया। 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इनके कुशल सांगठनिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और फिर से पार्टी स्पष्ट बहुमत से केंद्र और राज्य में सरकार बनाएगी। वहीं, बधाई देने वालों में किशोर कुमार मेहता ,निखिल कुमार, अरविंद मदन और पंकज आदि शामिल थे।

### राहे के बिरहोर परिवार के बीच अनाज वितरण

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बंसिया पंचायत के सोसो बिरहोर परिवार के बीच बुधवार को चावल का वितरण किया गया। प्रखंड के सोसो बिरहोर टोली में 60 बिरहोर परिवार रहते है। मुख्यमंत्री खाद्यन्न योजना के तहत प्रति परिवार 35 किलोग्राम चावल निःशुल्क घर पहुंचा दिया जाता है। लेकिन जून, जुलाई और अगस्त का आवंटन नहीं होने से जून और जुलाई माह का चावल नहीं दिया गया था। उक्त खबर एक यू ट्यूबर ने सोशल मीडिया पर चला दिया। जिसके बाद राहे प्रमुख लीलमनी देवी बिरहोर परिवार से मुलाकात कर आश्वस्त किया था कि जल्द ही चावल मिलेगा। बुधवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विष्णु खंडित, मुखिया, नवकृष्ण लोहरा ने गांव जाकर बिरहोर परिवार के बीच चावल वितरण किये। बीएसओ विष्णु खंडित ने कहा कि आवंटन नहीं हसे चावल वितरण में विलंब हुआ। दो माह का वितरण किया गया है। अगस्त का चावल एक सप्ताह बाद दिया जायेगा।

### खलारी के पंचायतों में मॉडल गांव बनाने को लेकर बीडीओ ने की बैठक

खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड सभागार में बुधवार को बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भाग दो की बैठक हुई। जिसमें प्रखंड के पांच पंचायत चूरी पूर्वी, चूरी पश्चिमी, चूरी दक्षिणी, चूरी उत्तरी और चूरी मध्य पंचायत को मॉडल गांव बनाने के लिए ठोस और तरल कचरा प्रबंधन कार्य के लिए विस्तार से चर्चा की गयी।

## आजसू पार्टी सुप्रीमो व हटिया प्रभारी ने किया पार्टी कार्यालय का उद्घाटन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सुदेश कुमार महतो और आजसू पार्टी के हटिया प्रभारी भरत कांशी ने कूटे चौक में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सुदेश महतो ने कहा कि राजनीतिक पार्टी का आइना होता है पाटी कार्यालय। कार्यालय के खुलने से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को जनहित के कार्य में सुविधा होगी। आम लोग भी कार्यालय के माध्यम से अपनी समस्या को बता सकते हैं। हटिया विधान सभा क्षेत्र का पहला कार्यालय है और आगे भी आजसू पार्टी कार्यालय खोल जनमानस से जुड़ेगी। कार्यक्रम में रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, खिजरी विधानसभा प्रभारी पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सदस्य लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, राजा राम महतो, चिंटू मिश्रा, आजम अंसारी, सपोर तिग्गा, अनिल महतो, विकास नाथ शाहदेव, राजू नायक, राजेंद्र महतो, गायत्री देवी, बीना सिंह, रूपा देवी, लक्ष्मी देवी, नीमा तिर्की, मरियम तिग्गा, संदीप प्रजापति, योगेन्द्र महली, मोती महली, त्रिलोकी महतो, नवल महतो, मीना तिग्गा, सुशांति खेस, गोपाल साहू, किशन कांशी, विशाल साहू, दिनेश बैठा, कृष्णा मिर्धा, पंचू कच्छप, जलनाथ चौधरी सहित दर्जनों आजसू पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अमानवीय घटना की सूचना पर पीड़ित बच्ची के परिजनों से मिलने पहुंचे सतीश पॉल मुंजनी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में विगत दिनों एक पांच वर्षीय बच्ची के साथ हुई अमानवीय घटना की सूचना पाकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी के नेतृत्व में एक टीम बुधवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंची तथा परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली। मौके पर सतीश पॉल मुंजनी ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह घटना इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली है। एक मासूम के साथ इस तरह की घटना हर किसी के दिल को झकझोर देती है। कहा कि मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए तथा दोषी कोई भी हो उसे चिन्हित कर कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिया कि उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। मौके पर कांग्रेस पार्टी के मुमताज खान, मुन्ना मुण्डा, सुरेश कुमार, कृष्णा कुमार आदि मौजूद थे। इधर झामुमो के कई नेता भी पीड़ित परिवार से मिले तथा घटना की जानकारी ली।

## रातू भोंडा सरना टोली में कार की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**रातू (आजाद सिपाही)।** रातू के भोंडा सरनाटोली टावर के पास वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना बुधवार की दोपहर 1:30 बजे की बताई जा रही है। युवक की पहचान रातू थाना क्षेत्र के फुटकलटोली अलकमर निवासी सलीम अहमद के पुत्र 35 वर्षीय डॉ आमिर अहमद के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक युवक एक सप्ताह पहले ही भोंडा में अपना एक क्लिनिक खोला था। बुधवार की दोपहर वह अपनी सीबीजेड बाईक जेएच01ए जेड-2674 में सवार होकर दलादिली की ओर से भोंडा अपना क्लिनिक जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे आमिर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर दलादिली की ओर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मामले को लेकर परिजनों ने रातू थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

## सीआइटी के डिप्टी रजिस्ट्रार कुलपति डॉ डीके सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) के डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ ने जेयूटी के नव पदस्थापित कुलपति डॉ डीके सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर एवं पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर संस्थान के परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय शंकर सिंह, उप परीक्षा नियंत्रक डॉ रणवीर कुमार भी मौजूद थे। भेंट वार्ता के दौरान शैक्षणिक मुद्दों पर सकरात्मक बातचीत हुई।

## तोरपा में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय शिवपुराण कथा शुरू



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्या परिवार के तत्वावधान में तोरपा में नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ बुधवार से हो गया। शिव महापुराण कथा का समापन 10 अगस्त को होगा। कथा के पूर्व तोरपा स्थित नगर भवन कथा स्थल से छाता नदी तक विशालं कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर भवन से शुरू होकर मेन रोड कर्रा रोड हो हुए छाता नदी तक गई, जहां गंगा पूजन और अन्य अनुष्ठान के बाद कलशों में जल भरा गया। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और अनस भक्त भोलेनाथ और पाव्रती का जयकारा लगाते चल रहे थे। काय्रक्रम स्थल पर प्रख्यात आचार्य दिवाकर पाठक द्वारा शिव महापुराण का वाचन किया जा रहा है। संध्या चार बजे से आचार्य दिवाकर पाठक द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के दौरान अमृतमयी शिव महापुराण कथा के महात्म्य से श्रद्धालुओं को जीवन का मर्म समझाया। उन्होंने श्रीरामचरित मानस में वर्णित शिव की महिमा को बताया और कहा कि जिसके साथ शिव हैं, शक्ति भी उसी के पास होती है। महाकाल का पूजन और ध्यान अकाल मृत्यु के भय से मुक्त करने वाला होता है। उन्होंने शिव पूजन की विधि और पूजन के लिए प्रयोग किए जाने वाले जल, बेलपत्र, धतूरा आदि के बारे में जानकारी दी। श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन शिव शिष्या के सहयोग से किया जा रहा है। जयसवाल समाज की ओर से कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच बुंदिया और पेय पदार्थ आदि का वितरण किया गया।

### मुहर्रम : अनगड़ा में बारिश के बीच निकला मुहर्रम का जुलूस, अस्त्र-शस्त्र चालन का किया प्रदर्शन

# सच और इंसाफ की हिफाजत के लिए इमाम हुसैन की कुर्बानी पूरी दुनिया को राह दिखाती है : डॉ रिझु नायक

**कमेटी की ओर से अतिथियों का पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर किया गया स्वागत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झमाझम बारिश के बीच तुरूप मुहर्रम कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को इमाम हुसैन की याद में गोंदलीपोखर में सादगी के साथ मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। कमेटी के शबनम परवीन एवं रज्जाक अंसारी की अगुवाई में यह जुलूस तुरूप गांव से निकलकर हेसल होते हुए गोंदलीपोखर पहुंचा। जहां जुलूस में शामिल लोगों ने अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। बारिश के कारण अधिकांश लोग अपने करतब नहीं दिखा पाए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ रिझु नायक थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, साकीर अंसारी, छोटेलाल महतो, आजसू नेता विरेन्द्र सिंह भोगता, समाजसेवी सिकंदर अंसारी, अब्दूल इमाम अंसारी, पूर्व मुखिया दिनेश्वर मुण्डा आदि उपस्थित हुए। इससे पहले कमेटी की ओर से अतिथियों का स्वागत पगड़ी पहनाकर तथा तलवार भेंट कर किया गया।

मौके पर डॉ रिझु नायक ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने सच और इंसाफ की हिफाजत के लिए जो कुर्बानी दी है वह पूरी दुनिया को राह दिखाती है।

प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है।

विरेन्द्र सिंह भोगता ने कहा कि इमाम हुसैन की याद में आज संकल्प लेने का दिन है। कहा कि बुराई कितनी भी मजबूती से पैर पसारे लेकिन हमें कभी भी अच्छाई का दामन नहीं छोड़ना चाहिए। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अनगड़ा पुलिस मुस्तैद थी। बाद में अस्त्र-शस्त्र चालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शबनम परवीन, रज्जाक अंसारी, सिकंदर अंसारी, अब्दुल इमाम अंसारी, समशाद अंसारी, धर्मनाथ मुण्डा, कुंवर पहान, खलीफा ग्यासुदीन, मिनहाज, रफीक, फिरोज, इमरोज, समाउल अंसारी, साहील, समसुद्धीन, अरमान, शाहजहां, इम्तियाज, जिब्रइल आदि का योगदान रहा।

# प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**मुख्य अतिथि राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर किया पुरस्कृत**




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में प्रमंडल स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का फाइनल बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में खेला गया। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता का पहला फाइनल अंडर 14 बालक वर्ग में संत इग्नियस उवि गुमला ने बेथनी कान्वेंट मालमंद्रो रांची को ट्राईब्रेकर में 11-10 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया। दूसरा फाइनल अंडर 17 बालिका वर्ग का खेला गया। जिसमें संत पियुष उवि रामपुर गुमला ने कस्तूरबा स्कूल टांगर सिमडेगा को 1-0 से हराकर टाइटल अपने नाम किया। तीसरा और अंतिम फाइनल मैच अंडर 17 बालक वर्ग का संत इग्नासिस उवि गुमला और रमेश सिंह मुण्डा उवि बुंडू रांची के बीच खेला गया, जिसमें संत इग्नासिस उवि ने 1-0 से जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। तीनों विजेता टीम आगामी 7 से 9 अगस्त तक रांची के खेलगांव में होने वाली राज्य स्तरीय 62वीं प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 में दक्षिणी छोटानागपुर का प्रतिनिधित्व करेगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। वहीं वेस्ट खिलाड़ियों को सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बंधु कच्छप, आनंद कुमार एवं जयंत कुमार नें प्रमाण एवं पदक देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में बीपीओ अनगड़ा पंकज तिर्की, मनोज कुमार, मो इम्तियाज, निर्मल बड़ाइक, जफर इमाम, देवचरण कच्दप, प्रदीप महतो, सुशील कच्छप, दयानंद लकड़ा, अनामिका तिर्की, अनिता तिग्गा, शिव महतो, इम्तियाज हुसैन समेत आयोजन समिति के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं प्रखंड साधन सेवी ने मुख्य भूमिका निभाई।

# मॉडल स्कूल में शिक्षक ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर आने से किया मना

**विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर स्कूल आने पर उठक-बैठक कराये जाने का लगाया आरोप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय परिसर में संचालित मॉडल स्कूल के प्रभारी शिक्षक भिंसेन्ट सोरेन ने छात्र-छात्राओं को माथे पर तिलक व हाथ में कलवा पहनकर नहीं आने को कहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा है कि तिलक लगाना ही है तो घर में रहो स्कूल मत आओ। वहीं स्कूल के छात्र-छात्राओं का कहना है कि तिलक लगाकर स्कूल आने पर उन्हें उठक-बैठक करायी जाती है। उन्हें तिलक लगाने के लिए मना किया जाता है। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को सनातन सेना व बजरंग दल के कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने तिलक ना लगाए जाने का विरोध कर शिक्षक को कहा कि हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। शिक्षकों को कहा कि बच्चों को तिलक व कलवा पहनने से रोका नहीं जाए। साथ ही स्कूल प्रबंधन से दोबारा इस प्रकार की घटना ना हो, इसे लेकर आश्वासन मांगा। वहीं शिक्षक ने माफी मांगी और आगे से इस तरह की घटना नहीं दोहराने और विद्यार्थियों की पढ़ाई में किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ने की बात कही। वहीं छात्र-छात्राओं ने कहा है कि भौतिकी, रसायन व संस्कृत विषय की पढ़ाई नहीं होती है। विद्यार्थियों ने इन तीनों विषयों की पढ़ाई कराये जाने की मांग की है।

### बैठक : जिला केसरवानी वैश्य महिला सभा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रूपा केशरी ने कहा

# केसरवानी महिला सभा समाज को संगठित करने में अपनी अहम भूमिका निभायें

**समाज के पदाधिकारी केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज तक पहुंचायें**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** जिला केसरवानी वैश्य महिला सभा की बैठक बुधवार को नगड़ी स्थित रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के महामंत्री चेतना केशरी के आवास में जिला अध्यक्ष रेखा केसरी की अध्यक्षता की गयी। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश केसरवानी वैश्य महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रूपा केसरी उपस्थित हुईं। मौके पर महिला सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रूपा केसरी ने कहा कि शिक्षा और आपसी एकता से ही केसरवानी समाज का विकास हो सकता है। केसरवानी महिला सभा समाज को संगठित करने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से कहा कि आप केन्द्र और राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को समाज तक पहुंचाएं। केसरवानी समाज में फैली कुप्रथा को खत्म करने में अपनी भूमिका निभाएं।

बैठक में समाज के विभिन्न समस्याओं तथा पर्व-त्योहारों एवं विभिन्न आयोजन में महिलाओं के सामूहिक रूप से योगदान को लेकर चर्चा हुई। मौके पर रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के जिला अध्यक्ष कार्तिक केसरी, केसरवानी वैश्य सभा के वरीय पदाधिकारी एवं संरक्षक मंडली के सदस्यों एवं नगड़ी केसरवानी वैश्य सभा के पदाधिकारी और जिला महिला सभा ने संयुक्त रूप से प्रदेश अध्यक्ष रूपा केसरी को बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर केसरवानी समाज के वरीय संरक्षक तपेश्वर केसरी, दौलत राम केसरी, सीताराम केसरी, रामजीवन केसरी, दीपक केसरी, राज कुमार केसरी, चेतना केसरी, नेहा केसरी, सीमा केसरी, किरण केसरी, शांति चौधरी, गायत्री देवी, पिंकी केसरी, सोनल केसरी, सोनी केसरी, संगीता चौधरी, रेखा केसरी, मोहनी देवी, रूबी देवी, आरती चौधरी सहित दर्जनों केसरवानी महिला सदस्य शामिल थीं।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## नामकुम समाजसेवी ने धुआंरहित लकड़ी चूल्हों का किया वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति एसी मोर्चा ग्रामीण जिला मंत्री सह नामकुम समाजसेवी अशोक नायक ने बुधवार को कांके प्रखंड के मालसिरिंग, सांगा, मनाहा एवं सिरांगो पंचायत में 300 धुआंरहित (कोर कार्बन चूल्हा) का निशुल्क वितरण किया। इस मौके पर अशोक ने कहा कि कोर कार्बन चूल्हा से महिलाएं लकड़ी का इस्तेमाल कर खाना बना सकेंगी। इस चूल्हा से महिलाओं को पर्यावरण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा में लाभ मिलेगा। अन्य चूल्हे की अपेक्षा 50 प्रतीशत लकड़ी कम लगेगा। चूल्हे से धुंआ नही निकलेगा और जल्दी खाना भी तैयार हो जायेगा। मौके पर मुख्य रुप से मालसिरिंग पंचायत की मुखिया बसंती मिंज, पूनम देवी, धर्मी देवी, संगीता देवी, रंजनी देवी, शांति देवी, जयंती देवी, तुलसी गोप, श्याम गुप्ता, पंकज कुमार, मनोज मुंडा, सूरज प्रकाश यादव, प्रेम प्रकाश मुंडा, मुकुंद कुमार मुंडा, अर्जुन चंद्र यादव, सुरेंद्र मुंडा, कुंजो देवी, पूर्णिमा देवी, पिंकी देवी, पुनम लिंडा, आशा लकड़ा, राधा देवी, मुनी देवी, ममता देवी, हेमंती देवी, रोहिणी देवी, किरण देवी, बिमला देवी, मुनिता देवी, प्रमिला कच्छप, सबिता देवी, मनोज कुमार, मुकेश, गणेश के साथ करीब 300 ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## एडूटेक कंपनी बायजूस में सीआइटी के दो छात्रों का हुआ कैंपस सिलेक्शन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रतिष्ठित एडूटेक कंपनी बायजूस ने बुधवार को कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) के दो विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन किया है। ईसीइ ब्रांच के अंकित झा एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र देवजीत दिगर का चयन बीडीएम के पद पर किया गया है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रो. इंचार्ज डॉ कैलाश पति दत्ता ने बताया कि विद्यार्थियों को सात लाख का सालाना पैकेज मिलेगा। वहीं, इनका जॉब लोकेशन पेन इंडिया में होगा। कंपनी के एचआर प्रमुख के सुधीर ने सफल विद्यार्थियों को जॉइनिंग लेटर दिया। मौके पर प्रो. अंकित सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्य प्रो. अर्शद उष्मानी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक ने की मरासिल्ली बाबा की पूजा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक नीरा यादव ने बुधवार सुबह नामकुम के उनिडीह स्थित मरासिल्ली बाबा के दर्शन किये। इस दौरान उन्होंने भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और आजाद सिपाही से बात करते हुये उन्होंने कहा कि शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ बहुत सुंदर है। यहां की मनमोहक वादियां सबका मन मोह लेती है। उन्होंने शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के सदस्यों से मिलकर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि इससे धर्म का संरक्षण होगा। उन्होंने सरकार द्वारा इसे विकसित करने एवं स्वयं भी अपने स्तर से प्रयास एवं सहयोग करने की बात कही।

## समस्याओं के समाधान को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने की बैठक

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाइक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने एक स्वर से जिला द्वारा जारी सरप्लस शिक्षकों की सूची को त्रुटिपूर्ण बताते हुए जोरदार विरोध करने का निर्णय लिया। मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने कहा कि जब तक हम संगठित हैं कोई भी अधिकारी हमारा शोषण नहीं कर सकता। शिक्षकों के साथ कोई समस्या हो तो आप सभी संघ को सूचित करें, निश्चित रूप से संघ आप सबों की समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेगा। बैठक को वरीय शिक्षक अरविंद कुमार, सज्जाद हैदर, विनोद कुमार, अब्दुल रहमान अंसारी सहित कई शिक्षकों ने संबोधित किया। बैठक में संघ के प्रखंड सचिव संतोष कुमार तिवारी, अरविंद कुमार, मोहन सिंह, कंवर सिंह, जयप्रकाश कुमार, सहदेव कुमार, अब्दुल रहमान अंसारी, अनिरुद्ध प्रसाद श्रीवास्तव, विनोद कुमार, सज्जाद हैदर, रवि किरण, अब्दुल रउफ, धीरज मुंडा, जितमोहन पाल, लक्ष्मण उरांव, राजकुमार सिंह, सतीश कुमार महतो, पंचिंत बेदिया, सुषमा कुमारी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता

**पिपरवार।** आजसू पार्टी के द्वारा केरेडारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम में सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। वर्तमान हेमंत सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ भयझभूख,व्यापक भ्रष्टाचार,बढ़ते अपराध के खिलाफ केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतारें : डीडीसी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** डीडीसी रवि आनंद ने बुधवार को विश्रामपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों से विकास योजनाओं की जानकारी ली और कर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। कहा कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को सत प्रतिशत धरातल पर उतारें। इसके बाद डीडीसी विश्रामपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचे। विद्यालय परिसर में गंदगी और कुव्यवस्था देख वार्डेन पर बिफर गए। वार्डेन संगीता कुमारी को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था में सुधार लाएं। डीडीसी ने विश्रामपुर के बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम को हमेशा विद्यालय की जांच करते रहने को कहा। सात ही छात्राओं से भी बात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इसके बाद डीडीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी गए। जहां सभी विभाग और वार्डों की गहनता से जांच की। चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति को कई निर्देश भी दिया। डीडीसी जिला परिषद के डाक बंगाल मैदान भी गए। वहां जिला परिषद द्वारा बनाए गए दुकानों का जायजा लिया। डाक बंगला परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने पर बल दिया। मौके पर बीडीओ, चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति, बीपीओ मणि पांडेय आदि थे।

## जरूर बनेगी सोहड़ीखास उच्च विद्यालय की सड़क : सुधा



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सदस्या ने प्रखंड के सुदूरवर्ती सोहड़ी स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय खास का दौरा किया। वे बच्चों की संख्या व उन्हें यूनिफॉर्म में देख काफी संतुष्टि व्यक्त की। साथ ही खेद जताया कि जहां सरकार शिक्षा के प्रति इतनी जागरूक है वहीं, बच्चों को आने-जाने के लिए विद्यालय तक एक सड़क नहीं मुहैया करा पा रही है। इसके लिए वे ज़िप की आगामी बैठक में बात रखेंगे और सड़क अवश्य बनेगी। वहीं उनके साथ आए समाजसेवी सह भाजपा नेता आशीष सिन्हा ने कहा कि सरकार पूंजीपतियों की है, जो बड़े-बड़े माफियाओं को खदान से पत्थर और माइंस ढोने के लिए सड़क उपलब्ध करा दे रही है। लेकिन नौनिहालों को विद्यालय तक पहुंचने के लिए पैदल पथ भी नहीं है। वहीं, धवाडीह की मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि बच्चियां अभी काफी पीछे हैं। उनको समाज में काफी आगे आने और निडर होकर एक मुकाम हासिल करने की जरूरत है। पंसस पति पप्पू सिंह ने भी सरकार की आलोचना की। वहीं, समाजसेवी अजय उरांव ने कहा कि उन्होंने इस विद्यालय में अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की इसलिए इसके विकास के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर प्रधानाध्यापक भरदुल कुमार सिंह ने अतिथियों से सड़क की मांग की, ताकि बच्चों को सहूलियत हो। जबकि अतिथियों ने विद्यालय के बच्चों के साथ मध्याह्न भोजन किया और संतुष्टि जाहिर की। साथ ही विद्यालय परिसर में अशोक के पौधे लगाया बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विज्ञान शिक्षक अर्पण कुमार गुप्ता, शिक्षक तरुण गोप, विवेक कुमार त्रिपाठी, उदय कुमार गुप्ता, सुरेंद्र राम संजय कुमार, नंद किशोर सिंह, कौशल किशोर सिंह, संतोष कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के हाथ में देश सुरक्षित : जितेंद्र



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हाईस्कूल के सेवानिवृत्त प्रधान सहायक मणीशंकर सिंह ने बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। नीलांबर पीतांबरपुर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने उन्हें पार्टी का आजीवन सदस्यता ग्रहण कराया। इस अवसर पर मणीशंकर तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही देश सुरक्षित हाथों में है। सरकार सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम कर रही है। यही कारण है कि सरकारी योजनाओं का लाभ हम गरीबों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक सिपाही बनकर तटस्थता के साथ मोदी जी का संदेश जन-जन तक पहुंचाऊंगा। मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने बताया नीलांबर पीतांबरपुर में लगातार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया है। इसी कड़ी में कुंदरी हाई स्कूल के लिपिक पद से सेवानिवृत्त मणीशंकर सिंह भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि मणीशंकर सिंह सामाजिक और निष्ठावान व्यक्ति हैं। इन्हें पार्टी में आने से हम सभी को काफी उत्साह है। मौके पर मंडल महामंत्री राजीव रंजन शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### बेहतर सुविधा के लिए थोड़ी बहुत राशि खर्च करना, कहीं से अन्याय नहीं

# न्यूनतम दर पर संचालित हो रहा है गांधी उद्यान: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कुछ लोगों ने गांधी उद्यान में जाकर हंगामा किया था, जो निंदनीय है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मेरा प्रयास है ति गांधी उद्यान जो सभी के लिए आकर्षक का केंद्र है उसे सुव्यवस्थित रखा जाए। इस लिए जिन लोगों ने लगभग 14 लाख रुपये में गांधी मैदान का टेंडर लिया है। अलग से गेम जोन और कैफेटेरिया का टेंडर लिया है उनका रिकवरी भी हो और लोगों पर बोझ भी ना पड़े। मैदान भी सुरक्षित एवं सुसज्जित रहे। गांधी उद्यान का एंट्री रेट मात्र 10 रुपए रखा गया है, जो कहीं से ज्यादा प्रतीत नहीं होता है। जबकि संवेदक को 20 रुपए तक लेने का अधिकार निगम ने दिया है। जो लाखों रुपए खर्च कर बच्चों के लिए कार या मिकी माउस चलाए जा रहे हैं उसमें बच्चों से मात्र 20 रुपए लिये जा रहे है, जो उचित प्रतीत होता है। प्रथम महापौर ने कहा आज इतना टेंडर राशि के बाद भी संवेदक आम लोगों की सुविधा के लिए नामी एजेंसी का 10/10 गार्ड रखा है जिन्हें 15 हजार रुपये प्रति महीना सैलरी दिया जा रहा है। 3/3 माली रखे गए हैं। 2/2 बिजली मिस्त्री रखे गए हैं जिनकी सैलरी भी गांधी मैदान के टेंडर लेने वाले को देना है। मैं पुनः अपने भाइयों से कहूंगी कि आप सब मिलकर गांधी उद्यान को चलाने में मदद करें। अन्यथा जल्द गांधी उद्यान पूर्व की शक्ल में आ जाएगा। प्रथम महापौर ने बताया कि प्रातः भ्रमण करने वालों से प्रतिदिन महज तीन रुपए और स्केटिंग करने वालों से गार्जियन एवं बच्चों को मिलाकर मात्र तीन रुपए प्रतिदिन मेंटेनेंस के नाम पर मेरे कहने पर संवेदक ले रहा जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

## दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगी डीएवी की खुशी गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नई दिल्ली के डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति प्रधान, आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ जेपी शूर निदेशक पीएस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित मेदिनीनगर एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल की 9वीं की छात्रा खुशी गुप्ता को दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस 2024 की परेड में शामिल होने का अवसर मिला है। इस विद्यालय के छात्र 44वीं झारखंड बटालियन एनसीसी की तरफ से 37वीं झारखंड बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित एनआईटी परिसर जमशेदपुर में 19 जुलाई से 28 जुलाई तक कैंप में भाग लेने गए थे। सभी छात्रों ने पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अपना उत्तम योगदान दिया। विद्यालय की 9वीं की कक्षा छात्रा खुशी गुप्ता जिनका रेजिमेंटल नंबर जेएच22जेडब्ल्यूए311080 एवं रैंक सीडीटी है, ने गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें अगले कैंप के लिए 15 से 24 सितंबर तक बिहार के बरौनी जाना है। इनका चयन आरडीसी के लिए हुआ है। विद्यालय के दूसरे छात्र अंशू राज जिनका रैंक सीडीटी एवं रेजिमेंटल संख्या जेएच22 जेडीए 311060 है ने फायरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। यह सभी छात्र कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निर्देशन में कैंप में भाग लेने के लिए गए थे। बुधवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में सभी छात्रों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने बताया कि एमकेडीएवी के अब तक के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्तर की परेड में शामिल होकर छात्रा खुशी गुप्ता ने एक नया इतिहास रचा है। यह अवसर बहुत ही कम लोगों को प्राप्त होता है। मेदिनीनगर से राष्ट्रीय फलक पर दिल्ली के परेड में शामिल होना खुशी एवं विद्यालय दोनों के लिए गौरव की बात है। मैं खुशी, उनके माता-पिता, एनसीसी में साथ गए शिक्षक डॉ राजेंद्र राणा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। मैं खुशी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

### हुसैनाबाद की 30 ग्रामीण सड़कों का होगा जीर्णोद्धार, विधायक ने दिलायी स्वीकृति

# ग्रामीणों की चिर प्रतीक्षित मांग हुई पूरी: कमलेश सिंह

**पीएमजेएसवाई के तहत होगा जीर्णोद्धार, राज्य सरकार का 90 व केंद्र का 10 फीसद अंशदान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर बुधवार को बताया कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की 30 ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार की स्वीकृति दिलाई है। इससे पहले भी उन्होंने दो दर्जन सड़कों को स्वीकृत कराया है। कुछ का काम पूरा हो गया, तो कुछ में काम चल रहा है। कहा कि बची हुई सड़कों को भी ठीक कराया जायेगा। उन्होंने कहा की इन सड़कों का जीर्णोद्धार पीएमजेएसवाई से होना है। जिन सड़कों का विशेष मररमती कार्य कराया जाना है। उनमें क्षेत्र के कुल 30 सड़क शामिल हैं, जिन्हें 64 करोड़ 44 लाख की लागत से मरम्मति कराया जाना है। बहुत जल्द टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करा कर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इन सभी सड़को में 90 फीसदी राशि राज्य सरकार और 10 फीसदी राशि केंद्र सरकार की ओर से दी जाएगी। जिन सड़कों का जीर्णोद्धार होना है उसमे हरिहरगंज के (एनएच 98) पीडब्ल्यूडी रोड से चपरवार तक पथ, पीडब्ल्यूडी रोड से डेमा तक पथ, खाप कटैया से तेतरिया (लंगुराही) पथ, हुसैनाबाद के जपला-छतरपुर मेन रोडसे अलीनगर तक, कमगारपुर मोड़ से गम्हर बीघा मेन रोड भाया कामगारपुर तक पथ, जपला-छतरपुर मेन रोड से हिरा सिकनी तक पथ, जपला-देवरी मेन रोड से कुशुवा भाया डिग्री कॉलेज तक पथ, हुसैनाबाद तवरा देवी मंदिर से झरहा पिच रोड भाया बड़हियाडीह झरहा गांव, जपला-छतरपुर रोड कचरा पुल से खेक्साही बैराव भाया तिनमुहान तक, हुसैनाबाद जपला-छतरपुर मेन रोड से सरहु झरगाड़ा पथ, जपला- छतरपुर रोड कुर्मिपुर मोड़ से चौवाचट्टान जमुआ पथ, जपला-छतरपुर मेन रोड से बैराव तक, दंगवार रोड से पोखराही तक, जपला-दंगवार रोड से ददरा गांव तक, हैदरनगर-परता रोड से खरगाड़ा तक, हैदरनगर-परता रोड से सोनपुरवा तक, हैदरनगर रोड से बिंदुबिघा चौकड़ी तक, रहमनिया मोड़ से कबराकला तक, बरेवा रोड से जमुवा तक, मोहम्मदगंज मेन रोड से कुकही तक, पिपरा-जपला पीडब्ल्यूडी रोड से बलहा ग्राम भुइयां टोली तक, जपला-मोहम्मदगंज पीडब्ल्यूडी रोड खरडीहा से मोकहरकला तक, मोहम्मदगंज मुख्य पथ के सोनबरसा मोड़ से विरधवर तक, गोराडीह से भाली तक, नौडीहा से काजिनगर तक, हुसैनाबाद के इटबांध से कोदवरिया घाट तक, हरिहरगंज एनएच 98 डुमरीडीह मोड़ होते हुए बटाने बराज तक आदि शामिल है। विधायक ने कहा कि कुछ और सड़कें है, जिनका जल्द ही स्वीकृति दिलाने का प्रयास वह कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने विश्रामपुर के शिक्षक को आभार के साथ भेजा सम्मान पत्र



**विश्रामपुर/पलामू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में शामिल विश्रामपुर के शिक्षक अनिल प्रकाश का सुझाव हिट कर गया। उनका सुझाव प्रधानमंत्री को भी बेहद पसंद आया। वे सुझाव से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने अपना हस्ताक्षर युक्त एक आभार पत्र के साथ सम्मान पत्र शिक्षक अनिल प्रकाश के आवासीय पता पर भेजा है। वहीं, प्रधानमंत्री से मिले सम्मान पत्र से अनिल प्रकाश का पूरा परिवार अविभूत है। अनिल प्रकाश और उनके परिजनों ने प्रधानमंत्री को इसके लिए धन्यवाद पत्र प्रेषित किया है। अनिल प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री से मिला यह सम्मान आगे और भी बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा।

## नियमित बिजली नहीं, तो होगा आंदोलन : कर्नल संजय



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति नियमित नहीं की गयी तो किसानों की लेकर जोरदार आंदोलन किया जाएगी। बिजली नियमित होती तो किसानों को सहूलियत होती, लेकिन स्थिति विपरीत है। किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह ने बताया कि मानसून की विफलता किसानों के दर्द को बढ़ा रही है। देश के अन्नदाता कहे जाने वाले किसान वर्षों से खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। खासकर हुसैनाबाद-हरिहरगंज क्षेत्र के किसान आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि किसान ब्रिगेड की समीक्षा बैठक में हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के स्वयंसेवक किसानों ने अवगत कराया कि फसल की सिंचाई के लिए बिजली पर ही निर्भर है। पर विभाग के असहयोग से किसान त्रस्त हैं। लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण किसान फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। कहा कि नियमित बिजली आपूर्ति व विभागीय कार्यसंस्कृति में सुधार नहीं किया गया तो किसान ब्रिगेड के बैनर तले क्षेत्र के किसानों के साथ व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## पिपरा में बिजली व स्वास्थ्य सुविधा में सुधार नहीं हुआ तो पुन: शुरू होगा आंदोलन: प्रमुख



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था के साथ स्वास्थ्य सुविधा भी दम तोड़ रही है। उक्त बातें पीपरा प्रमुख विक्रांत सिंह उर्फ गुड्डू यादव ने बुधवार को ब्लॉक में स्थित अपने कार्यालय में बैठक की। कहा कि क्षेत्र में एक ओर बिजली की समस्या से ग्रामीण व किसान जूझ रहे हैं, तो दूसरी ओर चिकित्सा की सुविधा नहीं रहने से लोग परेशान हैं। इससे पीपरा के सैकड़ों मरीजों को बाहर के अस्पताल में जाना पड़ रहा है। वर्षो पहले पीपरा प्रखंड के मरीजों के लिए तरवन कला में लाखों रुपये की लागत से बना अस्पातल विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से खंडहर में तब्दील हो गया है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों धरना प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों द्वारा बुधवार से नियमित रूप से बिजली देने के लिए आश्वासन दिया गया था। बावजूद इसके निर्धारित समय से मुकर गए और आगे तारीख बढ़ा दिया गया। अधिकारियों का अगर यही रवैया रहा तो अबकी बार हजारों ग्रामीण किसानों के साथ चक्का जाम करेंगें। मौके पर मुन्ना सिंह, सौरव सिंह, निरंजन कुमार सिंह, बबलू सिंह, बाबू लोहार, लव कुमार सिंह और हरी यादव आदि उपस्थित थे।

## बिजली सेवा दुरुस्त करने को लेकर राजीव रंजन ने विभाग के जीएम को सौंपा मांग पत्र

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज और पिपरा प्रखंड में लचर बिजली व्यस्था को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन के नेतृत्व में एक टीम ने पलामू विद्युत महाप्रबंधक मनमोहन कुमार से मुलाकात की और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसकी जानकारी देते हुए राजीव रंजन ने बताया कि हरिहरगंज और पिपरा प्रखंड में 23 से 24 घंटा पर्याप्त बिजली आपूर्ति, दोनों प्रखंडों में सब स्टेशन को 14 मेगा वाट विद्युत आपूर्ति, हरिहरगंज सब स्टेशन में 10 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाने व जर्जर तार एवं बिजली खंभा अविलंब बदलने आदि की मांग शामिल हैं। बताया कि जीएम ने 2-3 दिनों में पर्याप्त बिजली देने व हरिहरगंज सब स्टेशन में 10 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाने के अलावा 1 से 2 माह के अंदर जर्जर तार एवं पोल को बदलने की बात कही है। इस मौके पर मृत्युंजय सिंह, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विनोद पासवान, दिनेश पासवान, शंभू यादव, गुड्डू मेहता, रंजन पासवान आदि थे।

## सतबरवा जेजेए प्रखंड कमेटी ने विधायक विनोद कुमार सिंह के प्रति जताया आभार



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा महेंद्र ढाबा में बुधवार को झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की सतबरवा प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने की। इस दौरान विधायक विनोद कुमार सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग उठाए जाने पर पत्रकारों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। बतातें चलें कि 31 जुलाई को रांची में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर दो दिवसीय धरना दिया था। जिसमें विधायक अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, मनीष जायसवाल, उमाशंकर अकेला ने समर्थन दिया था। धरना में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि के तौर पर आए पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने इस कानून को सदन में पास कराने का आश्वासन दिया था। बैठक में संगठन से नए साथियों को जोड़ने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर मुकेश गोस्वामी, पप्पू कुमार, विनोद ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## विस्फोट में मारे गये व्यक्ति के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देगा इंडियन पब्लिक स्कूल : इसरार आलम



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द जामा मस्जिद के समीप गैस सिलेंडर हादसे में मृतक के बच्चों को सतगांवा इंडियन पब्लिक स्कूल की ओर से नि:शुल्क शिक्षा दिया जाएगा। इसकी जानकारी स्कूल के प्रबंध निदेशक इसरार आलम ने दी। कहा कि ऐसे पीड़ितों के लिए हमारे स्कूल का दरवाजा हमेशा खुला है।

## स्पोर्ट्स

बीसीसीआइ ब्राडकास्ट राइट के लिए गुगल और अमेजन को टारगेट कर रहा है। बुधवार को राइड्स के लिए टेंडर डॉक्यूमेंट्स भी जारी कर दिया गया है।

### 15 लाख के टेंडर डॉक्यूमेंट जारी, 25 अगस्त तक खरीदे जा सकते हैं डॉक्यूमेंट्स

# बीसीसीआइ की मीडिया राइट्स की रेस में गूगल व अमेजन, 6 हजार करोड़ में पांच साल की डील संभव

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ब्रॉडकास्ट राइट्स के लिए गूगल और अमेजन को टारगेट कर रहा है। बीसीसीआइ ने बुधवार को राइट्स के लिए टेंडर डॉक्यूमेंट जारी कर दिए हैं। भारत में अगले 5 साल तक होने वाले मैचों के राइट्स करीब 6 हजार करोड़ रुपए में बिक सकते हैं। इनमें भारत में होने वाले तीनों फॉर्मेट के 102 इंटरनेशनल मैच और घरेलू मैच शामिल हैं। बीसीसीआइ ने मीडिया राइट्स के टेंडर डॉक्यूमेंट की कीमत 15 लाख रुपए रखी है। डॉक्यूमेंट में टेंडर प्रोसेस, एलिजिबिलिटी डिटेल, राइट्स और बाकी डिटेल्स दी गई हैं। भारतीय कंपनियों को डॉक्यूमेंट खरीदने के लिए टैक्स मिलाकर करीब 17.70 लाख रुपए देने होंगे। वहीं विदेशी कंपनियों को टैक्स के बाद भी करीब 15.16 लाख रुपए ही देने होंगे। ये कीमत नॉन-रिफंडेबल होगी, यानी डॉक्यूमेंट्स खरीदने के बाद अगर कंपनियों ने बोली नहीं लगाई, तब भी उनके पैसे रिफंड नहीं होंगे। डॉक्यूमेंट्स 25 अगस्त तक खरीदे जा सकेंगे। बीसीसीआइ ने बताया कि 'टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदने वाली कंपनियां ही बोली लगाने की हकदार होंगी। इनमें भी कंपनियां अगर बीसीसीआइ की एलिजिबिलिटी पॉलिसी को पार नहीं कर सकीं तो भी वे बोली नहीं लगा सकेंगी।' सूत्रों की मानें तो टेंडर डॉक्यूमेंट रिलीज करने से पहले बीसीसीआइ ने इंटरनेट सर्च इंजन गूगल के मालिक अल्फाबेट इंक और अमेजन डॉट कॉम इंक से ब्रॉडकास्ट राइट्स को लेकर संपर्क किया। इसके बाद बीसीसीआइ ने टेंडर रिलीज किया।

बीसीसीआइ के ब्रॉडकास्ट राइट्स एडवर्टाइजर अर्न्स्ट एंड यंग (इ एंड टी) कंपनी के अधिकारियों ने बताया, 'भारत में 2023 से 2027 तक 102 इंटरनेशनल मैचों के राइट्स 750 मिलियन डॉलर (करीब 6,200 करोड़) में बिक सकते हैं। 5 साल पहले भी राइट्स लगभग इतनी ही कीमत में बिके थे। आइपीएल मैचों के राइट्स खरीदने के लिए कंपनियों ने बहुत ज्यादा इंटरेस्ट दिखाया था। इ एंड टी को उम्मीद है कि इंटरनेशनल राइट्स के लिए भी बहुत सी कंपनियां बोली लगाएंगी।'

### ई-नीलामी की संभावना

इस बार भी ई-नीलामी होने की संभावना है। बीसीसीआइ ने पिछले साल आइपीएल मीडिया राइट्स के लिए भी ई-नीलामी ही कराई थी। जिसमें स्टार इंडिया ने बाजी मारी थी। वहीं, गूगल और अमेजन ने पिछले साल आइपीएल के ब्रॉडकास्ट राइट्स के लिए भी बोली लगाई थी।

**सिंह मेंशन समर्थक की हत्या के बाद से तनाव : मृतक के घर से कारतूस के छह खोखे बरामद**

# साइलेंसर लगे पिस्टल से धनंजय की हत्या की आशंका, युवक हिरासत में

**मृतक की भाभी ने जताई आशंका, पुलिस कर रही ताबड़तोड़ छापामारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/धनसार।** झरिया के सिंह नगर में सिंह मेंशन संमर्थक धनंजय यादव की हत्या संभवतः साइलेंसर लगे पिस्टल से की गई थी। घटना के समय ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग की गयी थी पर आवाज सिर्फ एक राउंड की ही सुनाई दी थी। उक्त दावा मृतक धनंजय की भाभी गुलाबी देवी ने किया है।

वहीं, धनंजय के बड़े भाई बिहारी यादव ने कहा कि हत्यारे चार पहिया और दो बाइक पर सवार होकर आये थे। घटना को अंजाम देने के बाद चार पहिया वाहन केंदुआ की ओर भाग गया, जबकि दोनों बाइक सवार बस्ताकोला की ओर भाग निकले।



मृतक धनंजय यादव के घर पहुंचकर जांच करती झरिया पुलिस।

## पुलिस टीम कर रही ताबड़तोड़ छापामारी

धनंजय यादव हत्या मामले में फिलहाल पुलिस बहुत ज्यादा सफल नहीं हो सकी है। हालांकि पुलिस की जांच पूरी तरह रेस है। ताबड़तोड़ छापामारी भी कर रही है। इसके अलावे घटना में छानबीन की निगरानी जिले के वरीय पुलिस अधिकारी खुद कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस संदेह के आधार पर झरिया के उपर कुल्हि निवासी मो अफजल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पूर्व में अफजल रामबाबू धिक्कार का स्कार्पियों चलाता था। पर बीते 19 जनवरी को रामबाबू और धनंजय समर्थकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद अफजल ने वाहन चलाना छोड़ दिया था। वहीं पुलिस बस्ताकोला नोनिया टोला स्थित रामबाबू के एक-एक रिश्तेदार की तलाश में लगातार छापामारी कर रही है। झरिया पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस धनंजय के मोबाइल को अभी तक बरामद नहीं कर सकी है। मोबाइल बरामदगी का प्रयास जारी बताते चलें कि हत्या के बाद अपराधी धनंजय का मोबाइल भी अपने साथ ले कर चले गए थे।

गौरतलब हो कि धनंजय के घर से पुलिस ने बुधवार को भी छह खोखा और जमीन में धंसी एक गोली का ऊपरी हिस्सा बरामद किया है। धनंजय की हत्या के बाद पूरा परिवार मर्माहत है। धनंजय का अंतिम संस्कार करने के बाद बुधवार की सुबह सभी परिवार एक जगह बैठे हुए थे। तभी धनंजय के बड़े भाई बिहारी यादव की तीन वर्ष की पुत्री दो गोली के खोखा लेकर खेल रही है। जिसे देख बिहारी ने इसकी सूचना झरिया पुलिस को दी। पुलिस तुरंत धनंजय के घर पहुंच गयी और घर में खोजबीन की तो कुल छह खोखा और जमीन में धसी गोली का ऊपरी हिस्सा बरामद किया है। उधर, घटना के संदर्भ मे धनंजय के भाई बिहारी ने बताया कि चारपहिया वाहन के अलावा दो बाइक से हमलावर आए थे।

## पुलिस ने दर्ज किया मामला

मृतक धनंजय की बहन की शिकायत पर झरिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 181/23 धारा 147, 148, 149, 323, 324, 326, 30, 120बी, भादवि 4/5/ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जिसमें रामबाबू धिक्कार, राजा धिक्कार, महेश यादव, सद्दाम अंसारी, कैलाश धिक्कार, रंजीत धिक्कार व बाबा धिक्कार सहित अज्ञात को हत्या का आरोपी बनाया गया है।

# झमाडा के त्रुटिपूर्ण जल विपत्र से झरिया विधायक ने कराया मुख्यमंत्री को अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/धनबाद।** झारखंड विधानसभा अवस्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में बुधवार को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने धनबाद के झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार की ओर से क्षेत्र के जल उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण जल विपत्र, बकाया राशि पर सरचार्ज, मूल राशि पर पांच फीसदी ब्याज आदि विषयों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्राचार कर अवगत कराया। साथ ही कैंप का आयोजन कर जल उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के उद्देश्य से जल विपत्र के बकाया राशि का किस्तों में भुगतान, और ब्याज की राशि माफ करने का आग्रह किया गया। जिस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झमाड़ा को आवश्यक निर्देश देने के लिए विभागीय पदाधिकारी को जरूरी निर्देश देने को कहा है।

# लोयाबाद में विद्युत आपूर्ति ठप 20 हजार की आबादी अंधेरे में

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** लोयाबाद में विगत 24 घंटे से बिजली गुल रहने के कारण यहां की करीब 20 हजार की आबादी परेशान हैं। लोयाबाद दुगार्मंदिर, लोयाबाद पांच नंबर, आठ नंबर पिट खाद और लोयाबाद बीस नंबर कोक प्लांट सहित अन्य श्रमिक कालोनियों और कोलियरी कार्यालय में बिजली नहीं है। कोलियरी अधिकारियों ने बताया कि कहीं फॉल्ट आने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। काफी खोजबीन के बाद फॉल्ट का पता चल गया है।



लोयाबाद 20 नंबर में ओवर हेड की तार में एक पेड़ के सट जाने से दो इंसुलेटर टूट गया है। उधर, बिजली नहीं रहने से अस्पताल में रोगियों को अंधेरे में इलाज किया गय। वहीं, बिजसी नहीं रहने से बरसात की गर्मी में लोगों को परेशानी हो रही है। बांसजोडा आरएस के अभियंता चेतन चौहान, लोयाबाद कोलियरी अभियंता तरुण कुमार, सुर्देव पासवान, तपन पांडा, सुरेश पंडित व डब्ल्यू आदि मरम्मती कार्य में लगे हैं। समाचार लिखे जाने तक बिजली बहाल नहीं पायी थी।

## कार्य जारी है, शीघ्र बहाल होगी विद्युत आपूर्ति

इस बाबत लोयाबाद कोलियरी के अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि बिजली तार में खराबी आ गई थी। बारिश होने की वजह से काम करने में परेशानी हो रही है। काम चल रहा है। शीघ्र बिजली की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बीसीसीएल आवासों पर अवैध कब्जा नहीं रोका गया, तो प्रबंधन से होगी सीधी लड़ाई: प्रदीप सिन्हा



झरिया (आजाद सिपाही)। लोदना प्रबंधन की लापरवाही से बीसीसीएल आवासों पर लगातार हो रहे अवैध कब्जा को रोकने और कब्जेधारियों के खिलाफ एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं किया गया तो जनता श्रमिक संघ और भाजपा समर्थक प्रबंधन के खिलाफ सीधी लड़ाई को बाध्य होगें। उक्त बातें संगठन के उपाध्यक्ष प्रदीप सिन्हा ने कही। वे बुधवार को लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष जनता श्रमिक संघ एवं भाजपा समर्थकों द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। झमाझम बारिश के बीच बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल महिलाओं ने भी प्रबंधन के खिलाफ हल्ला बोला। कहा कि देश में भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। लेकिन लोदना क्षेत्र में जीएम के संरक्षण में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। जीएम अगर नहीं सुधरे तो वह बचनेवाले नहीं है। रिटायरमेंट से पहले वह जेल जाने को तैयार रहे। सिंह मेंशन के करीबी व भाजपा लोदना मंडल के संयोजक छोटू सिंह एवं संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामाधार सिंह के नेतृत्व में आयोजित आंदोलन में पूर्व विधायक प्रतिनिधि अखिलेश सिंह ने सीएमडी से मांग किया कि लोदना से ऐसे भ्रष्ट जीएम को तत्काल हटाएं नहीं तो कंपनी की आवासों को और कोयला लोहा सामग्री को बेचनेवाला भ्रष्ट जीएम के खिलाफ आरपार की लड़ाई होगी। इस दौरान संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जीएम के नाम 14 सूत्री मांगपत्र सौंपा। वहीं, धरना देना वालों में पूर्व विधायक प्रतिनिधि अखिलेश सिंह, रविकांत पासवान, उमेश यादव, अभिषेक पाण्डेय, रामाधार सिंह, पूर्व पार्षद संजय यादव, गोपाल चौधरी, रविशंकर सिंह, आलोक पांडेय, टून्ना सिंह, मोहन पाण्डेय, बालकेश्वर सिंह, अनिल पासवान, पिंकी देवी और बबलू रजक आदि शामिल थे।

## बीओआइ की चिरकुंडा शाखा में लगी आग

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। बीओआइ के चिरकुंडा शाखा में बुधवार तड़के तीन बजे आग लग गई। हालांकि आग के विकराल रूप धारण करने से पहले ही ग्रामीणों ने उसपर काबू पा लिया। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। आग लगने के कारणों और नुकसान का पता नहीं चल सका है। बता चला है कि बैंक में स्थाई शाखा प्रबंधक भी नही है। पद रिक्त होने की बात कहते हुए बैंक में कार्यरत किसी भी कर्मी ने कुछ भी नहीं बताया। उधर, आग लगने के बाद मुख्य द्वार पर ताला लगा कर बैंक बंद होने की सूचना चिपका दी गई है। अगल्लगी की घटना की फोटो खींचने पर भी रोक लगा दिया गया है। बैंक आए ग्राहकों को भी दूसरे शाखा में भेज दिया गया। चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने यह बताया की आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

## पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने को लेकर कार्यक्रम आयोजित



बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में प्रकृति शिक्षण के अंतर्गत पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने को लेकर बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इससे पहले 19 जुलाई को इस कार्यशाला के पहले भाग में एके सहाय संस्थापक अध्यक्ष आइबीपीएस ने बच्चों को विभिन्न पक्षियों के बारे में जानकारी दी। वहीं, बुधवार के कार्यक्रम में रजनीश कुमार ने कहा कि आइबीएफओ संस्थान द्वारा सभी को इन पंछियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इन पंछियों की दुनिया बड़ी ही निराली है। इस अवसर पर बलराम यादव अंजली, हिमांक पाठक को प्रथम, द्वितीय, तृतीय बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास एवं शिक्षको ने वृक्ष लगा कर बच्चों को विभिन्न तरह के वृक्षों व उनसे संबंधित जानकारी दी।

# करपरतारडीह में महिला चौपाल का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** पीरटांड़ ब्लॉक के पालगंज पंचायत अंतर्गत करपरतारडीह में बुधवार को महिला चौपाल कमेटी का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व महिला चौपाल अध्यक्ष शालिनी बैसखियार ने किया। महिला चौपाल अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री शालिनी बैसखियार ने कहा कि महिलाओं के सर्वांगीन विकास के लिये महिला चौपाल का गठन किया गया है। लगातार गिरिडीह शहरी क्षेत्रों में वार्ड से लेकर पंचायत स्तरों तक महिला चौपाल संगठन का विस्तार किया जा रहा है। अधिक से अधिक महिलाओं को चौपाल से जोड़कर उन्हें उनके पारिवारिक, सामाजिक एवं राजनीतिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग, संगठित व आत्मनिर्भर करना ही महिला चौपाल संगठन का एकमात्र लक्ष्य है। कहा कि महिला चौपाल आने वाले समय में स्वास्थ चिकित्सा शिविर एवं योग शिविर लगाकर महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रखने का कार्य करेगी। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के लिए लायी गयी योजनाओं एवं कार्यों की भी जानकारी दी गयी एवं उनके विचारों का भी आदान प्रदान किया गया। महिला चौपाल का मकसद एक मजबूत संगठन विकसित करना है, जो सिर्फ. महिलाओं के द्वारा महिलाओं के लिए है। महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता एवं स्वावलंबन हासिल करवाने के लिए भी कार्यरत रहेगी। बैठक में केंद्रीय कोषाध्यक्ष संगीता देवी, केंद्रीय सह सचिव सोना प्रकाश, कार्यक्रम प्रभारी रूबी गुप्ता, कार्यालय प्रभारी तान्या सिन्हा, कविता देवी भी उपस्थित थीं।



## महिला चौपाल में इन्हें मिली जिम्मेदारी

**कमेटी में अध्यक्ष, ज्योति देवी, उपाध्यक्ष सारो देवी, उपाध्यक्ष सोनी देवी, सचिव यशोदा देवी और कोषाध्यक्ष रेखा देवी को बनाया गया है।**

**भारी बारिश में भी छाता लेकर किया प्रदर्शन-नारेबाजी**

# ओबी डंपिंग कर तालाब भराई के खिलाफ रैयत ग्रामीण महिलाओं ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** कनकनी में तालाब भरने के विरोध में ग्रामीण रैयत महिलाएं छाता लेकर बंदी कराने पहुंची। हालांकि लगातार बारिश की वजह से आउटसोर्सिंग की गाड़ियां पहले से ही खड़ी थी। बंदी और प्रदर्शन पहले से तय था। महिलाएं बारिश में ही छाता लिए आउटसोर्सिंग स्थल में नारेबाजी करती रही। जिसकी अगुवाई सुगिया देवी ने की। महिलाओं का कहना था कि रात के अंधेरे में तालाब को भरा जा रहा है। डीसी सहित राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, और झारखंज के मुख्यमंत्री के अलावा अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्र दिया गया था। तालाब में छठ पूजा हुआ करता था। वर्ष 2000 में सरकारी खर्चे पर छठ घाट का निर्माण भी हुआ था। बीसीसीएल प्रबंधन पर साजिश का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने कहा कि एक रणनीति के तहत तालाब को भरा जा रहा है। एक तरफ सरकार मनरेगा के तहत तालाब या डोभा खुदवा रही है। तो दूसरी ओर यहां पर तालाब भरा जा रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है। महिलाओं ने कहा कि बीसीसीएल के दोषी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज किया जाए। बताया जाता है कि यहां रैयती जमीन पर तालाब है।



यह तालाब काफी बड़ा था। करीब तीन एकड़ 68 डिसमिल में फैले इस तालाब में कभी छठ घाट का निर्माण हुआ था।

आरोप है कि उत्खनन से निकलने वाले ओबीआर को डंपिंग करके तालाब के दायरे को समेट दिया गया है। रैयतों ने कहा कि अब यही तालाब एक एकड़ में सिमट कर रह गया है। महिलाएं तालाब को दोबारा भरे हुए ओबी को साफ करने की मांग कर रही है। रैयतो की जमीन दस्तावेज खतियान 1925 में उस जगह पर चुआ दर्ज है। लेकिन कनकनी कोलियरी प्रबंधन का दावा है कि वहां कभी तालाब ही नहीं था। इस मौके पर सुगिया देवी, तारणी देवी, द्रौपदी देवी, टूसिया महताईन, कौशल्ल्या देवी, अनिता देवी, तारा देवी, रीता देवी थी।

उधर, एक तरफ रैयतो का दावा है कि तालाब की जमीन हमारी है। जबकि दूसरी तरफ बीसीसीएल भी दावा कर रहा है। सवाल उठता है कि क्या तालाब के अस्तित्व को मिटाया जा सकता है। राज्य सरकार के कानूनों की बात करें तो किसी भी तालाब, नदी, नाले, कुंवा, पहाड़ के साथ छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता है। अब प्रबंधन यहां तालाब होने की बात से इंकार कर रहा है। उनका कहना है कि यहां कभी तालाब था ही नहीं।

## कार्य बंद है, लेकिन तालाब कहीं नहीं : पीओ

इस संबंध में कनकनी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अनिल सिंह ने कहा कि जब से ग्रामीण लोग शिकायत किये हैं। तब से तालाब की तरफ ओबी डंपिंग का काम बंद है। रैयतों से तालाब की जमीन का दस्तावेज मांगा जा रहा है। हालांकि वहां तालाब नहीं है।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़।

झारखण्ड सरकार

New Collectorate Building Ground Floor, Block-c, Chhatarmandu, Ramgarh. Pin-825101.
G-Mail = dahoahyram@gmail.com

### आम सूचना

रामगढ़ जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश कि संख्या–02 रा0 (वि0) दिनांक–04.05.2023 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल–125 पंचायतों में से कुल 72 पंचायतों में माह अगस्त 2023में दो दिवसीय पशुचिकित्सा शिविर (प्रथम चरण) का आयोजन किया जाना है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं स्थल में अपने पशुओं की चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, गर्भजाँच, एवं स्वास्थ्य जाँच इत्यादि निशुल्क करावें एवं शिविर का लाभ उठावें।

पंचायतवार विशेष पशु चिकित्सा शिविर के लिए उत्तरदायी पशुचिकित्सकों कि विवरणी
जिला पशुपालन पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नम्बर :–डा0 कमलेष कुमार पिंगले, 8809915824

| क्र0 सं0 | ब्लॉक का नाम | पशुचिकित्सक का नाम, पदनाम और मोबाईल नम्बर | पंचायत का नाम और संस्थानवार क्रम संख्या | | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Patratu | Dr. Pankaj Kumar TVO Bhurkunda 9835162995 | 1 | बुध बाजार दोतल्ला | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 2 | | | 2 | बुध बाजार ईमली गाछ | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 3 | | | 3 | बुध बाजार चीफ हाउस | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 4 | | | 4 | चोरधरा | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 5 | | | 5 | देवरीया | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 6 | | | 6 | चिकोर | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 7 | Patratu | Dr. Ashok Kumar - BAHO Patratu - 9431090331 | 1 | तालाटॉंड़ | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 8 | | | 2 | हरिहरपुर | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 9 | | | 3 | बीचा | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 10 | | | 4 | जयनगर | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 11 | | | 5 | बलकुंदरा | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 12 | | | 6 | सौन्दा "डी" | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 13 | Patratu | Dr. Vijay Munda - TVO Ghutwa - 7488765856 | 1 | कण्डेर | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 14 | | | 2 | पीरी (तेलियातु) | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 15 | | | 3 | डुडगी | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 16 | | | 4 | बारीडीह | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 17 | | | 5 | सांकी | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 18 | | | 6 | पाली | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 19 | Patratu | Dr. Abhinav Jha - TVO Patratu - 7979848469 | 1 | कुरसे | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 20 | | | 2 | सौन्दा बस्ती | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 21 | | | 3 | शाह कॉलोनी | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 22 | | | 4 | कटिया बस्ती | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 23 | | | 5 | कोटो | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 24 | | | 6 | पतरातु | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 25 | MANDU | TVO West Bokaro | 1 | केदला दक्षिणी | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 26 | | | 2 | केदला उत्तरी | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 27 | | | 3 | लईयो उत्तरी | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 28 | | | 4 | लईयो दक्षिणी | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 29 | | | 5 | बारुघुटू उत्तरी | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 30 | | | 6 | बारुघुटू दक्षिणी | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 31 | MANDU | Dr. Manoj Kumar Jha – TVO Mandu 9835132049 8709572714 | 1 | मांडुचट्टी | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 32 | | | 2 | पुण्डी | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 33 | | | 3 | मांडुडीह | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 34 | | | 4 | हेसागढ़ा | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 35 | | | 5 | तापीन | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 36 | | | 6 | पिण्डरा | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 37 | MANDU | Dr. Uday Bhushan Mehta - TVO Kuju - 9835197038 | 1 | कुजु दक्षिणी | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 38 | | | 2 | कुजु पूरवी | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 39 | | | 3 | कुजु पष्चिमी | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 40 | | | 4 | तोपा | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 41 | | | 5 | ओरला | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 42 | | | 6 | बुमरी | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 43 | MANDU | Dr. Uday Kumar - TVO Bargaon - 8210937243 | 1 | डुण्डी | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 44 | | | 2 | करमा उत्तरी | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 45 | | | 3 | करमा दक्षिणी | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 46 | | | 4 | सोनडीहा | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 47 | | | 5 | बड़गाँव | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 48 | | | 6 | नावाडीह | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 49 | MANDU | BAHO Mandu - | 1 | रतवे | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 50 | | | 2 | करमा दक्षिणी | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 51 | | | 3 | आरा उत्तरी | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 52 | | | 4 | बसंतपुर | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 53 | | | 5 | इचाकडीह | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 54 | | | 6 | किमो | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 55 | Ramgarh | Dr. Leena Kumari – TVO Ramgarh 8340145318 | 1 | दोहाकातु | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 56 | | | 2 | बारलौंग | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 57 | | | 3 | कुन्दरु कला | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 58 | | | 4 | जमीरा | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 59 | | | 5 | उसरा | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 60 | | | 6 | सोसो | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 61 | Dulmi | BAHO Ramgarh - | 1 | ईचातु | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 62 | | | 2 | दुल्मी | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 63 | | | 3 | सिरु | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 64 | | | 4 | कुल्ही | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 65 | | | 5 | सिकनी | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 66 | | | 6 | होन्हे | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |
| 67 | Gola | Dr. Rajesh Kumar-TVO Gola-8340252479 | 1 | मगनपुर | पंचायत भवन | 07.08.2023 And 08.08.2023 | |
| 68 | | | 2 | साड़म | पंचायत भवन | 10.08.2023 And 11.08.2023 | |
| 69 | | | 3 | गोला | पंचायत भवन | 16.08.2023 And 17.08.2023 | |
| 70 | | | 4 | हुप्पु | पंचायत भवन | 21.08.2023 And 22.08.2023 | |
| 71 | | | 5 | बेतुलकला | पंचायत भवन | 23.08.2023 And 24.08.2023 | |
| 72 | | | 6 | कोराम्बे | पंचायत भवन | 28.08.2023 And 29.08.2023 | |

नोट :– विशेष परिस्थिति में शिविर का स्थल एवं तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। ह0/–

PR 303853 Animal Husbandry(23-24)D

जिला पशुपालन पदाधिकारी, रामगढ़।

## न्यूज रील्स

### बीआरएस आइएनडीआइए या एनडीए के साथ नहीं

कोल्हापुर। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विपक्ष एकजुट हो चुका है। वहीं भाजपा भी पार्टी को मजबूत करने की तैयारी में है। इसी बीच बुधवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) चीफ और तेलंगाना सीएम के. चंद्रशेखर राव ने कोल्हापुर में कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए या एनडीए के साथ नहीं है। राव बोले ऐसा नहीं है कि हम अकेले हैं, हमारे भी कई दोस्त हैं।

### आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने अपने स्टुडियो में फांसी लगायी

मुंबई। जाने-माने आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने बुधवार सुबह खुदकुशी कर ली। उनके मैनेजर ने बताया कि उन्होंने मुंबई के नजदीक कर्जत में अपने एनडी स्टूडियो में सुबह करीब 3.30 बजे फांसी लगायी। उनकी उम्र 58 साल थी। वह अपना ज्यादातर वक्त इसी स्टूडियो में बिताते थे। माना जा रहा है कि आर्थिक तंगी और स्वास्थ्य की वजह से देसाई ने आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बालासोर हादसे के 61 दिन बाद भी 29 शव लावारिस

भुवनेश्वर। ओडिशा के बालासोर में 2 जून की शाम को ट्रेन हादसा हुआ था। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस हादसे में 295 लोगों की मौत हुई थी। घटना के 2 महीने बाद भी 29 शवों की पहचान नहीं हो सकी है। एम्स की तरफ से बताया गया कि इंस्टीट्यूट के पास 162 शव लाये गये थे, जिसमें से 133 शवों की पहचान कर उनके परिजनों को सौंप दिया। भुवनेश्वर एम्स के कैंपस में खड़े कंटेनर, जिनमें डेड बॉडी रखी गयी हैं।

### राजेंद्र गुढ़ा ने लाल डायरी के तीन पेज रिलीज किये

जयपुर। बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने राजस्थान में सियासी भूचाल लाने वाली लाल डायरी के कथित तौर पर तीन पन्ने सार्वजनिक कर दिये। गुढ़ा ने दावा किया है कि सीएम के करीबी और राजस्थान पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने इन पन्नों में सीएम के बेटे और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भवानी सामोता सहित अन्य लोगों से लेन-देन का जिक्र किया है।

### 6 अगस्त को प्रदर्शन करेगी टीएमसी

कोलकाता। केंद्र सरकार के खिलाफ 6 अगस्त को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रदर्शन करेगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि केंद्र बंगाल को फंड नहीं दे रहा है। इसी वजह से उनकी पार्टी केंद्र के खिलाफ प्रोटेस्ट करेगी।

# कीट में कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल ने किया

आजाद सिपाही संवाददाता




भुवनेश्वर। कीट में एक विशाल कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन (सीपीआर) प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलवार को ओडिशा के राज्यपाल गणेश लाल ने किया है। कीट के सहयोग से श्री जगन्नाथ सेवा फाउंडेशन और श्री सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य आयकर आयुक्त कृष्ण किशोर जस्टि, सत्य साईं ट्रस्ट के ट्रस्टी अक्षय मणि, प्रख्यात पुनर्जीवन विशेषज्ञ और ओडिशा सरकार के सीपीआर सलाहकार दा वेमुरी एस मूर्ति, कीट और कीस के संस्थापक अच्युत सामंत प्रमुख वक्ता के रूप में भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किये कि, क्योंकि वर्तमान समय में हृदय रोगियों की संख्या बढ़ रही है, एसे वक्त मैं कैसे आम नागरिक तुरंत उनकी मदद कर सकते हैं। आज कुल 1500 लोगों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया गया है, जबकि कीट और कीस के विद्यार्थियों एवं स्टाफ को 18 माह में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। यह प्रशिक्षण कीस में पढ़ने वाले छात्रों के लिए विशेष रूप से सहायक होगा और ओडिशा के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों की स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करेगा। इस मौके पर राज्यपाल प्रोफेसर लाल ने कहा कि, प्रकृति के पास हर तरह की बीमारी का इलाज मौजूद है। लेकिन अब हम प्रकृति की रक्षा करने के बजाय उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि सतर्कता बरतनी चाहिए। श्री सामंत ने कहा कि, आजकल जीवनशैली में बदलाव के कारण हम हार्ट अटैक जैसी बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। इससे बचने के लिए हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव करना होगा। सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम सत्यसाई सेवा संगठन की एक अच्छी पहल है। यह प्रशिक्षण कई लोगों को दिल के दौरे के दौरान मरने से बचाने में मदद कर सकता है। श्री सामंत ने कहा कि, कीट और कीस के सभी छात्रों और कर्मचारियों को सीपीआर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कीस छात्र अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को सीपीआर प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने राय व्यक्त की कि इससे आदिवासी समुदाय को लाभ हो सकता है। दुनिया भर में हृदय रोग से लाखों लोग मरते हैं। विशेष रूप से हृदय संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज करने से अचानक कार्डियक अरेस्ट या कार्डियक अरेस्ट हो सकता है, जिसे हम आम तौर पर दिल का दौरा कहते हैं। विशेष रूप से भारतीयों में उच्च रक्तचाप और चीनी से भरपूर अस्वास्थ्यकर आहार, व्यायाम की कमी, तंबाकू का उपयोग, तनाव और आनुवंशिकी के कारण हृदय रोग का खतरा होता है। कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित 90% लोग तत्काल आपातकालीन देखभाल की कमी के कारण अस्पताल पहुंचने से पहले ही मर जाते हैं, जिसका अर्थ है कि आसपास खड़े लोग कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) प्रदान करने में असमर्थ हैं। कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) तकनीक का उपयोग रक्त परिसंचरण और छाती पर दबाव के माध्यम से कार्डियक अरेस्ट के दौरान हृदय को पुनः आरंभ करने के लिए किया जाता है। यह दिल की धड़कन सामान्य होने तक शरीर के विभिन्न प्रमुख हिस्सों में रक्त परिसंचरण में मदद करता है। कार्डियक अरेस्ट के पहले 4 से 5 मिनट के दौरान जान बचाने में सीपीआर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी) के उपयोग से सीपीआर से दिल के दौरे के पीड़ित को बचाने की संभावना बढ़ जाती है। अतिथियों ने कहा कि 10 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति थोड़े से प्रशिक्षण के साथ आईईडी और सीपीआर तकनीकों के उपयोग से संबंधित ज्ञान प्रदान करके कई मूल्यवान जीवन बचाने में योगदान दे सकता है।



भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास से मुलाकात कर बधाई दी और उन्हें बुके देकर स्वागत किया।

## एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब में विशेष बच्चों के लिए एनीमिया और सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

भुवनेश्वर। स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने मंगलवार को दृष्टिबाधित विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए आयोजन किया है। इस अवसर ,पर डॉ सुकुमार रेड्डी ने बच्चों में एनीमिया-हीमोग्लोबिन परीक्षण और सामान्य बीमारियों यानी सामान्य सर्दी, बुखार, खांसी और कमजोरी का निदान किया। उन्होंने बीमारियों के बारे में चिकित्सीय सलाह दी और दवाएं लिखीं। सीएसआर पहल के तहत मल्टी विटामिन, आयरन सिरप, दर्द निवारक और एंटी-फंगल जैसी दवाएं मुफ्त वितरित की गयी। पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने बच्चों को अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, बच्चों को विशेष रूप से मानसून के दौरान मौसमी बदलावों को देखते हुए अपना अच्छा ख्याल रखना चाहिए, जो स्कूल में नियमित पढ़ाई के लिए आवश्यक है। स्वयंसिद्धा लेडीज क्यूब के सदस्यों ने स्कूल के दृष्टिबाधित बच्चों के साथ बातचीत की और कुछ गुणवत्तापूर्ण समय बिताया, कार्यक्रम का समापन सीएसआर पहल के तहत खाद्य पदार्थों के वितरण के साथ किया गया। लेडीज क्लब की इस पहल की विद्यालय की प्रधानाचार्या सरिता तलाल एवं विद्यालय के लाभार्थी ने सराहना की। इस अवसर पर लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष लक्ष्मी मूर्ति, महासचिव, एम. एस राम्या, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा माझी, मनसा वर्मा, संयुक्त महासचिव, दीपा और सांस्कृतिक सचिव, परमेश्वरी भी उपस्थित थे।

# जेएसपी फाउंडेशन ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए झांकी को हरी झंडी दिखायी

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर अंगुल। जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा, जे.एस.पी फाउंडेशन ने एक झांकी को हरी झंडी दिखाकर आस पास इलाके में फाइलेरिया को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एल्बेंडाजोल (एबीजेड) और इवरमेक्टिन के साथ संयुक्त रूप से डाइथाइलकाबार्माज़िन (डीईसी) के सेवन के महत्व के बारे में ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाना है। जे.एस.पी फाउंडेशन के समूह प्रमुख श्री प्रशांत कुमार होता की उपस्थिति में अंगुल यूनिट के प्रभारी कार्यकारी निदेशक श्री हृदयेश्वर झा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिला स्वास्थ्य समिति (जेडएसएस) के एक जिम्मेदार सामाजिक भागीदार के रूप में, जेएसपी फाउंडेशन ने फाइलेरिया मुक्त क्षेत्र के लिए प्रयास करते हुए, आसपास के गांवों में इस पहल को लागू करने के लिए जेडएसएस के साथ हाथ मिलाया। जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने के लिए, जे. एस. पी. फाउंडेशन विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने जा रहा है जैसे कि होर्डिंग लगाना, पर्चे, पोस्टर का वितरण और बहुत कुछ आयोजित करने जा रहा है। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य समुदाय को जन औषधि प्रशासन अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को 10 अगस्त से 19 अगस्त, 2023 तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा वितरित की जाने वाली मुफ्त निवारक दवा का सेवन करने के लिए शिक्षित और प्रेरित करना है। इस व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए, जे.एस.पी फाउंडेशन रोग मुक्त भविष्य को बढ़ावा देते हुए एक स्वस्थ और खुशहाल समुदाय का निर्माण करना चाहता है।

# एसआरसी ने 17 जिलों को अलर्ट पर रहने का आदेश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। विशेष राहत आयुक्त ने राज्य में भारी बारिश की समीक्षा की है। 17 जिलों के जिला कलेक्टर से स्थिति पर चर्चा की। अंगुल, बालेश्वर, बरगड, बौद्ध, भद्रक, बलांगीर, ढेंकानाल, गजपति, झारसुगुड़ा, जाजपुर, कंधमाल, क्योंझर, कलाहांडी, मयूरभंज, नुआपड़ा, संबलपुर और सोनपुर जिलों को अलर्ट किया गया है। बारिश को लेकर एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी गयी है। कहा गया की जिस स्थान पर जलभराव का खतरा हो। अग्रिम कार्रवाई की सिफारिश कीया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को निकालने और उन्हें भोजन और पीने का पानी उपलब्ध कराने की सलाह दी गयी है। सभी जिला स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सर्पदंश के इंजेक्शन रखने के लिए कहा गया है। स्थानीय प्रशासन बारिश के पानी को निकालने और गिरे हुए पेड़ों को हटाने के लिए कदम उठाएगा। जिला कलेक्टर भारी बारिश की स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर स्कूलों और आंगनवाड़ियों को बंद करने पर निर्णय लेंगे। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मियों को बौध, मयूरभंज, सोनपुर, अंगुल, बलांगीर, कंधमाल, संबलपुर, जाजपुर और भद्रक में तैनात करने के लिए कहा गया है।

## वेदांता एल्युमीनियम ने मियावाकी वृक्षारोपण शुरू किया

# प्रकृति संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस (28 जुलाई) को मनाते हुए, भारत में सबसे बड़े एल्यूमीनियम उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम ने अपनी जामखानी कोयला खदानों के आसपास पहली बार अद्वितीय मियावाकी पद्धति के आधार पर व्यापक वनीकरण प्रयास शुरू किए। सुंदरगढ़ जिला, ओडिशा। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस (29 जुलाई) पर इस शानदार बिल्ली के संरक्षण की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर समुदाय के सदस्यों के बीच व्यापक जागरूकता प्रयासों के बाद, वेदांता एल्युमीनियम जागरूकता बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण के आसपास कार्यों को तेज करने के लिए व्यापक प्रयास कर रहा है। प्रसिद्ध जापानी वनस्पतिशास्त्री अकीरा मियावाकी द्वारा प्रवर्तित, वृक्षारोपण की मियावाकी पद्धति बहुत ही कम समय में देशी प्रजातियों का उपयोग करके घने, बहुस्तरीय वृक्षारोपण करने का एक प्रभावी तरीका है। अपनी जामखानी कोयला खदानों की परिधि पर एक एकड़ भूमि पर पहल शुरू करते हुए, कंपनी का इरादा केवल दो वर्षों के भीतर 61 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कवर करने के लिए इसे तेजी से बढ़ाने का है। परिणामी वृक्षारोपण अनुमानित 12,50,000 पौधों के साथ प्रकृति में आत्मनिर्भर होगा, जिसमें कई फल देने वाली प्रजातियां भी शामिल हैं। इसके अलावा, हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में वेदांत एल्युमीनियम की इकाइयों के कर्मचारी स्वयंसेवकों ने अपने परिचालन स्थानों के आसपास के कई स्कूलों में आकर्षक जागरूकता सत्र आयोजित किए। उन्होंने युवा दिमागों को बाघों के संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**